राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 17
लखनऊ, सोमवार 02 सितंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



हमारी सत्ता तो राष्ट्र कल्याण, लोक कल्याण का साधन है : सीएम योगी 03

भारत की यूपीआई ने दुनिया में मचाई धूम : अनुराग ठाकुर 12

## वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़े, विमान ईंधन सस्ता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने रविवार को वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए, जबकि विमान ईंधन की कीमतों में कटौती की गई है।

देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार से 19 किलोग्राम वाला एलपीजी सिलेंडर 39 रुपये महंगा हो गया। अब यह 1,691.50 रुपये का मिलेगा। इससे पहले 1 अगस्त को इसकी कीमत में 6.50 रुपये की मामूली वृद्धि की गई थी। इसी प्रकार कोलकाता में वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 38 रुपये बढ़कर 1,764.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई। मुंबई में 19 किलोग्राम वाला एलपीजी सिलेंडर 39 रुपये और चेन्नई में 38 रुपये महंगा हुआ है। दोनों महानगरों में इनकी कीमत क्रमशः 1,644 रुपये और 1,855 रुपये हो गई है। वहीं, आम लोगों द्वारा घरों में इस्तेमाल होने वाले 14.2 किलोग्राम के रसोई गैस सिलेंडर की कीमत इस साल 9 मार्च से स्थिर है। इनकी कीमत 9 मार्च को 100 रुपये घटाई गई थी। फिलहाल, रसोई गैस सिलेंडर की कीमत दिल्ली में 803 रुपये, कोलकाता में 829 रुपये, मुंबई में 802.50 रुपये और चेन्नई में 818.50 रुपये है।

## त्वरित न्याय के लिए अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने की जरूरत

▸ राष्ट्रपति ने न्यायपालिका सम्मेलन के समापन समारोह में लिया भाग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे गरीब लोगों को अकल्पनीय कष्ट होता है। इस स्थिति को बदलने के हर संभव उपाय किए जाने चाहिए।

राष्ट्रपति मुर्मू ने नई दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय



जिला न्यायपालिका सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि गांव का गरीब आदमी न्याय प्रक्रिया में भाग लेने से डरता है और चुपचाप अन्याय सहता रहता है। उसे लगता है कि कोर्ट कचहरी में जाने से उसका जीवन और अधिक कष्टमय में हो जाएगा। उन्होंने कहा कि न्यायालय के समक्ष निलंबित मामले हम सबके सामने सबसे बड़ी चुनौती हैं। इस समस्या को प्राथमिकता देकर सभी हितधारकों को समाधान निकालना है।

राष्ट्रपति ने इस दौरान न्याय प्रक्रिया में अमीरी-गरीबी के अंतर पर ध्यान केंद्रित कराया। उन्होंने कहा कि यह हमारे सामाजिक जीवन का एक दुखद पहलू है कि कुछ मामलों में, साधन-सम्पन्न लोग अपराध करने के बाद भी निर्भीक और स्वच्छंद घूमते रहते हैं। जो लोग उनके अपराधों से पीड़ित होते हैं, वे डरे-सहमे रहते हैं, मानो उन्हीं बेचारों ने कोई अपराध कर दिया हो। उन्होंने कहा कि अदालती परिस्थितियों में आम लोगों का तनाव स्तर बढ़ जाता है, जिसे उन्होंने ब्लैक कोर्ट सिंड्रोम नाम दिया और सुझाव दिया कि इसका अध्ययन किया जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने कारावास काट रही महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया।

### राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट के लिए नए झंडे-प्रतीक चिह्न का किया अनावरण

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट के लिए नए झंडे और प्रतीक चिह्न का भी अनावरण किया। सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर राष्ट्रपति ने कहा कि अदालतों में मामले लंबित होना हम सभी के लिए एक बड़ी चुनौती है और इसके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि देश के सभी न्यायाधीशों की जिम्मेदारी है कि



वे न्याय की रक्षा करें। उन्होंने अदालती माहौल में आम लोगों का तनाव का स्तर बढ़ जाता है, जिसे उन्होंने ब्लैक कोर्ट सिंड्रोम नाम दिया। उन्होंने इस विषय पर अध्ययन का भी सुझाव दिया। उन्होंने महिला न्यायिक अधिकारियों की संख्या में बढ़ोतरी पर भी प्रसन्नता जताई। कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी शामिल हुए। राष्ट्रपति मुर्मू ने भारत मंडपम में हुए कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट का ध्वज और प्रतीक चिह्न भी जारी किया।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तरी पूर्वी क्षेत्र में सितम्बर माह में सामान्य से कम होगी बारिश

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में अगस्त माह मानसूनी बारिश के लिहाज से बेहतर रहा और धान की फसल को लेकर किसानों में भी निराशा नहीं रही। अब सितम्बर माह के मौसम को लेकर किसान उत्सुक है। मौसम विभाग के मुताबिक इस माह उत्तर प्रदेश के उत्तरी पूर्वी क्षेत्र में सामान्य से कम बारिश होने के आसार हैं। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने रविवार को बताया कि समुद्री गतिविधियों से आगामी माह के मौसम का डाटा वेधशाला में आ रहा है उसके मुताबिक उत्तरी बिहार और उत्तर–पूर्वी उत्तर प्रदेश में सामान्य से कम बारिश की उम्मीद है।

### हेना चक्रबर्ती राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान-2024 से होंगी सम्मानित

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ द्वारा आगामी 5 सितंबर को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भारत की वरिष्ठ आर्टिस्ट गांधीयन हेना चक्रबर्ती को 40 वें डॉ.एस राधाकृष्णन स्मृति राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान–2024 से सम्मानित किया जाएगा। संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय के अनुसार, हेना चक्रबर्ती वर्तमान में कस्तूरबा गांधी संग्रहालय, गांधी आश्रम किंग्सवे कैंप की क्यूरेटर हैं। इससे पूर्व वह लगभग 38 वर्षों तक गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति राजघाट की क्यूरेटर रह चुकी हैं। उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति श्री वी.वी गिरी द्वारा प्रेसिडेंट प्रशस्ति पत्र मिल चुका है। हेना चक्रबर्ती अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त आर्टिस्ट हैं ओर उनकी अनेकों कला प्रदर्शनियां प्रदर्शित हो चुकी हैं।

### सहेली से 50 लाख उधार लिए फिर करा दी हत्या, गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना नसीरपुर पुलिस ने रविवार को 5 दिन पूर्व हुई सरकारी शिक्षिका की हत्या के एक आरोपित को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है। शिक्षिका की हत्या उसकी ही सहेली ने 50 लाख की उधारी चुकाने से बचने के लिए भाड़े के हत्यारों से कराई थी। थाना नसीरपुर क्षेत्र के गांव पुनच्छा में 26 अगस्त को एक महिला का शव मिला था। मृतका के पुत्र चिराग यादव ने अगले दिन शव की पहचान अपनी मां कमलेश यादव के रूप में की। कमलेश सरकारी शिक्षिका थी।

## सीएम ने संपूर्णानंद संस्कृत विवि में बारीकी से देखा विकास कार्य

▸ सीएम ने विभिन्न संकायों सहित लाइब्रेरी व छात्रावासों को भी देखा

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को डॉ संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने परिसर में हो रहे विकास कार्य सहित अन्य गतिविधियों को भी बारीकी से देखा। विश्वविद्यालय के पठन-पाठन सहित अन्य गतिविधियों को कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने मुख्यमंत्री को विस्तार से बताया।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों सहित लाइब्रेरी एवं छात्रावासों को भी देखा। लाइब्रेरी में पुरातन काल की संग्रहित पौराणिक पांडुलिपियों का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। एक दिवसीय दौरे पर शहर में आए मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय परिसर में देख विद्यार्थी भी खुश दिखे। मुख्यमंत्री



को बताया गया कि भारतीय ज्ञान परम्परा के अति प्राचीन केंद्र सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक मुख्य भवन में वैदिक वांग्मय के क्रमिक विकास पर 3-डी म्यूजियम का निर्माण किया जाएगा। जिसमें 16 संस्कारों, 64 कलाओं, 18 विद्या स्थान को विस्तृत रूप दिया जाएगा। इस दौरान राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, चौकाघाट को पुनः इस संस्था के संकाय के रूप में परिवर्तित करने के प्रस्ताव को स्वीकार किया।

मुख्यमंत्री ने कुलपति के प्रस्ताव पर परिसर स्थित 234 वर्षीय मुख्य भवन के अंदर का अवलोकन कर भारतीय नक्षत्र विद्या, भारतीय खगोल विद्या, भारतीय ऋषियों द्वारा किए गए कार्यो के ऊपर म्यूजियम बनाये जाने तथा शास्त्रार्थ को इसी भवन में कराये जाने का भी निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक सरस्वती भवन में संरक्षित दुर्लभ पांडुलिपियों में रास पंचाध्यायी, भागवतगीता एवं दुर्गासप्तशती (विशेष कपड़े में लिखी गई) जो कि स्वर्ण अक्षरों एवं स्वर्ण कलाओं से युक्त है, देखकर भाव विभोर हुए। उन्होंने भारतीय संस्कृति के धरोहर को संरक्षित करने के अभियान को निरन्तर जारी रखने तथा विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे इस प्रयास की सराहना भी किया। मुख्यमंत्री ने विस्तार भवन में भारत सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के द्वारा पांडुलिपियों के संरक्षण के कार्यों का भी अवलोकन किया। छात्रावासों का भी निरीक्षण करते हुए क्रमशः शोध छात्रावास एवं गंगानाथ झां छात्रावास जाकर देखा, भौतिक रूप से गंगानाथ झां छात्रावास का सूक्ष्मता से निरीक्षण किए । वहां पर साइकिल स्टैंड एवं गाड़ी स्टैंड बनाये जाने का निर्देश देते हुये स्वच्छता, जर्जर तारों को बदलने सहित अन्य जरूरी कार्यो को कराए जाने के लिए निर्देशित किया। कुलपति ने मुख्यमंत्री को परिसर के सभी विभागों के साईन बोर्ड को संस्कृत भाषा में करने सहित सीवर, ड्रेनेज एवं जर्जर सड़कों को व्यवस्थित कराये जाने के बाबत भी जानकारी दी। इसके पहले मुख्यमंत्री के आगमन पर विश्वविद्यालय के वैदिक विद्यार्थियों ने मंत्रोच्चार और स्वस्ति वाचन किया। कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा, कुलसचिव राकेश कुमार ने परिसर के मुख्य भवन के समक्ष मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदान कर अभिनंदन किया।

### शिक्षा सेवा चयन आयोग की अध्यक्ष बनीं प्रो. कीर्ति

**लखनऊ।** गोरखपुर यूनिवर्सिटी की समाजशास्त्र विभाग की प्रो. कीर्ति पांडेय को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बीते वर्ष शासन ने प्रदेश में बेसिक शिक्षा से माध्यमिक व उच्च शिक्षा विभाग में शिक्षकों की भर्ती के लिए इस आयोग का गठन किया था। आयोग के अध्यक्ष व 12 सदस्य पदों के लिए आवेदन मांगे गए थे किंतु 12 सदस्यों की नियुक्ति 14 मार्च को कर दी गई पर सही अभ्यर्थी न मिलने के कारण दोबारा अध्यक्ष पद के लिए आवेदन मांगे गए थे। प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा को 20 मार्च को आयोग का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया था। इस आयोग ने प्रयगागराज में कामकाज शुरू कर दिया था। पिछले दिनों सचिव पद पर भी तैनाती की जा चुकी है। नियमित अध्यक्ष की तैनाती न होने से नियुक्ति प्रक्रिया नहीं शुरू हो रही थी। अब पहले से माध्यमिक व उच्च शिक्षा विभाग में लंबित लगभग 20 हजार पदों पर भर्ती की प्रक्रिया गति पकड़ेगी। प्रदेश में एकीकृत शिक्षक भर्ती के लिए इस आयोग का गठन किया गया है। अभी तक शिक्षक भर्तियां माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड व उच्च शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से अलग-अलग हो रही थीं। अब भर्ती प्रक्रिया आयोग के माध्यम से होंगी।

## संदिग्ध हालातों में लोहिया यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत आईपीएस की बेटी की मौत

समृद्धि न्यूज

▸ पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत की वजह हार्ट प्रॉब्लम, बिसरा सुरक्षित

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में शनिवार रात आईपीएस अफसर की बेटी की मौत हो गई। वह डॉ. राम मनोहर लोहिया लॉ यूनिवर्सिटी में एलएलबी थर्ड ईयर की छात्रा थी। पुलिस ने बताया कि 21 साल की अनिका रस्तोगी यूनिवर्सिटी के गर्ल्स हॉस्टल के अपने कमरे में बेहोशी की हालत में जमीन पर मिली थी। इसके बाद उसे एम्बुलेंस से अपोलो मेडिक्स हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक छात्रा के पिता आईपीएस संतोष रस्तोगी हैं। अभी एनआईए में ईजी रैंक के अधिकारी हैं और चीफ विजिलेंस ऑफिसर के पद पर तैनात हैं। माता-पिता नोएडा में रहते हैं और वे लखनऊ पहुंच चुके हैं।

पुलिस के मुताबिक, अनिका का रूम हॉस्टल के फर्स्ट फ्लोर पर था। वह रूम नंबर 124 में रूम मेट ओइशी के साथ रह रही थी। शनिवार को लाइब्रेरी में ऑनलाइन क्लाइंट काउंसिलिंग क्लास चल रही थी। दिनभर अनिका यहीं रही। यहां से निकलने के बाद सीधे डिनर के लिए मेस में गई। डिनर के बाद रात करीब 9.30 बजे हॉस्टल में अपने रूम में चली गई। रात करीब 10 बजे जब उसकी रूम मेट पहुंची, तो दरवाजा नहीं खुला। इस बीच वार्डन भी मौके पर पहुंच गई। धक्का देकर दरवाजा खोला गया, तो अनिका फर्श पर पड़ी थी। अनिका का शव रविवार को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट का इंतजार है।

हॉस्टल के कमरे को सील कर दिया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि अनिका को मेडिकल प्रॉब्लम थी। 8 साल की उम्र में पहला हार्ट का ऑपरेशन हुआ था। अभी तक तीन बार हार्ट के ऑपरेशन हो चुके थे। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत की वजह हार्ट में प्रॉब्लम बताई जा रही है। बिसरा सुरक्षित रखा गया है। डॉ. राम मनोहर लोहिया लॉ यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता डॉ. शशांक शेखर ने भी कहा कि ऐसा लग रहा है कि अनिका की मौत कार्डियक अरेस्ट से हुई है। अनिका मेधावी छात्रा थी। उसे मैंने भी पढ़ाया था। वह हमेशा फ्रंट-रो की सीट पर बैठती थी।

### शाही मस्जिद ईदगाह को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**मथुरा।** शाही ईदगाह को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने रविवार आंधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ लिया है। पुलिस के सामने भी युवक यह कहता रहा कि वो मस्जिद तोड़ने के लिए आया है। आज नहीं तो कल तोड़ ही देगा। शाही ईदगाह पर तैनात जवानों ने पकड़े गए युवक को गोविंद नगर पुलिस के हवाले कर दिया है। रविवार घटना करीब एक बजे की है, जब शाही ईदगाह के गेट पर सुरक्षा जवान मुस्तैदी के साथ खड़े थे, तभी एक युवक वहां पहुंचा। उसने शाही ईदगाह को बम से उड़ाने की धमकी दी। इसके बाद वो तेजी से कार में बैठ गया और दरवाजे अंदर से बंद कर लिये। इसके बाद उसने खुद पर पेट्रोल डाल लिया।

## मास्टरमाइंड नवाब आरजू उर्फ लालू गिरफ्तार, जाली स्टांप पेपर भी बरामद

समृद्धि न्यूज

▸ एटीएस कर रही थी तलाश, गैंग का एक और शख्स पकड़ा

**लखनऊ ।** नकली नोटों की तरह जाली स्टांप पेपर और टिकट भी धड़ल्ले से बिक रहे हैं। जानकारों के लिए भी इनकी पहचान कर पाना मुश्किल है। इस तरह के जाली स्टांप पेपर और टिकट का कारोबार करने वाले सक्रिय गिरोह के मास्टरमाइंड को एटीएस ने गिरफ्तार किया है।

एटीएस की गिरफ्त में आये मास्टरमाइंड का नाम नवाब आरजू उर्फ लालू बताया जा रहा है। आरोपित नवाब आरजू उर्फ लालू के पास 694000 के जाली स्टांप पेपर भी बरामद हुये हैं। आरोपित नवाब आरजू उर्फलालू के साथ उसकी गैंग का एक और शख्स भी एटीएस के हत्थे चढ़ा है। एटीएस को लंबे समय से नवाब की तलाश थी, कूटरचित स्टांप पेपर और टिकटों के कारोबार में यह काफी समय से सक्रिय बताया जा रहा है। पुलिस ने इस पर 25 हजार का इनाम भी घोषित कर रखा है। भारतीय स्टांप पेपर व टिकट तस्करी गैंग के मास्टरमाइंड नवाब और उसके साथी राजू कुमार यादव को एटीएस ने गोरखपुर से गिरफ्तार किया है। यह दोनों आरोपित बिहार के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ में कमांडर सहित छह नक्सली हुए गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों पर अभियान चलाते हुए नक्सली कमांडर सोमारू माड़वी सहित छह नक्सलियों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने शनिवार को अपने पहले अभियान में नक्सली कमांडर सोमारू माड़वी को गिरफ्तार किया। माडवी पर जन अदालत लगाकर ग्रामीणों को धमकाने का आरोप है। दूसरे अभियान में पुलिस ने भोसागुड़ा के जंगल से मोड़ियम आयतू को गिरफ्तार किया। आयतू के खिलाफ गंभीर आरोप हैं, जिनमें हत्या, अपहरण, आगजनी, पुलिस पार्टी पर हमला और आईईडी विस्फोट शामिल हैं।

## आपकी उपलब्धियों पर देशवासियों को गर्व

▸ पीएम ने पैरालंपिक पदक विजेताओं से फोन पर की बात

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने वाले पैरा खिलाड़ियों से रविवार को फोन पर बात की। प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि आपकी उपलब्धियों पर सभी देशवासियों को गर्व है। केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोशल मीडिया एक्स पर पैरालंपिक खिलाड़ियों से प्रधानमंत्री की बातचीत का वीडियो शेयर किया।

मांडविया ने लिखा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस



पैरालंपिक में भारत का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों से संवाद किया और उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए सरहना की। साथ ही मेडल विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने आगे लिखा कि पिछले 10 वर्षों में पैरालंपिक खेलों को मिला सम्मान और समर्थन, हमारे खिलाड़ियों के हौसले को नई ऊंचाइयों पर ले गया है। इससे भारत में पैरालंपिक खेलो के प्रति एक नई चेतना का संचार हुआ है, जिससे युवाओं को प्रेरणा मिल रही है। खेलों के प्रति उत्साह भी बढ़ा है जिसका परिणाम है कि आज पेरिस पैरालंपिक में भारत का प्रदर्शन सरहनीय है। प्रधानमंत्री मोदी ने कांस्य पदक विजेता प्रीति पाल से बात करते हुए पूछा, आप सब कैसे हैं। प्रीति ने कहा, हम सब बहुत अच्छे हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि पैरालंपिक में मेडल जीतने के लिए आप सभी को बहुत-बहुत बधाई। आपने हिन्दुस्तान के तिरंगे को फहराया है। भारत की शान को बढ़ाया है। देशवासियों को आप सबकी उपलब्धियों पर गर्व है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मैं अवनी को भी बधाई देना चाहता था लेकिन उन्हें किसी और इवेंट में हिस्सा लना था। उनकी सफलता से भी पूरा देश झूम उठा है। प्रीति ने प्रधानमंत्री को बधाई देने के लिए धन्यवाद दिया।

## हाईकोर्ट ने तलब किया दो अस्पतालों के निराश्रित वार्ड की कार्य प्रणाली का ब्योरा

समृद्धि न्यूज

▸ चार सितंबर को होगी अगली सुनवाई

**लखनऊ ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सिविल अस्पताल व बलरामपुर अस्पताल के निराश्रित वार्ड कीकार्य प्रणाली का ब्योरा तलब किया है। मामले में अगली सुनवाई चार सितंबर को होगी।

पीठ ने दोनों अस्पतालों के मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों को दो सप्ताह में हलफनामा दाखिल कर यह बताने को कहा है कि नवंबर 2023 से अब तक कितने मरीज इन निराश्रित वार्डो में भर्ती किए गए और निराश्रितों के इलाज के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा जारी 21 नवंबर 2023 व छह दिसंबर 2023 के शासनादेशों पर किस प्रकार से अमल किया जा रहा है।यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने ज्योति राजपूत की जनहित याचिका पर पारित किया। याची द्वारा न्यायालय को बताया गया कि शासनादेशों का पूर्णतया पालन नहीं किया जा रहा है। याची ने स्वयं एक मानसिक अस्वस्थ महिला को भर्ती कराया था लेकिन बाद में पता चला कि महिला स्वयं ही कहीं चली गई और अस्पताल प्रशासन द्वारा उसे रोका नहीं गया। सरकार की ओर से बताया गया कि महिला के चले जाने के बादहजरतगंज थाने में सूचना दी गई थी व उस महिला को भी लवकुश द्विवेदी नाम के व्यक्ति ने पुनः भर्ती करा दिया था। इसपर न्यायालय ने हजरतगंज थाने से जवाब मांगा है। खंडपीठ ने एक अन्य जनहित याचिका पर लखनऊ स्थित किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय केजीएमयू को भी निराश्रितों के इलाज के संबंध में नयी व्यवस्था बनाने को कहा है।

### केदारनाथ : बाबा के दरबार में 11 लाख से अधिक भक्तों ने लगाई हाजिरी

**केदारनाथ।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम की यात्रा ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है और अभी तक बाबा केदार के दर्शन करने वाले तीर्थ यात्रियों की संख्या 11 लाख पार पहुंच गई है। द्वितीय चरण में दर्शनों के लिए पहुंचने वाले यात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि होने की उम्मीद है। बाबा केदार के दर्शनों के लिए पहुंचने वाले यात्रियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हों, इस उद्देश्य से प्रशासन यात्रा तैयारियों में जुटा हुआ है। विगत 31 जुलाई को आई आपदा के बाद केदारनाथ यात्रा ने एक बार फिर रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है। धाम आने वाले यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। भक्तों के लिए पैदल यात्रा मार्ग भी खुल गया है। भक्त इन दिनों पैदल मार्ग, घोड़े-खच्चर और डंडी-कंडी से यात्रा कर रहे हैं।

आयोजन

### देश के बड़े आश्रमों और मठों के किए जा रहे सेवा कार्यों की लगेगी झांकी

## महाकुंभ में आयोजित होगा विशाल हिन्दू आध्यात्मिक सेवा कुंभ

▸ हिन्दू आध्यात्मिक व नैतिक मूल्यों के जागरण के लिए संपूर्ण प्रांत में संगोष्ठियां होंगी आयोजित

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा फाउंडेशन पूर्वी उत्तर प्रदेश की बैठक रविवार को टैगोर टाउन में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ मेला के दौरान फाउंडेशन की ओर से हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा कुम्भ का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर विशाल हिन्दू आध्यात्मिक सेवा कार्यों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

बैठक में सभी ने एक मत से निर्णय



लिया कि समाज में हिन्दू आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों के जागरण के लिए सम्पूर्ण प्रांत में एक हजार संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। गोष्ठियों में समाज को पर्यावरण संरक्षण देशभक्ति का सम्मान करने, नारी सम्मान, स्वदेशी को अपने जीवन में अपनाने पारिवारिक एवं मानव मूल्यों को बढ़ावा देने तथा श्रेष्ठ नागरिक बनने का संकल्प दिलाया जाएगा।

हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा कुम्भ की तैयारी के बारे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रांत कार्यकारिणी के सदस्य नागेंद्र ने बताया कि हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा फाउंडेशन सम्पूर्ण देश में प्रकृति वंदन वृक्ष पूजन, गंगा वंदन, गो वंदन, आचार्य वंदन, मातृ पितृ वंदन, अतिथि वंदन, कन्या वंदन एवं परमवीर चक्र विजेता वंदन आदि कार्यक्रमों के माध्यम से हिन्दू धर्म एवं आध्यात्मिक की पताका को फहराने का कार्य कर रहा है। इसके लिए देश के सभी बड़े शहरों में हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा मेलों का आयोजन किया जा रहा है।

अब तक चेन्नई, तिरुवंतपुरम, हैदराबाद, मुम्बई, दिल्ली, नागपुर, इंदौर, जयपुर, गाजियाबाद, अहमदाबाद, गौहाटी आदि शहरों में हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा मेलों का आयोजन किया जा चुका है। इसी श्रृंखला में प्रयागराज महाकुम्भ में एक विशाल हिन्दू आध्यात्मिक सेवा कार्यों की प्रदर्शनी तथा आध्यात्मिक मेले का आयोजन किए जाने की योजना बनाई गई है। इसमें देश विदेश के अनेक प्रतिष्ठित संत महात्माओं का जमावड़ा होगा। हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा फाउंडेशन भारतीय नारी के सम्मान को बढ़ाने के लिए मेले में 51 हजार कन्याओं के वंदन का भी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया है। हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा फाउंडेशन पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र संयोजक अमरनाथ ने कहा कि वास्तव में नारी का सम्मान तो पुरुष की आंखों में है। यदि समाज में नारी सम्मान को बढ़ावा देना है तो पुरुषों के मन में स्त्री के मातृत्व एवं शक्तियों के महत्व के बारे में संस्कार डालना पड़ेगा तभी नारी सुरक्षित रहेगी। उन्होंने कहा कि आज हिन्दू समाज में स्त्री पुरुष अनुपात में स्त्री का अनुपात घटा है तो उसका कारण है सामाजिक बुराइयां। इस कारण पुरुष स्त्री को सम्मान की दृष्टि से नहीं देख पाता है।

# फारेंसिक टीम बंद बोरियों का खोलेगी रहस्य

- बोरियों में है सोडा या विस्फोट सामग्री, करेगी खुलासा
- करीब छह लोगों से पुलिस कर रही पूछताछ

**भीरा-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को बंशीनगर चौकी के पास मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने संदिग्ध माल से भरा एक ट्रक पकड़ा था। ट्रक में मौजूद बोरियों पर सोडा एस लाइक मेड इन चाइना लिखा हुआ था। पुलिस ट्रक को कोतवाली में ले आई थी और थारू क्षेत्र में गोदाम व घर में छापेमारी की थी। इस दौरान पुलिस ने चार लोगों को पूछताछ के लिए पकड़ा था। जीएसटी, कस्टम के बाद रविवार को जिले से पहुंची फॉरेंसिक टीम ने माल का नमूना लिया। उम्मीद है कि जल्द ही फॉरेंसिक टीम बोरी में भरे माल का खुलासा करेगी।

बता दें कि भारत नेपाल बार्डर पर देश विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए कस्टम, एसएसबी, एलआईयू, आईबी, रॉ व पुलिस सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां तैनात हैं। लेकिन इसके बावजूद बार्डर के रास्ते तस्करी का कारोबार लंबे अरसे से होता चला आ रहा है। आए दिन एसएसबी और पुलिस तस्करी का माल पकड़ती रहती है



लेकिन फिर भी तस्करों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। शनिवार को पलिया दुधवा रोड पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध माल से भरा एक ट्रक पकड़ा था। माल के साथ पकड़े गए ट्रक को पुलिस ने अपनी कस्टडी में लेते हुए पलिया कोतवाली में ले आई थी। ट्रक को कोतवाली में लाने के बाद सीओ यादवेन्द्र यादव, मनबोध तिवारी ने चंदनचौकी पुलिस व एसएसबी डॉग स्क्वाड टीम के साथ छापेमारी की थी। गोदाम से संदिग्ध तीन बोरी प्लास्टिक की भी मिलने की जानकारी मिली थी जिन पर मेड इन चाइना लिखा होना बताया जा रहा था। पुलिस ने उन्हें भी अपने कब्जे में ले लिया था। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को पकड़ा था जिनसे पलिया कोतवाली में पूछताछ की जा रही थी। बताया जाता है कि रविवार को पुलिस ने दो और लोगों को पकड़ा जिनसे भी पूछताछ की जा रही है। जीएसटी, कस्टम के बाद रविवार को जिले से पहुंची फॉरेंसिक टीम ने माल का नमूना लिया। उम्मीद है कि जल्द ही फॉरेंसिक टीम बोरी में भरे माल का खुलासा करेगी।

जानकारी देते हुए सीओ यादवेन्द्र यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बंशीनगर के पास से संदिग्ध माल से लदा ट्रक पकड़ा गया था। उन्होंने बताया कि जीएसटी, कस्टम व फॉरेंसिक टीम लगी हुई है जल्द ही प्रकरण का खुलासा किया जाएगा। सूत्रों की मानें तो कुछ ऐसे और नाम हैं जिनपर पुलिस काम कर रही है।

## काव्य संग्रह में सहयोग व साहित्य सृजन में महती भूमिका निर्वहन के लिए राम मोहन सम्मानित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



समाजसेवी, साहित्यकार राम मोहन गुप्त को नीलम पब्लिकेशन मुंबई द्वारा प्रकाशित साझा काव्य संग्रह काव्य कुंभ में संभल गए तो और सोशल मीडिया रचनाओं के प्रकाशन, साहित्य साधना पथ पर निर्बाध गति से अग्रसर होने में सहयोग प्रदान करने के लिए प्रशस्ति प्रदान की गई है। साझा काव्य संग्रह काव्य कुंभ के संपादक डा विजय नारायण पाटिल एवं नीलम पब्लिकेशन परिवार द्वारा प्रशस्ति पत्र, प्रकाशित काव्य संकलन की प्रतियां प्रेषित कर राम मोहन गुप्त को सम्मानित किया गया है।

इससे पहले भी राम मोहन गुप्त अमर इसी पब्लिकेशन के कई साझा काव्य संग्रहों सहित अन्य प्रकाशनों के विभिन्न साझा संग्रहों में भी प्रकाशित एवं प्रशंसित हो चुके हैं। राम मोहन गुप्त को प्राप्त उपरोक्त प्रशस्ति सम्मान पर इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की है।

## खबरें एक नजर में

### अच्छा कार्य करने पर होमगार्ड सम्मानित



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** होमगार्ड रमापति वाजपेई को कोतवाली प्रभारी और होमगार्डों ने किया सम्मानित पीसी कमांडर इंद्रमणि सिंह द्वारा महराजगंज थाने में चलाई जा रही योजना के तहत माह की प्रथम तारीख को अच्छी ड्यूटी अच्छी वर्दी और अच्छा कार्य करने वाले होमगार्ड को महराजगंज कोतवाली मे कोतवाल और होमगार्डों द्वारा सम्मानित किया जाता है ।इसी कड़ी में अच्छी ड्यूटी अच्छी वर्दी और अच्छा टर्नओवर के कारण होमगार्ड रमापति वाजपेयी को सम्मानित किया गया ।कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम एवं होमगार्ड ने प्रशस्ति पत्र फूल माला सहित अंग वस्त्र भेंट कर होमगार्ड को सम्मानित किया। इस मौके पर एसीसी बुद्धसेन शर्मा पीसी इंद्रमणि सिंह पीसी रमेश कुमार मौर्य सतीश प्रताप सिंह तेज कुमार राम भवन राम प्रताप यादव रामदास यादव राम यश मौर्य राजेश सिंह दिनेश सिंह रामकुमार सिंह राम राज यादव जगदेव मिश्रा छेदीलाल कमलाकांत शास्त्री रामकुमार यादव सुरेश कुमार यादवजगदीश गुप्ता लाल मोहम्मद मौजूद रहे।

### टूक गांव में फैला डायरिया, 28 मरीज मिले

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** टूक गांव में फैला डायरिया स्वास्थ्य विभाग की पहुंची टीम किया इलाज। शनिवार को विकासखंड महराजगंज टूक गांव में अचानक काफी लोग पेट दर्द बुखार से परेशान हो गए जिसकी सूचना अस्पताल में दी गई वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज की स्वास्थ्य टीम ने गांव में जाकर घर-घर परीक्षण किया। इस दौरान 28 मरीज मिले जिनमें 17 मरीज डायरिया के और सा मरीज बुखार के दो मरीज जिसको पेट में दर्द था एक मरीज कल ज्यादा गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल में एडमिट हुआ और एक मरीज का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज में चल रहा है और दो मरीज सलेथू में अपना इलाज करवा रहे हैं सभी को दवा ओआरएस बांटा गया स्थिति सामान्य है। बुखार से ग्रस्त मरीजों को दवाई बांटने के उपरांत उन्हें कल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुलाया गया है जहां उनकी मलेरिया और टाइफाइड और डेंगू की जांच होनी है। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर पी के श्रीवास्तव युद्ध स्तर पर लग रहे और मरीजों का इलाज करते रहे।

### विश्व हिंदू परिषद का मनाया गया स्थापना दिवस

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस स्वदेश सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद एक दूसरे का मुंह मीठा कराया गया तथा आए हुए अतिथियों ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद एक समाजसेवी संस्था है जो कि हिंदुओं के उत्थान के कार्यों के लिए जानी जाती है इस मौके पर संतोष मौर्य रिंकू जायसवाल बीएल बावली डॉ मातादीन पासी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अन्नपूर्णा भवन का शुभारम्भ



**अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड कुम्भी गोला की ग्राम पंचायत परसपुर मे रविवार को मनरेगा राशन वितरण अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन भाजपा नेता मोंटी गिरी व ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, बीडीओ हनुमान प्रसाद मिश्रा, ग्राम प्रधान शाहिद खान द्वारा संयुक्त रुप से फीता काट कर किया गया।अन्नपूर्णा भवन बनने से ग्राम पंचायत के लोगों को राशन लेने के लिए इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा। इस मौके पर कोटेदार को अन्नपूर्णा भवन की चाभी ब्लॉक प्रमुख के द्वारा दी गई।साथ ही पंचायत घर का नीव पूजन किया गया।खंड विकास अधिकारी हनुमान प्रसाद मिश्रा ने बताया कि प्रधान मंत्री आवास ग्रामीण पात्रता 2024 की सर्वे शुरू होने वाली है। सर्वे में पात्रता एवं अपात्रता के विषय में भी बताया। साथ ही प्रत्येक ग्राम पंचायत में अन्नपूर्णा भवन निर्माण पर बल दिया।इस मौके पर एडीओ पंचायत अवनीश त्रिपाठी,ग्राम विकास अधिकारी, सैलवी वाजपेई, अंकित श्रीवास्तव, राजीव मुकुल श्रीवास्तव सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# अज्ञात कारणों से युवक ने फांसी लगाकर दी जान

- आदर्श नगर पंचायत मैलानी कार्यालय के सामने मकान में युवक ने फांसी लगा कर कर ली आत्महत्या

**मैलानी खीरी, समृद्धि न्यूज।**

आदर्श नगर पंचायत मैलानी कार्यालय के सामने रविवार को मकान में युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिवार के अन्य लोग बाहर काम करने गए हुए थे। घटना की सूचना पर मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कस्बा निवासी हरिश्चंद्र राठौर का मकान नगर पंचायत के ठीक सामने है। लगभग 11 वर्ष पहले पत्नी के देहाँत के बाद हरिश्चंद्र मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण



मृतक शिवम राठौर की फाइल फोटो

कर रहा था । हरिश्चंद्र के तीन पुत्र है आकाश, विकास और शिवम, रविवार को उनका बेटा शिवम राठौर (20)जो की घर पर अकेला था ने अज्ञात कारणों से मकान में छत के कुंडे से साड़ी से फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली।

पड़ोसियों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। तब तक मौके पर काफी भीड़ जुट गई। पड़ोसियों के मुताबिक शिवम कल रात से ही घर से बाहर नहीं निकला,पिता दो दिन से मजदूरी करने बण्डा गए हुए थे,घटना की सूचना के बाद लगभग 1 बजे मौके पर पहुँचे। मृतक शिवम की शादी नहीं हुई थी। पांच दिन पूर्व दिल्ली से कमाकर वापस आया था। वह तीन भाइयों में तीसरे नम्बर का था। काफी सीधा व मिलनसार था। आत्महत्या कर जान देने की घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। परिजनों के अनुसार किसी से कोई दुश्मनी या रंजिश नहीं थी।

पंचनामा के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उपनिरीक्षक अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असली वजह का पता चल सकेगा।

### अज्ञात कारणों के चलते फांसी के फंदे से झूला युवक

**ईसानगर खीरी।** धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बीती रात गांव बाहर बाग में फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची धौरहरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला



मुख्यालय भेज दिया। प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली की कफारा चौकी क्षेत्र के ग्राम परौरी निवासी 19 वर्षीय बिक्रम पुत्र जगप्रताप ने बीती रात गांव निवासी रमेश वर्मा की बाग में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी व कोतवाल धौरहरा सुरेश कुमार मिश्रा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इस मामले में चौकी प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया प्रथम दृष्ट्या मामला आत्म हत्या का प्रतीत हो रहा है ।पी एम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## पर्यावरण मित्र समूह द्वारा पौधारोपण कर किया जा रहा पर्यावरण संरक्षण

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

पर्यावरण मित्र समूह की धरा को सजाने इसे हरा भरा बनाने की मुहिम को समाज सेवियों, पर्यावरण प्रेमियों सहित सुधी नागरिकों का सहयोग और समर्थन प्राप्त हो रहा है।

पर्यावरण मित्र समूह कोर कमेटी के सदस्यों, सहयोगी संस्थाओं एवं सेवियों द्वारा पौधों और लगाए गए ट्री गार्ड्स की देखरेख एवं सुरक्षा करने, पानी देने, सुरक्षा घेरा बनाने का कार्य किया जा रहा है साथ ही सतत वृक्षारोपण अभियान में जनसामान्य, विद्यालयों को (ईको क्लब के माध्यम से) जोड़ने का कार्य किया भी जा रहा है परिणामतः पर्यावरण प्रेमीजन भी अब इस कार्य में अपनी



भूमिका निभाने लगे हैं।

कई बार जानवरों एवं वाहनों के कारण ट्री गार्ड्स गिर, मुड़ जाते हैं जिन्हें निरंतर देखभाल और प्राप्त जानकारी के आधार पर समूह द्वारा पुनः ठीक करा दिया जाता है तथापि अब सुधीजन इस कार्य में स्वतः भी अपना योगदान देने लगे है। इसका हालिया प्रेरक उदाहरण हरनाम वाटिका के पास गिरे पड़े ट्री गार्ड्स को पुनः भली भांति खड़ा कर समूह को सूचित करने कार्य मीता गर्ग द्वारा किया गया। श्रीमती मीता अपने बच्चों को विद्यालय छोड़ कर लौट रहीं थीं कि उनकी नज़र पौधों पर पड़ी और उन्होनें सजग पर्यावरण प्रेमी होने का परिचय दिया जिस हेतु पर्यावरण मित्र समूह द्वारा उनकी सराहना भी की गई।

ज्ञातव्य है पर्यावरण मित्र समूह द्वारा वृहद एवं सुव्यवस्थित पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का कार्य किया जा रहा है जिसके तहत पौधों को रोपित कर उन्हे ट्री गार्ड्स एवं ईंटों के घेरे की सुरक्षा प्रदान की जा रही है जिस कार्य में भी विभिन्न समाज सेवियों एवं संस्थाओं द्वारा सहयोग दिया जा रहा है। यही नहीं पर्यावरण मित्र समूह कोर कमेटी द्वारा लगाए गए पौधों की वन विभाग हरीतिमा अमृत वन की साइट पर पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ, जनअभियान-2024 के अंतर्गत जियो टैगिंग भी की जा रही है।

रोपित किए गए पौधों की देखरेख हेतु जिम्मेदारी निर्वहन हेतु एक पौधा एक पुरोधा योजना भी शुरू की गई है जिसके अंतर्गत पौधों की संरक्षा और देखभाल करने वाले की सहमति प्राप्त कर उन्हें एक पौधा - एक पुरोधा सम्मान पत्र निर्गत किए जाने का प्रावधान किया गया है।उपरोक्त जानकारी पर्यावरण मित्र समूह के मीडिया प्रभारी राम मोहन गुप्त द्वारा प्रदान की गई।

## माथुरपुर गांव से 20 मीटर की दूरी पर घाघरा ने रोके कदम, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र धौरहरा विगत दिनों ग्राम पंचायत सुजानपुर के गांव माथुरपुर की ओर तेजी से कटान करती हुई घाघरा नदी ने गांव से 20मीटर की दूरी पर पहुंच कर कदम समेट लिए है। जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। आबादी को बचाने के लिए जिला प्रशासन और बाढ़ खंड के अथक प्रयासों से माथुरपुर में पिछले चार दिन से कटान की रफ्तार थम गई है। विगत एक पखवाड़े से माथुरपुर गांव की आबादी को बचाने के लिए दिनभर कटान रोधक काम होता था और रात में नदी की लहरें सब कुछ समेट ले जाती



थीं। नदी खेतों में लगी लहलहाती फसलों को निरंतर निगलती जा रही थी। फिर बाढ़ खंड और राजस्व प्रशासन संजीदा हुआ तो सुखद परिणाम आया और पिछले चार दिन से आबादी क्षेत्र में कटान नहीं हो रहा है। नदी की लहरें आबादी से बीस मीटर की दूरी पर आकर ठहर गई हैं। जिससे बचाव काम में लगे बाढ़ खंड और राजस्व महकमें के साथ-साथ ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। कटान की गति काफी धीमी होने से ग्रामीणों का पलायन रुक गया है।

## गणेश उत्सव की तैयारियां शुरू, हुआ भूमि पूजन

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सात सितंबर से शुरू होने वाले गणेश उत्सव को लेकर ग्राम पंचायत भैंठिया में रविवार को पंडित संजय कुमार शुक्ला ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन और ध्वज पूजन कराया। भूमि पूजन के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

विकासखंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत भैंठिया में 7 सितंबर से 14 सितंबर तक होने वाले गणेश पूजा महोत्सव का रविवार को पूजा अर्चना के साथ भूमि पूजन व ध्वज पूजन किया गया। गणेश उत्सव कमेटी के प्रबंधक कैलाश वर्मा ने बताया कि



भूमि पूजन के साथ ही आज से ही यहां पर गणेश उत्सव धूमधाम से मनाने की तैयारी शुरू हो गई है सेवादारों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई है। एक सप्ताह तक गजानन के दिव्य दर्शनों के लिए कृत्रिम दरबार का निर्माण कर भक्तों द्वारा गणेश दरबार को भव्य रूप दिया जाएगा। भूमि पूजन के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। कमेटी अध्यक्ष सुशील वर्मा ने बताया कि 7 सितंबर को मूर्ति स्थापना 13 सितंबर को कन्या पूजन एवं जगराता एवं 14 सितंबर को मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। साथ ही 7 सितंबर से 13 सितंबर तक प्रतिदिन दरबार में रात्रि जागरण एवं सजीव झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व ग्राम प्रधान संतराम वर्मा, कमल बाम्बा, कन्हैया लाल पुजारी,पंकज वर्मा, सुरेश मौर्य, आशीष पटेल, अनुपम वर्मा, मोनू श्रीवास्तव, सचिन कश्यप आदि मौजूद रहे।

# भाई ने पत्नी के साथ मिलकर सगे भाई की पीट-पीट कर की हत्या

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बिजली के बिल जमा करने को लेकर उपजे विवाद में कलियुगी भाई ने पत्नी के साथ मिलकर सगे भाई को पीट-पीट कर मार डाला। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतक की पत्नी ने पुलिस को दी गई तहरीर में पति को मार डालने का आरोप बड़े भाई जेठ जेठानी पर लगा कर पुलिस को तहरीर दी है।

शनिवार की रात मोनू कश्यप उम्र 24 वर्ष निवासी भेडौरा वार्ड नम्बर दो की पत्नी रिंकी देवी अपने माइके मे गई थी। बताया जाता हो कि रिंकी का पिता तीर्थ यात्रा जा रहा था इसलिए वह वहा माइके मे रात रूक कर महमान नवाजी करने लगी पति मोनू उसको छोड़कर वापस अपने गाव भेडौरा आ गया।

रात्रि में बिजली के बिल अदा करने को लेकर बडे भाई सोनू से वाद विवाद होने लगा जिससे उत्तेजित होकर गुस्साए मोनू ने सोनू के घर की के बिल नोच दी इसी वजह से दोनो भाई आपस में भिड गये और मारपीट होने लगी। सोनू और पत्नी रागिनी ने मोनू की लाठी डंडे से जमकर पिटाई कर दी जिससे उसका दाहिना हाथ टूट गया दर्द से कराह रहे मोनू ने भाग कर अपनी जान बचाई और भाग कर सड़क पर आ गया और सड़क पर गिर गया और चीखने चिल्लाने लगा तो मोहल्ले के सभी लोग एकत्रित हो गए और उसके बड़े भाई को डांट फटकार कर मोनू को फिर उसी घर में चारपाई पर लिटा दिया बड़े भाई जेठ जेठानी अभी नहीं माने और पीठ पीठ कर मोनू को मौत के घाट उतार दिया मोनू की मरणासन्न हालत में मोनू को चारपाई से उठाकर जेठ जेठानी ने घर के अंदर एक साड़ी का में फंदा बनाकर छत के कुंड से लटका दिया और चीखने चिल्ला कर भाई की मौत को आत्म हत्या का षड्यंत्र रचने कोशिश करने लगे लेकिन मृतक की पत्नी रिंकी को रात ही में जब पति के मौत की सूचना मिली तो वह बीती रात के 1 बजे अपने भाइयों के साथ भेडौरा घर पहुंची तो अपने पति का शव पडा देख कर दंग रह गयी पति व जेठ जेठानी के बीच हुए मारपीट के विवाद का पता चला तो रागिनी ने अपने पति मोनू के कपडे उतार कर देखा तो मृतक के शरीर पर चोट के निशान थे। रागिनी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर जेठ जेठानी पर अपने पति मोनू की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज मृतक की पत्नी रागिनी देवी ने बताया कि दोनों भाई का पारिवारिक बटवारा नहीं हुआ है केवल घर में खाना अलग-अलग बनाता था छोटे भाई मोनू कश्यप के नाम घर के बिजली का कनेक्शन था बिजली के तार डालने पर दोनों में विवाद शुरू हुआ जो मारपीट में गया था। बिजली के केवल नोच कर फेक देने को लेकर के विवाद हुआ था

## सीएमओ ने तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

- एक जगह फार्मासिस्ट तो एक जगह सफाई कर्मी मिला अनुपस्थित, स्पष्टीकरण तलब

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले के दृष्टिगत सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित दो नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निर्मल नगर में निरीक्षण के दौरान पर सफाई व्यवस्था में कमी नजर आई, जिसे लेकर उन्होंने व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश चिकित्सा अधिकारी को दिए हैं। इसके बाद वह शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोट्टैयाबाग पहुंचे, जहां पर समस्त कर्मचारी उपस्थित थे, परंतु यहां के फार्मासिस्ट प्रशांत राज उपस्थिति लगाकर अपने कार्य से नदारत मिले। इसे लेकर उनका स्पष्टीकरण तलब किया गया है। इसके बाद वह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कालाआम पहुंचे, जहां पर निरीक्षण के समय तक 108 मरीज देखे गए थे, 6 मलेरिया की व एक डेंगू की जांच भी की गई थी, जो सभी नेगेटिव थीं। यहां भर्ती मरीज से उन्होंने मिल रही है सुविधाओं की जानकारी भी करी। यहां पर सफाई कर्मी के अनुपस्थित मिलने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए।

## एसडीएम के आश्वासन के बाद काम पर लौटे सफाई कर्मी

- पीएफ न मिलने को लेकर शनिवार को प्रदर्शन करते हुए किया था काम का बहिष्कार



**भीरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका के ठेका सफाई कर्मियों ने अधिकारियों की ढुलमुल रवैया और आठ सालों से पीएफ का पैसा न मिलने का आरोप लगाते हुए शनिवार से हड़ताल पर चले गए थे। रविवार को सूचना पर पहुंचे एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने सफाई कर्मियों को समझाते हुए आश्वासन दिया जिसके बाद सफाई कर्मियों ने अपनी हड़ताल वापस ली।

बता दें कि शुक्रवार को नगर पालिका के ठेका कर्मियों ने तहसील में एसडीएम को ज्ञापन दिया था। जिसमें पीएफ का पैसा न मिलने पर हड़ताल करने की चेतावनी दी थी। शनिवार को भी उक्त मांग पर अमल न होने पर सुबह से सफाई कर्मियों ने हड़ताल शुरू करते हुए प्रदर्शन किया। सफाई कर्मियों ने कहा कि आठ सालों से उनको पीएफ का पैसा नहीं दिया गया है और केवल आश्वासन की घुट्टी पिलाई जा रही है। आक्रोशित सफाई कर्मियों ने पीएफ का भुगतान न मिलने तक हड़ताल की चेतावनी दी थी। रविवार को चेयरमैन केबी गुप्ता व एसडीएम कार्तिकेय सिंह हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मियों के पास पहुंचे और उनकी जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। एसडीएम के आश्वासन के बाद सफाई कर्मी मानें और हड़ताल वापस लेते हुए काम पर लौटे।

## व्यापार मंडल के वर्ष 2024-27 के चुनाव कार्यक्रम के संबंध में बैठक संपन्न

**मैलानी खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मैलानी नगर में व्यापार मंडल के वर्ष 2024-27 के चुनाव कार्यक्रम के संबंध में एक आवश्यक बैठक उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में संपन्न हुई।

नगर व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारियों से विचार विमर्श करने के पश्चात जिलाध्यक्ष द्वारा सितंबर माह में होने वाले सभी चुनावी कार्यक्रम की तिथियों की घोषणा कर दी गई।उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष एवं चुनाव प्रभारी राम मोहन सोनी ने बताया कि व्यापार मंडल की चुनावी प्रक्रिया के तहत 10 सितम्बर तक सदस्यता अभियान चलाया जायेगा,14 सितम्बर को मतदाता सूची प्रकाशन, 18 सितंबर को नामांकन पत्रों की प्रस्तुति,जाँच, आपत्ति एवं उसका निस्तारण, 19



सितम्बर नाम वापसी एवं चुनाव चिन्ह आवंटन, 28 सितंबर सुबह 9 से दोपहर 4 बजे तक मतदान होगा।

मतदान समापन के तुरंत बाद मतगणना कर परिणाम भी घोषित कर दिया जाएगा। चुनावी कार्यक्रम की घोषणा के दौरान गोला से आए जिला मंत्री शिव सोनी,मुनेंद्र पाल सिंह सहित मैलानी नगर व्यापार मंडल के मौजूदा अध्यक्ष पंडित राजेश शर्मा, महामंत्री राजू खान, कोषाध्यक्ष उपनेश साहनी, जिला मीडिया प्रभारी गोपाल सिंघल, रोहिताश गोयल,कृष्ण कुमार अग्रवाल, मनीष मित्तल, डीके सक्सेना, आकाश बंसल, संजय शर्मा, प्रदीप शर्मा (मुल्लन), वीरपाल यादव, अभिषेक मिश्रा, विवेक गुप्ता, राकेश अग्रवाल, विजय गुप्ता मौजूद रहे।

# गरीबों के लिए वरदान बनेगी जीरो पावर्टी स्कीम

समृद्धि न्यूज

**उपचुनाव से पहले योगी सरकार दे सकती है सौगात**

**लखनऊ ।** यूपी की रिक्त दस विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने वाले हैं। उपचुनाव से पहले प्रदेश की योगी सरकार अतिशय गरीबी में जीवन यापन कर रहे परिवारों को एकमुश्त राहत पैकेज देकर गरीबी से उबारने की एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू करने जा रही है। यह योजना जीरो पावर्टी स्कीम के नाम से शुरू होने वाली है।

योजना के तहत हर गांव से पात्रता सूची तैयार करके उन्हें सरकार की सभी योजनाओं से संतृप्त किया जाएगा। सीएम इसी महीने योजना की शुरूआत कर सकते हैं। पंचायतीराज एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर के मुताबिक पंचायतराज विभाग को योजना का नोडल विभाग बनाया गया है। समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम विकास विभाग, खाद्य एवं रसद समेत गांवों के विकास एवं जन कल्याण से जुड़े सभी विभागों को इस योजना में भागीदार बनाया जाएगा। ये विभाग चयनित परिवारों को अपनी-अपनी योजनाओं से लाभान्वित करेंगे। प्रदेश में 57691 ग्राम पंचायतें हैं, जिनमें लगभग 85 हजार गांव हैं।योजना के तहत गांवों से 10 से लेकर 25 तक की संख्या में ऐसे परिवारों का चयन किया जाएगा, जो अति गरीबी में जी रहे हैं और सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है। प्रारंभिक स्तर पर ऐसे परिवारों की सूची समाज कल्याण विभाग बनायेगा। मुख्यालय स्तर की टीम के स्तर से सत्यापन के बाद अंतिम सूची में शामिल परिवारों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। सरकार का मानना है कि योजनाओं से लाभान्वित परिवार स्वतः ही गरीबी रेखा से ऊपर आ जाएगा। कहने को कहा जा रहा है कि प्रदेश में विधानसभा की 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव को देखते हुए यह योजना बनाई गई है। योजना से ज्यादातर एससी-एसटी व ओबीसी वर्ग के परिवारों को लाभ होगा।

# बीजेपी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाए कार्यकर्ता : एके शर्मा

## बीजेपी आज करेगी राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान की शुरुआत, मंत्रियों को 25 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य किया गया निर्धारित

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने रविवार को ग्रेटर नोएडा स्थित अपने आवास से अपने गृह जनपद मऊ और आजमगढ़ जिले के सभी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से वर्चुअल संवाद कर यह जानकारी दी कि भारतीय जनता पार्टी आगामी 02 सितंबर से अपना दूसरा राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान की शुरुआत कर रही है।

प्रधानमंत्री 02 सितंबर को स्वयं अपनी सदस्यता का नवीनीकरण कर नई दिल्ली से इस सदस्यता अभियान की शुरुआत करेंगे। मंत्रियों को 25 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है लेकिन इस बार मऊ क्षेत्र में सभी के सहयोग से कम से कम एक लाख सदस्य बनाने का प्रयास किया जाएगा। बीजेपी 06 वर्षों बाद अपना सदस्यता अभियान चलाती है, सदस्यता अभियान 02 सितंबर से 24 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान पार्टी के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी पार्टी को बूथ और शंकुल स्तर पर मजबूत करने के लिए बीजेपी की विचारधारा और पार्टी की छवि को जन जन तक पहुंचाएंगे। प्रत्येक गांव, मोहल्ला और हर घर तक पहुंचकर लोगों की परेशानियों को जानेंगे और उनका समाधान भी कराएंगे। बीजेपी आज भी 18 करोड़ से अधिक सदस्य संख्या के साथ पूरे विश्व में सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में जानी जाती है। बीजेपी का सदस्यता अभियान बहुत ही अधिक महत्वपूर्ण है। जो भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा में विश्वास करता है वह इस नंबर 8800002024 पर मिस्ड कॉल देकर और ऑनलाइन आवेदन कर बीजेपी का सदस्य बन सकता है। इस दौरान सभी सदस्यों की सदस्यता का नवीनीकरण भी किया जाना है।

### प्रधानमंत्री हम सबके प्रेरणास्रोत व पथ प्रदर्शक

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शनिवार को नई दिल्ली में उनके आवास पर शाम को शिष्टाचार मुलाकात की।भेंट के दौरान एके शर्मा ने प्रधानमंत्री का आशीर्वाद लिया और प्रदेश में नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी और कार्यों को और बेहतर व जन उपयोगी बनाने के लिए उनका मार्गदर्शन भी प्राप्त किया। उन्होंने प्रदेश में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और नगरों को सोलर सिटी बनाने के कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी दी और इस संबंध में प्रधानमंत्री का निरंतर सुझाव और मार्गदर्शन प्राप्त करने की उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की।श्री शर्मा ने कहा कि पीएम हम सबके प्रेरणास्रोत एवं पथ प्रदर्शक हैं। विपरीत परिस्थितियों में भी देश व समाज के लिए निर्बाध कार्य करने, जनता जनार्दन की नि:स्वार्थ सेवा और कर्तव्यपरायणता की उनसे असीम ऊर्जा मिलती है।

## खबरें एक नजर में

### सरकार बाढ़ से निपटने में नाकाम रही : मायावती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने सरकार पर देश के विभिन्न हिस्सों में उत्पन्न बाढ़ की समस्या से निपटने में नाकाम रहने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि सरकारों को सिर्फ राहत ही नहीं, बल्कि बाढ़ निवारण पर भी ध्यान देना चाहिए। मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, देश के विभिन्न राज्यों में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से उपजी स्थिति से सही से नहीं निपट पाने के कारण लाखों परिवारों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ऐसी तबाही लोगों का जीवन बर्बाद कर देती है। देश के विभिन्न राज्यों में भारी बारिश के कारण आयी बाढ़ की स्थिति से सही से नहीं निपट पाने के कारण लाखों परिवारों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है तथा ऐसी तबाही लोगों का जीवन बर्बाद कर देती है। सिर्फ राहत ही नहीं बल्कि सरकारों को बाढ़ निवारण पर भी समुचित ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, सिर्फ राहत ही नहीं, बल्कि सरकारों को बाढ़ निवारण पर भी समुचित ध्यान देना चाहिए। गौरतलब है कि गुजरात और त्रिपुरा समेत देश के कई राज्यों में विशेषकर मध्य व पश्चिमी क्षेत्र में मूसलाधार बारिश तथा बाढ़ से हालात बिगड़ गए हैं।

### कांग्रेस के प्रति बढ़ा दलित समाज के लोगों का विश्वासः राय

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी से कांग्रेस में शामिल हुए नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कांग्रेस से ज्यादा से ज्यादा दलित समाज के लोगों को जोड़ने, राजनैतिक, आर्थिक और सामाजिक भागीदारी बढ़ाने पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि राहुल गांधी दलित समाज के लोगों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए उनकी बात उठा रहे हैं जिससे दलित समाज के लोगों का विश्वास कांग्रेस के प्रति बढ़ा है, जिसका सीधा उदाहरण अभी हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव के नतीजों से स्पष्ट हो गया है। बैठक में पूर्व सांसद पीएल पुनिया, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, डॉ मसूद अहमद, कमलेश भारती, चमन लाल बाबू , मुमताज अली, जनाब यूसुफअली, शिवशंकर भुर्जी, आरके गौतम, चन्द्रबली चौधरी, अरशद खान, बृजेश कुमार गौतम एवं फैज अहमद अब्बासी आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### पुलिस की लचर पैरवी से छूटे आईआईटी बीएचयू के दुष्कर्मी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** वाराणसी के आईआईटी बीएचयू में बीटेक की छात्रा से दरिंदगी के दो आरोपी जमानत पर रिहा हो गए। इंसानियत को शर्मसार करने वाली इस घटना में पुलिस की लचर कार्यवाही के चलते दुष्कर्मियों को जमानत मिल गई। प्रकरण पर प्रतिक्रिया देते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को अंजाम देकर तीनों आरोपी मध्य प्रदेश चुनाव में प्रचार के लिए चले गए और दोनों वही शरण पर रहे। श्री राय ने कहा कि सत्ता दल के पदाधिकारी होने के कारण इतनी जघन्य घटना को अंजाम देने के बावजूद भी सरकार इन्हें बचाने में लगी रही। महिलाओं के प्रति योगी सरकार की क्या सोच है वह इस घटना से स्पष्ट है। पहले तो सरकार ने आरोपियों को बचाने की कोशिश की और जब दबाव के कारण गिरफ्तार करना पड़ा तो अब कोर्ट में लचर पैरवी कर मुकदमे को कमजोर किया जा रहा है।

### पार्क में करंट लगने से किशोर की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गुडंबा इलाके में पार्क के पोल मे करंट उतर जाने से एक किशोर की मौत हो गई। वो सुबह टहलने गया था। पार्क में मौजूद अन्य लोगों ने उसे अस्पताल में दाखिल कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अभिषेक (15) के रूप में हुई है। घटना कंचनपुर के गायत्री पार्क की है। इस घटना के बाद लोगों ने नगर निगम के खिलाफनाराजगी जताई है। उनका कहना है कि कंचनपुर गायत्री पार्क सुबह सैकड़ों लोग टहलने के लिए जाते हैं। ऐसे में पोल में करंट उतरा तो आए दिन ऐसी घटनाएं हो सकती हैं।

### लड़कियों का शारीरिक शोषण करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ की गोमतीनगर पुलिस ने रविवार को लड़कियों को नौकरी का झांसा देकर उनका शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी नौकरी दिलाने के बहाने संपर्क बनाता। इसके बाद उन्हें मिलने के लिए बुलाता और कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पीलाकर उनसे संबंध बनाता। फिर वायरल करने की धमकी देकर पैसे ऐंठ लेता। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। बता दें 4 अगस्त को गोमतीनगर थाने में युवती ने रेप की शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि वो नौकरी की तलाश कर रही थी तभी उसकी मुलाकात दिसंबर 2023 में दीपक शुक्ला नाम के व्यक्ति से हुई। दीपक ने नौकरी दिलाने के नाम पर उससे संपर्क बनाया। नौकरी के लिए उससे 80 हजार रुपए ले लिए। इस दौरान जनवरी के महीने में उसने मेओ अस्पताल के पास बुलाया। जहां पर उसके खाने-पीने में नशीला पदार्थ देकर उसके साथ संबंध बनाए। कुछ वीडियो और फोटो अपने मोबाइल में बना लिए।

### कार की टक्कर से पति की मौत, पत्नी गंभीर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ की गोसाईगंज थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार इनोवा कार ने सड़क पार कर रहे बुजुर्ग दंपति को जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर जुटी भीड़ ने कार सवार को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल दंपती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने बुजुर्ग पुरुष को मृत्यु घोषित कर दिया।

वहीं, महिला की हालत गंभीर होने पर सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जें में लेकर परिजनों को सूचना देने के बाद पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक,नगराम के दलपत खेड़ा गांव में रहने वाले देवेंद्र सिंह (70) पत्नी कृष्णा देवी (65) के साथ अपनी विक्की मोपेड से रविवार सुबह करीब नौ बजे गंगागज की ओर आ रहे थे, सड़क पर कट पार करते समय सुल्तानपुर की तरफसे आ रही इनोवा कार ने टक्कर मार दी। जिसमे दोनों पति पत्नी घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी गोसाईगंज पहुंचाया,जहां पर डॉक्टरों ने देवेंद्र सिंह को मृत घोषित कर दिया।

### बदमाशों ने युवक को लूटा, विरोध पर किया लहूलुहान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मिठाई की दुकान पर लड्डू खरीदने जा रहे युवक को पहले से घात लगाए खड़े 4 लोगों ने छिनैती की। युवक को तमंचा दिखाकर कीमती सामान, नगदी छिनने लगे, विरोध करने पर युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे वह लहूलुहान होकर गिर गया और बदमाश फ़रार हो गए। मामला रहीमाबाद थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, पीड़ित विवेक पांडेय ने हमला करने वालों में तीन लोगों को पहचान लिया है। अंधेरे का फ़ायदा उठाकर एक व्यक्ति मौके से भाग निकला जिसे वह पहचान नहीं सका। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सिसवारा निवासी पीड़ित विवेक पांडेय ने बताया कि दुकान के पास पहले से घात लगाए खड़े चार लोग गाड़ी के सामने आ गए। मुझे रोककर तमंचा सटा दिया और गले की चेन, सोने की अंगूठी निकाल ली। जेब मे रखे नकदी पांच हजार रुपए छीन कर भागने लगे। इनमें अनुभव सिंह, छोटू, अल्ला रक्खा निवासी गण गहदो को मैं पहचान गया। अंधेरे के कारण एक अन्य अज्ञात व्यक्ति पहचान में नहीं आ सका और मौके से भाग निकला। पहचानने पर भाग रहे अनुभव सिंह को मैंने आवाज दी, तो सब वापस लौट आए और मुझे दौड़ाकर मेरे सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। मुझे मरणासन्न अवस्था में समझकर मौके से फ़रार हो गए। इस संबंध में एसओ रहीमाबाद अनुभव सिंह ने बताया कि पास में लगे सीसीटीवी फुटेज से चार लोगों से मारपीट होने की पुष्टि हुई है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है, जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# हमारी सत्ता तो राष्ट्र कल्याण, लोक कल्याण का साधन है : सीएम योगी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। बड़ालालपुर स्थित टीएफसी में आयोजित कार्यशाला में मुख्यमंत्री ने कहा कि आपका उत्साह ही एक नई ऊर्जा का कारण है। यह ऊर्जा सकारात्मक ऊर्जा है। इसी के बल पर तो हम इस राज्य को सुशासन दे पा रहे हैं। युवा ऊर्जा जिसके पास हो उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि मूल्य और सिद्धांत विहीन राजनीति फांसी का फंदा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सत्ता तो राष्ट्र कल्याण, लोक कल्याण का साधन है । साध्य नहीं है। कार्य करने के बाद हम कभी नहीं कहते हमने कर दिया। बल्कि हम तो बस निमित्त मात्र हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल का जिक्र कर कहा कि जिनकी उम्र 25 से 30 साल है या इससे कम है उन्हें अहसास तक नहीं होगा कि उनके सामने यह प्रदेश पहचान को मोहताज था। यहां कोई निवेश नहीं करना चाहता था। हर चीज में भेदभाव रही, नौजवान के लिए रोजगार नहीं था। किसान आत्महत्या कर रहे थे। प्रदेश से उद्योग पलायन कर रहे थे। इन परिस्थितियों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर जनता ने पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई। इन साढ़े सात वर्षों में एक नया उत्तर प्रदेश बना है।

उन्होंने कहा कि आज बेटी भी सुरक्षित है और व्यापारी भी। हमने हर व्यापारी को दस लाख रुपया का बीमा कवर दिया है, उन्हें भरोसा दिया है कि हम सुरक्षा देंगे आप व्यापार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले दो वर्षों में यूपी पुलिस में एक लाख की भर्ती करेंगे। आज देश और दुनिया का हर बड़ा निवेशक यहां आ रहे हैं। 40 लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव आया है। डेढ़ करोड़ नौजवान को सीधे- सीधे नौकरी मिलेगी । पहले नौजवान मुंबई-हैदराबाद और विदेश में जाता था। आज उस नौजवान को प्रदेश में उसके जिले, उसके घर में नौकरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को प्रदेश में आगे बढ़ाया गया। कार्यशाला में मुख्यमंत्री ने विरोधी दलों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नकाब पहनकर गुमराह करने वाले आ गए हैं। कोई जाति या धर्म से देश से बड़ा नहीं है। लेकिन, आप देख रहे हैं कि कैसे-कैसे षड्यंत्र हो रहे हैं। जो लोग सामाजिक न्याय के लिए समर्पित महापुरुषों का अपमान करते थे, वे आज वोट के लिए उनकी आरती उतार रहे हैं। मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस हो या समाजवादी पार्टी, जब भी इन्हें सरकार बनाने का मौका मिला, उन्होंने देश की कीमत पर राजनीति की। इन दलों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का सामाजिक अपमान किया।

### प्रथम हॉकी इंडिया जूनियर मेन इंटर-जोन चैंपियनशिप का उद्घाटन

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार से शुरू हुई प्रथम हॉकी इंडिया जूनियर मेन इंटर-जोन चैंपियनशिप-2024 का उद्घाटन सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया। हॉकी इंडिया की देखरेख में पहले हॉकी इंडिया जूनियर मेंस इंटर जोन नेशनल चैंपियनशिप रविवार से शुरू हुआ। गोमती नगर के विजयंतखंड स्थित पद्मश्री मोहम्मद शाहिद हॉकी स्टेडियम में इस चौंपियनशिप का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। कुल छह टीमें इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी, जिन्हें दो पूलों में बांटा गया है। इनमें नार्थ जोन, साउथ जोन, वेस्ट जोन, ईस्ट जोन, साई बाल और साई शक्ति शामिल हैं। चौंपियनशिप के सेमीफाइनल मुकाबले 6 सितंबर को और फाइनल मुकाबला 7 सितंबर को खेला जाएगा। रविवार को उद्घाटन मुकाबला साउथ जोन और साई शक्ति के बीच खेला जाएगा। दूसरे मुकाबले में नार्थ जोन के सामने साई बाल की चुनौती होगी। यह मैच दर्शकों के लिए पूरी तरह से फ्री है।

# छात्रों के फंडामेन्टल्स पर ज्यादा जोर देने की जरूरत

समृद्धि न्यूज

**साइबर सिक्योरिटी कार्यशाला का हुआ आयोजन**

**लखनऊ ।** डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब द्वारा तीन दिवसीय साइबर सिक्योरिटी कार्यशाला आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन डायरेक्टरेट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन, उत्तर प्रदेश, कानपुर के प्रतिनिधित्व में किया गया था।

कार्यशाला में एकेटीयू के कुलपति प्रो. जय प्रकाश पाण्डेय एवं प्राविधिक शिक्षा निदेशालय के निदेशक अन्नावी दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में कन्सॉर्श्यम फॉर टेक्निकल एजुकेशन, तमिलनाडु के निदेशक अलगरसामी के नेत्रत्व में विषय विशेषज्ञ प्रो. वरुणकुमार अनंतरमन, प्रो. मुकेश कृष्णन, और प्रो. जोसफ रेमंड ने साइबर सिक्योरिटी पर उत्तर प्रदेश राजकीय पॉलीटेक्नीक संस्थाओं के शिक्षकों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। समापन सत्र में निदेशक, इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नॉलजी प्रो. विनीत कंसल ने बतौर मुख्य अतिथि साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में प्रवक्ताओं के कौशल विकास की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को साइबर सिक्योरिटी के आधुनिक दृष्टिकोण और उसकी प्रासंगिकता से परिचित कराना है। जिससे वे अपने छात्रों को इस क्षेत्र में नई जानकारियां प्रदान कर सकें। उन्होंने शिक्षकों को छात्रों के फंडामेन्टल्स पर ज्यादा जोर देना चाहिए पर बल दिया।

इस अवसर पर इनोवेशन हब के एसोसिएट डीन डॉ. अनुज कुमार शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यशालाओं के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों और प्रवक्ताओं को अपने शोध कार्यो में नए दृष्टिकोण और प्रेरणा प्रदान करते हैं। अंत में डायरेक्टरेट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन उत्तर प्रदेश, कानपुर के डॉ. आर. वी. सिंह ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में विश्वविद्यालय एवं इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नॉलजी की पूरी टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# 19 अक्टूबर को लखनऊ में होगी राष्ट्रीय स्तर की नशामुक्त मैराथन दौड़

समृद्धि न्यूज

**53 धावकों को श्रेणीवार अलग-अलग धनराशि से पुरस्कृत किया जाएगा**

**लखनऊ।** नशामुक्त भारत अभियान के तहत मोहनलालगंज के पूर्व सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर द्वारा आगामी 19 अक्टूबर को राजधानी में नशामुक्त राष्ट्रीय स्तर फुल मैराथन दौड़ (पुरुष) का आयोजन किया जा रहा है। इस मैराथन दौड़ में प्रथम विजेता को 5 लाख रूपये का पुरुस्कार के साथ ही कुल 53 धावकों को श्रेणीवार अलग-अलग धनराशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

मोहनलालगंज के पूर्व सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह के नशामुक्त भारत अभियान के संकल्प के क्रम में नशामुक्त समाज आन्दोलन अभियान कौशल का के तत्वाधान में अपने स्वर्गीय पुत्र आकाश किशोर उर्फ जैबी की पुण्यतिथि आगामी 19 अक्टूबर को लखनऊ में आई आई एम रोड पर नशामुक्त राष्ट्रीय स्तर की फुल मैराथन(पुरुष) दौड़ का आयोजन किया गया है।जिसमे 18वर्ष से अधिक आयु के लोग भारत के किसी भी राज्य से शामिल हो सकेंगे। इसका पंजीकरण एक सितंबर से 10 अक्टूबर तक निरूशुल्क होगा धावकों को दौड़ में शामिल होने पर एक टीशर्ट नि:शुल्क दी जाएगी। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्तर की फुल मैराथन दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 5 लाख, द्वितीय को 3 लाख तथा तृतीय को डेढ़ लाख की धनराशि से पुरुष्कृत किया जाएगा।

इसके बाद प्रथम दस विजेताओं को 51 हजार, द्वितीय दस को 41 हजार, तृतीय दस को 31 हजार, चतुर्थ दस को 21 हजार तथा पंचम दस विजेताओं को 11हजार रूपये का पुरुष्कार दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कुल पुरुषकार की धनराशि 25 लाख रूपये है जो जनता के सहयोग से दी जा रही है। वही धावकों को चेस्ट नम्बर आगामी 15 अक्टूबर को दुबग्गा स्थित उनके निवास कैम्प कार्यालय पर दिया जायेगा।

### इलेक्शन को लेकर सरयू अपार्टमेंट सोसायटी में मारपीट

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के सरयू अपार्टमेंट में मारपीट हो गई। सोसाइटी के 6 लोगों ने समिति के लोगों को धमकाया। अध्यक्ष के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। अध्यक्ष मीरा सिंह का आरोप है कि कुछ लोग जबरन चुनाव कराना चाहते हैं। उन्होंने सुशांत गोल सिटी थाने में मामले की शिकायत की है। सोसाइटी की अध्यक्ष मीरा सिंह का आरोप है कि सोसाइटी के ही आधा दर्जन से अधिक लोग रविवार को जबरन चुनाव कराने के लिए समिति के पास पहुंच गए, जबकि यह नियम के विपरीत था। इन लोगों में दिवाकर सिंह, अभय सिंह, बी. राय, हर्ष सक्सेना, पूजा सिंह एवं विवेक कुमार का नाम है। विवेक की तैनाती मौजूदा समय में डॉयल 112 में है। सभी लोग अचानक से समिति के अंदर प्रवेश किया और चुनाव प्रक्रिया की तैयारी में जुड़ गए जिसका समिति के लोगों ने विरोध किया। तब इन लोगों ने झगड़ा करना शुरू कर दिया मैं भी मौके पर पहुंची। मैंने भी विरोध किया तो वो सभी गाली गलौज करने लगे। मुझ से मारपीट की। चुनाव के संबंध में 8 सितंबर को समिति की बैठक बुलाई गई है। जिसके बाद कब चुनाव होगा इसकी घोषणा की जाएगी।

# निगोहां से 200 कावड़ियों का जत्था बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** निगोहां क्षेत्र से रविवार को 200 कावड़ियों का जत्था हर हर बम-बम के जयकारों के साथ झारखण्ड के देवघर में स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम के दर्शनो के लिए रवाना हुआ.जत्थे में निगोहां समेत आस-पास के आधा दर्जन गांवों के लोग शामिल थे। जत्थे का निगोहां कस्बे में जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया और प्रसाद भी वितरित किया गया।

सुरक्षा व्यवस्था के लिए निगोहां पुलिस बल के साथ थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी भी मौजूद रहे। जत्था निगोहां स्टेशन मोड़ पर एकत्रित हुआ, जिसके बाद गाजे-बाजे के साथ कस्बे में भ्रमण किया। इस दौरान कपड़ा व्यवसायी राहुल गुप्ता, अजय गुप्ता, आरजी होटल, मोहम्मद शकील और किन्नर प्रियंका रघुवंशी ने कांवरियों का माला पहनाकर स्वागत किया और नाश्ता-पानी की व्यवस्था की। सभी कांवरियों को लंच पैकेट भी प्रदान किए गए।

इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र दीक्षित, लाला, वसीम, सुजीत गुप्ता, शिवमोहन, विकास सिंह, ऋषभ गुप्ता, अंशुल त्रिवेदी, निशु मिश्र, पंकज मिश्रा समेत सैकड़ों लोगों ने कावड़ियों का स्वागत किया।

### कावड़ियों का जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम के दर्शनों को रवाना

**लखनऊ।** मोहनलालगंज कस्बे से रविवार को एक दर्जन कावड़ियों का जत्था हर हर बम बम के जयकारे लगाते हुये झारखंड के देवघर में बाबा बैद्यनाथ धाम के दर्शनों को ट्रेन से रवाना हुआ। अमरनाथ सेवादल के विनीत मिश्रा ने बताया रविवार को बाबा बैद्यनाथ धाम के दर्शनों के लिये राजेन्द्र मिश्रा मोनी शुक्ला, अतुल सिंह, हर्ष, हिमांशु, रानू पांडेय, रिकूं सिंह, अंकित साहू, विमलेश शालू,अमरीश के साथ झारखंड के देवघर में स्थित बैद्यनाथ धाम के दर्शनों को लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन से ट्रेन से जत्था रवाना हुआ, सुल्तानगंज से कावड़ में गंगाजल भरकर 105 किलोमीटर की पैदल यात्रा करने के बाद देवघर में बाबा धाम पहुंचकर जलाभिषेक व दर्शन के बाद यात्रा समाप्त होगी।

### एनडीए की दोनों पालियों की परीक्षा समाप्त, परीक्षार्थी बोले -इंटीग्रेशन वाले सवाल टफ लगे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में आज यूपीएससी नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) की परीक्षा हुई। शाम 4.30 बजे दूसरी पाली की परीक्षा समाप्त हो गई। परीक्षा देकर लौटे रक्षित ने बताया कि पेपर आसान था। हिस्ट्री और पॉलिटिक्स के सवालों में थोड़ी दिक्कत जरूर हुई। उसके अलावा सभी सवालों के जवाब आसान थे। पहले शिफ्ट की परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू हुई और 12.30 बजे खत्म हो गई। दूसरी पाली का पेपर दोपहर 2 बजे से शुरू होकर 4.30 तक चली। लखनऊ के कुल 45 केंद्रों पर एनडीए परीक्षा का आयोजन किया गया। वहीं, 18 केंद्रों पर सीडीएस परीक्षा आयोजित हुई। इनमें से 8 केंद्रों पर 3 पालियों में और 8 केंद्रों पर 2 पाली में परीक्षा हुई। पहली पाली में यानी 150 मिनट के पेपर में 120 सवालों का जवाब देना था। एग्जाम में 1६3 की माइनस मार्किंग थी। ज्यादातर स्टूडेंट्स ने पेपर को मॉडरेट से टफके बीच का बताया। हर्षित ओम ने बताया कि ये पेपर टफथा। आमतौर पर सीडीएस-1 के मुकाबले एनडीए-2 थोड़ा ज्यादा टफहोता है। कुछ वैसा ही पेपर था। साथ ही पेपर लेंदी भी था। 4 अलग-अलग सेट में पेपर बनते हैं। मुझे सेट सी मिला था। सभी क्वेश्चन एटेम्पट करना संभव नही था पर जिसने 50 से 60 सवाल भी सही कर लिए उसका सेलेक्शन हो जाएगा।

### फिर एकजुट हुए शिक्षक, प्रदर्शन का हुआ शंखनाद

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में लखनऊ के रिसालदार पार्क स्थित उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यालय में प्रान्तीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा ने किया। शिक्षकगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर फिर से एक बार एकजुट हो गए हैं। इन मांगों में विद्यालयों के 40 हजार शिक्षकों एवं कर्मचारियों की नियुक्तियो की सतर्कता अधिष्ठान से जांच कराये जाने और पुरानी पेंशन की बहाली सहित अन्य मांगे शामिल हैं। शिक्षकों का यह प्रदर्शन 24 सितम्बर से 07 अक्टूबर तक चलेगा। प्रदेश में मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय पर सात अगस्त को धरना होगा। संयुक्त शिक्षा निदेशक के माध्यम से प्रदर्शन में मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा।

**रोजगार मेला** — डबल इंजन की सरकार गरीबो के लिए कर रही कार्य

# युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार कटिबद्ध : केशव

**मीरजापुर के चर्तुमुखी विकास के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मिर्जापुर के विधानसभा मझंवा के अन्तर्गत ग्राम चन्दईपुर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेला का उद्घाटन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व प्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले आशीष पटेल, मंत्री श्रम एवं सेवायोजन अनिल राजभर ने किया।

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने उपमुख्यमंत्री, मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामलें, मंत्री श्रम एवं सेवायोजन को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत व अभिनन्दन किया।

मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार द्वारा विधायक सहित सभी जन प्रतिनिधियों का स्वागत व अभिनन्दन किया गया। रोजगार मेला में उप मुख्यमंत्री व मंत्री के द्वारा 1292 छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरण व 999 स्वंय सहायता समूह की सदस्यों को 13 करोड़ 50 हजार रूपये का रिवालिंग फण्ड सामुदायिक निवेश निधि बैंक ऋण के तहत डेमो चेक का वितरण किया गया। 21 लाभार्थियों को माटीकला टूल किट्स, इलेक्ट्रानिक चाक, पापकार्न मेकिंग मशीन व दोना पत्तल मेकिग मशीन व टूल किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के तहत 06 बैंक विद्युत सखियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र तथा प्रतिकात्माक रूप से 100 लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

राष्ट्रीय आजीविका मिशन की चर्चा करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत गांव की गरीब महिलाओं का समूह बनाकर इन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए बैंको से ऋण मुहैया कराया जा रहा है, जिससे वे स्वारोजगार कर अपना जीवन यापन कर सके तथा समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 60 लाख गरीब बेघर लाभार्थियों को पीएम सीएम आवास योजना से लाभान्वित किया जा चुका हैं, आगे भी प्रत्येक बेघर परिवार को छत मुहैया कराने की दिशा में सरकार कटिबद्ध हैं। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा आने वाले दिनों में प्रत्येक शहर व ग्रामीण क्षेत्रो में 24 घण्टा बिजली देने कि दिशा में प्रयास कर रही है जो जल्द ही साकार किया जाएगा।

### 10 लाभार्थियों को डेमो चेक व 10 लाभार्थियों को टूल किट वितरण

ओडीओपी योजना के तहत 10 लाभार्थियों को डेमो चेक तथा 10 लाभार्थियों को टूल किट वितरण एवं प्रतीकात्मक रूप से प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास योजना के दो लाभार्थियों को आवास की चाभी तथा कस्टम हायरिंग सेंन्टर फार्म मशीनरी बैंक के दो लाभार्थियों को चाभी वितरण लाभान्वित किया गया। जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बताया गया कि रोजगार मेला में कुल 60 कम्पनियों द्वारा अपने स्टॅाल लगाए गए, पंजीकरण कराने वाले बच्चों में 3717 आनलाइन एवं 5895 ऑफलाइन युवाओं द्वारा पंजीकरण कराया गया, जिसमें रोजगार मेला में कम्पनियों के द्वारा मौके पर 4292 लोगो को रोजगार मुहैया हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी। रोजगार मेला को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही डबल इंजन सरकार गरीबों के लिए समर्पित सरकार हैं। यह सरकार देश व प्रदेश में अच्छे सुशासन मुहैय्या कराने के साथ ही प्रदेश के जनपदों में रोजगार मेला आयोजित कर युवाओं को रोजगार से जोड़ने का भी मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के द्वारा महिला सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में भी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से काम किया जा रहा हैं।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का एडीएम ने किया निरीक्षण

- तहसील तरबगंज के अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निरीक्षण कर एडीएम ने ग्रामीणों से ली बाढ़ के संबंध में जानकारी
- बाढ़ प्रभावित क्षेत्र बहुवन मदार मांझा के 40 किसानों को मिली राहत धनराशि, शेष 54 किसानों को राहत धनराशि देने की तैयारी



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार एवं जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव ने तहसील तरबगंज के अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम ढेमवा घाट, दत्तनगर सहित कई अन्य गांवों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित गांव में जाकर ग्रामीणों से बाढ़ के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में स्थापित बाढ़ चौकियों एवं अन्य सभी व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी करते हुए ग्रामीणों को बाढ़ से बचाव हेतु हर संभव सभी प्रकार की मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन हर समय बाढ़ से निपटने के लिए आपके साथ तैयार है, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ राहत सामग्री, तथा गांवों में दवा छिड़काव सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार ने संबंधित सभी अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बराबर भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए। बाढ़ प्रभावित गांवों में प्रशासन द्वारा बनाए गए राहत एवं बचाव के अस्थाई कैंप/ बाढ़ चौकियों पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

इसके साथ ही जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा का सख्त निर्देश दिये है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सभी संबंधित अधिकारीगण बराबर निरीक्षण करते रहें, ताकि बाढ़ से किसी भी गांवों अथवा किसानों को किसी प्रकार की कोई समस्या न होने पाये। इस पर विशेष ध्यान दिया जाय।

वहीं आपको बता दें कि जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा के निर्देशानुसार तत्काल प्रभाव से तहसील करनैलगंज के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम बहुवन मदार मांझा में कृषि भूमि कटान से प्रभावित हुए अब तक 40 किसानों को राहत धनराशि दे दिया गया है, तथा शेष 54 किसानों को राहत धनराशि देने की प्रकिया अन्तिम पायदान पर है। सभी संबंधित अधिकारियों के द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का बराबर निरीक्षण किया जा रहा है तथा इस समय नदी और बन्धे की दुरी लगभग 130 मीटर है स्थिति अभी सामान्य है। सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन के सभी संबंधित अधिकारी मौके पर मुस्तैद हैं।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान तहसीलदार तरबगंज रंजन कुमार, पीडब्ल्यूडी विभाग तथा संबंधित क्षेत्रों के लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## नियम विरुद्ध संचालित शराब की दुकान हटाने की मांग

- ग्रामीणों में रोष



**परसपुर/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड परसपुर क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम राजाहाता टेपरा मौजा मधईपुर खाण्डेराय के ग्रामीणों ने अपने गांव में नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए स्थापित देशी शराब की दुकान को हटाने के लिए कड़ा रुख अपनाया है।

ग्रामीणों के मुताबिक काली माता के पवित्र स्थल से मात्र 10 मीटर की दूरी पर और जूनियर हाइस्कूल से केवल 100 मीटर की दूरी पर स्थित इस दुकान ने गांव की महिलाओं और अध्ययनरत छात्राओं की सुरक्षा को गंभीर खतरे में डाल दिया है। शराबियों के जमावड़े से गांव में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि शराब पीने वाले असामाजिक तत्व स्कूल जाने वाली छात्राओं और पूजा के लिए आने वाली महिलाओं पर अश्लील टिप्पणियां और छींटाकशी करते हैं। इस तरह के कृत्य न केवल महिलाओं और बच्चियों के लिए अपमानजनक हैं,बल्कि उनके लिए असहनीय असुरक्षा भी पैदा कर रहे हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि इस नियम विरुद्ध शराब की दुकान को तुरंत हटाया जाए। उनका कहना है कि यदि यह दुकान समय रहते नहीं हटाई गई,तो गांव का शांतिपूर्ण माहौल पूरी तरह से दूषित हो सकता है। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि वे इस मुद्दे पर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे और अपनी सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाने के लिए तैयार हैं। गांव की महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने अधिकारियों से आग्रह किया है कि वह अविलंब कार्रवाई करें,ताकि गांव में फिर से शांति और सुरक्षा का माहौल कायम हो सके।

# दादीजी के भादी मावस उत्सव में झूमे भक्त

- मेरा आप की कृपा से सब काम हो रहा है...

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज**



भादी मावस उत्सव को लेकर दो दिवसीय कार्यक्रम मैं रविवार को को ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर गोंडा के प्रांगण में दादी जी के उत्सव में मंगल पाठ का आयोजन हुआ। मंगल पाठ में पहली बार गोन्डा के श्याम मंदिर में बनारस से आई मुख्य पाठ वाचिका पायल अग्रवाल ने किया। उन्होंने गाया. जब से मैंने जय दादी कहना सीख लिया है ... मेंहदी लागी सोहनी थारे हत्थया में .. पालना में झूलना म्हारी राणी सती दादी.... मिल गया मिल गया मिल गया रे,दादी का खजाना मिल गया रे ...तेरे ही बाहों में हमको चलना है,मां वो मेरी मां.... सुन लो दादी ,सुन लो दादी,मेरे घर मईया कब आओगी ..मेरा आप की कृपा से सब काम हो रहा है, करती है झूझंनू वाली मईया मेरा नाम हो रहा है ...के साथ साथ दादीजी के जन्म और बधाई पर भी भजनों की हाजिरी लगाई जिस पर महिला भक्तों ने खूब झूमा ...मंगल पाठ में मुख्य यजमान मुकेश नहारिया –अनीता नहारिया रहीं ।और उनके साथ ट्विंकल अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, सारिका सोमानी, संगीता भावसिंहका, श्वेता जैन, कीर्ति सिंघल, सविता गोयल, रेनू मंगल, पूजा मोदी, सुरुचि अग्रवाल, निकिता संघई, मानसी सिंघल, शालिनी अग्रवाल 13 विशिष्ट महिलाएं पीले रंग की सहित ये साड़ी पहनकर और चुनरी ओढ़ कर मंगल पाठ में शामिल हुईं। मंडे के प्रांगण में बाबा खाटू श्याम एवं श्री राणी सती दादी जी का दरबार बहुत ही भव्य श्रृंगार से सजा हुआ था।

इस दौरान श्री श्याम मंदिर महिला मंडल की अध्यक्ष सरोज अग्रवाल , बेनू अग्रवाल, सरोज गर्ग, मीना अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, प्रेमलता सिंघल,ज्योति तुलस्यान, संगीता अग्रवाल,पूनम मित्तल, शारदा गर्ग, नीतू गर्ग, गुंजन शाह,उमा ताजपुरिया, सुधा अग्रवाल,संतोष अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, किरन बंसल प्रीति तुलस्यान सहित अन्य लोग मौजूद रहीं। ये आयोजन श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट द्वारा किया गया जिसमें ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका, विमलेश सिंघल, घनश्याम ताजपुरिया सीए पवन अग्रवाल सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सौ रुपए की जगह अब दस रुपए के नोटरी शपथ पत्र पर होगा फार्मासिस्ट का रजिस्ट्रेशन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** फार्मासिस्ट एसोसिएशन के लोगो के द्वारा कि गई लगातार मांग को अब मानते हुए उत्तर प्रदेश फार्मेसी कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में अभी तक सभी कार्यो के लिए 100/– का स्टाम्प/ नोटरी शपथ पत्र लगता था लेकिन कल दिनांक 31/08/2024 के आदेश के तहत सभी फार्मासिस्ट भाइयों के किसी कार्य जैसे (न्यू रजिस्ट्रेशन/ रिन्यूअल / नाम सशोधन /ट्रान्सफर आदि) के लिए अब मात्र रु. 10/– के स्टाम्प/ नोटरी ही लगेगा जो सभी फार्मासिस्ट भाइयों के लिए बहुत ही राहत की बात है। इस मांग के पूर्व मंडल प्रवक्ता सुधांशु मिश्र के द्वारा प्रमुख सचिव स्वास्थ विभाग को और फार्मेसी काउन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश के रजिस्टर को कई बार पत्र भेज कर इसकी मांग की गई थी जो कल फॉर्मेसी ऑफ काउंसिल ने पूरा करते हुए सौ रु. से घटा कर अब दस रुपए कर दिया गया है जिससे फार्मासिस्टों में खुशी कि लहर दौड़ पड़ी है। और इस कार्य मे अपना अमूल्य सहयोग के लिये सालिक राम त्रिपाठी (प्रदेश उपाध्यक्ष) का भी महत्वपूर्ण योगदान था।

# कर्नलगंज कस्बे में बदमाशों के हौंसले बुलंद

- पुलिस का नहीं दिख रहा डर
- इस तरह की शर्मनाक घटना से पुलिस की बड़ी लापरवाही उजागर हो रही है और सम्पूर्ण हिन्दू समाज में रोष : धनंजय त्रिपाठी

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

कोतवाली क्षेत्र के कर्नलगंज कस्बे में बदमाशों में पुलिस का भय नही दिख रहा है। शुक्रवार की रात सवा दस बजे पुलिस चौकी से महज सौ मीटर दूर स्थित एक ढाई साल की बिटिया ठठराही मुहल्ला स्थित अपने घर के दरवाजे पर खेल रही थी। इसी बीच पैदल पहुंचा एक दूसरे समुदाय का युवक उसे गोद में लेकर भागने लगा। गनीमत रही कि तभी बिटिया का चाचा बाइक से दरवाजे पर पहुंच गया। वह यह नजारा देख अवाक रह गया। शोर मचाते हुए उसे दौड़ाया और पकड़ लिया। तभी हल्ला गुहार सुनकर मुहल्ले के तमाम लोग जुट गए। बताया जाता है कि आक्रोशित लोगों ने उसकी जमकर पिटाई भी कर दी। फिर कुछ देर बाद पहुंची पुलिस ने भीड़ को हटाते हुए युवक को अपने गिरफ्त में ले लिया और कोतवाली लेकर चली गई। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है,तो वहीं इस घटना को लेकर लोगों में काफी नाराजगी है। वहीं दूसरी घटना शाम को सात बजे की बताई जाती है, कस्बा स्थित लारी दवाखाना से दवा लेकर अपने घर काशीराम कालोनी जा रही एक बालिका को कटरा रोड पर कालोनी के रास्ते में पहले से बैठे युवक ने पकड़ लिया। इतना ही नही रास्ते के बगल में ही लगे नरकुल की झाड़ियों में घसीट ले गया और छेड़छाड़ करने लगा। उसने दांत काटकर भागते व हल्ला मचाते हुए किसी तरह अपनी जान बचाई। घर पहुंचकर अपने मां से पूरी वारदात बताई। बिटिया की मां ने पुलिस को नई बाजार निवासी राजा के खिलाफ तहरीर दी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक का कहना है कि घटना में कार्रवाई की जा रही है। दोनों ही घटनाओं में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### जताई नराजगी

हिंदू संगठनों ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर तनिक सी चूक हो जाती तो कुछ भी बड़ी घटना घट सकती थी। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री धनंजय त्रिपाठी का कहना है की पुलिस की बहुत बड़ी लापरवाही है। ऐसी घटना से सम्पूर्ण हिन्दू समाज में रोष है। प्रभावी कार्रवाई न होने पर हिंदू समाज सड़क पर उतरेगा जिसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा, भेजा न्यायालय



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** थाना विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम रमचक्का, झूरीकुइयां निवासी एक बलात्कार के आरोपी युवक को थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह की पुलिस टीम द्वारा रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी हरिश्चंद्र गोस्वामी के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 262/2024 धारा 69, 316(2) बी एन एस के तहत मुकदमा पंजीकृत था। वांछित आरोपी को पुलिस द्वारा बसस्टॉप विशेश्वरगंज से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया।

## खबरें एक नजर में

### कर्नलगंज में अरविंद कुमार अतिरिक्त कोतवाल नागेश्वर नाथ पटेल बने बालपुर चौकी प्रभारी

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जिले की कानून व्यवस्था को देखते हुए जनहित व प्रशासनिक हित में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने दो निरीक्षक और दस उपनिरीक्षकों सहित कुल बारह पुलिस कर्मियों का स्थानांतरण कर दिया है,जिसमें कोतवाली कर्नलगंज में एक अतिरिक्त निरीक्षक की तैनाती की गई है। पुलिस अधीक्षक ने तबादले की सूची जारी कर तत्काल प्रभाव से पालन करने का निर्देश दिया है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने दो निरीक्षक व दस उपनिरीक्षक समेत कुल बारह पुलिस कर्मियों का स्थानांतरण किया है। तबादला सूची के मुताबिक अपराध शाखा में तैनात इंस्पेक्टर अरविंद कुमार को थाना कर्नलगंज का अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक व इटियाथोक थाना में तैनात रहे अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर राय को अपराध शाखा में तैनाती दी गई है। उप निरीक्षक नागेश्वर नाथ पटेल को थाना धानेपुर से चौकी प्रभारी बालपुर, अमित यादव को थाना इटियाथोक से थाना उमरीबेगमगंज, अजय कुमार सिंह को थाना खोड़ारे से देहात कोतवाली तैनाती दी गई है। इसके अलावा पुलिस लाइन में तैनात आठ उपनिरीक्षक को थानों में तैनाती दी गई। जिसमे उपनिरीक्षक बालमुकुंद चौहान को थाना मनकापुर, प्रणयशील तिवारी को थाना छपिया, कृष्णानन्द पाण्डेय को थाना इटियाथोक, रामविलास यादव को थाना धानेपुर, असगर अली को थाना परसपुर, मुहम्मद तारिक सिद्दीकी को थाना खरगूपुर, भानु प्रताप मौर्य को कोतवाली देहात भेजा गया है।

### रेलवे टिकट व पहचान पत्र न होने से डेड बॉडी को ले गई सिविल पुलिस

**मनकापुर/गोंडा, समृद्धि न्यूज।** मनकापुर क्षेत्र के अंतर्गत दिनांक 01–09–24 को सुरक्षा कंट्रोल लखनऊ के सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मनकापुर के आदेश पर कि मनकापुर टिकरी के मध्य OHE Pole No 8/10–11 पर गाड़ी संख्या 142 14 से MRO हो गया है। उक्त सूचना पर सहायक उप निरीक्षक जयप्रकाश यादव समय 8 –25 बजे सड़क मार्ग से रवाना होकर घटनास्थल पर समय 8<35 बजे मनकापुर–टिकरी के मध्य उपरोक्त किलोमीटर पर पहुंचे तो वहां पर रेलवे ट्रैकमैन रामदास चौहान व गोरखनाथ शर्मा मौके पर मौजूद मिले। जिनके साथ मिलकर डेड बॉडी को 8<45 बजे लाइन से हटाकर लाइन के पूर्व बगल में रखकर लाइन को क्लियर कराया गया। उपरोक्त घटनास्थल पर सिविल पुलिस मनकापुर समय 10<00 बजे उप निरीक्षक प्रेमचंद चौबे साथ स्टाफ पहुंचे। अज्ञात मृतक की डेड बॉडी को तलाशी उनके द्वारा लिया गया तो पहने हुए कपड़ों के अलावा कोई रेल टिकट या पहचान पत्र से संबंधित कोई कागजात मौके पर डेड बॉडी के पास नहीं मिला। उक्त डेड बॉडी को सिविल पुलिस मनकापुर के द्वारा अपने साथ अग्रिम कार्रवाई हेतु समय 12 :00 बजे लेकर आया गया ।रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट मनकापुर से घटनास्थल की दूरी लगभग 9 किलोमीटर बताया जा रहा है मामले की जांच उप निरीक्षक रामपाल सिंह के द्वारा की जा रही है।

### युवक की पानी में डूबकर मौत



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** हुजूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के ग्रामीणों ने बताया कि रामपाल का 25 वर्षीय बेटा गिरधारी भंगहा घाट पर नहाने गया था। जहां वह गहरे पानी में डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर रोते बिलखते बदहवास परिजन घाट किनारे पहुंचे और शव से लिपटकर रोने लगे। उसकी शादी नहीं हुई थी। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि परिजनों ने मौत की कोई तहरीर नहीं दी है।

# फिर भेड़िये ने किया हमला, मासूम व बुजुर्ग को बनाया निशाना

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- बेटे को बचाने के लिए भेड़िए से भिंडी मां
- बगल में सो रहे बच्चे पर किया हमला, गर्दन पकड़ कर खींचा
- दोनों घायलों का अस्पताल में चल रहा इलाज

शनिवार रात मां के बगल में सो रहे मासूम पर भेड़िए ने अटैक कर दिया। गर्दन पड़कर खींचने लगा बच्चे के चीखने की आवाज सुनकर मां जग गई बेटे को बचाने के लिए भेड़िए से भिड़ गई। भेड़िए के मुंह से बेटे को खींच लिया और शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए लोगों को देखकर भेड़िया भाग गया फिलहाल बच्चे का अस्पताल में इलाज चल रहा है। रात में एक और व्यक्ति को भी भेड़िया ने घायल कर दिया। मार्च से अब तक भेड़ियों का झुंड 08 बच्चों सहित 09 लोगों को मार चुका है 38 से ज्यादा लोगों को घायल भी कर चुका है।

हरदी इलाके की रहने वाली बच्चे की मां गुड़िया ने बताया कि मैं 6 साल के बेटे पारस के साथ बरामदे में सो रही थी। रात 1:30 बजे भेड़िए ने बेटे पर अटैक कर दिया बेटे को खींचने लगा तभी मेरी आंख खुल गई भेड़िया ने बेटे के गर्दन को अपने जबड़े में पकड़ लिया था। वह बेटे को खींच ले जा रहा था तभी मैंने बेटे को पकड़ लिया मैं बेटे को अपनी तरफ खींचने लगी फिर उसने बेटे को छोड़ दिया। मेरे ऊपर अटैक करने वाला था। तभी मैं घर वालों को आवाज़ लगाई आवाज सुनते ही घर और आसपास के लोग आ गए उन्हें देखकर भेड़िया भाग गया। भेड़िया के दांत बेटे के गर्दन में धंस गए थे हम लोग उसे लेकर महसी सीएचसी पहुंचे जहां उसका इलाज चल रहा है।

घायल बच्चे पारस ने बताया हमारे घर में दरवाजा नहीं लगा है। मैं मां के साथ बरामदे में सो रहा था। तभी भेड़िए ने हमला किया मां अगर शोर नहीं मचाती तो भेड़िया मुझे उठा ले जाता। शनिवार को दरिया गांव के रहने वाले कुन्नु (55) पर भी भेड़िए ने हमला कर दिया। वह घर में सो रहे थे उनके चीखने की आवाज सुनकर घर वाले आ गए इसके बाद भेड़िया उन्हें छोड़कर भाग गया घर वालों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। सीएचसी महसी के चिकित्सक आशीष वर्मा ने बताया देर रात बच्चे और एक व्यक्ति को घायल अवस्था में लाया गया था। परिजनों ने बताया कि भेड़िए ने हमला किया है दोनों का इलाज किया जा रहा है।

### आयुक्त ने तहसील महसी के वन्यजीव प्रभावित क्षेत्र का किया भ्रमण

आयुक्त, देवीपाटन मण्डल, गोण्डा शशि भूषण लाल सुशील ने विधायक महसी सुरेश्वर सिंह के साथ तहसील महसी अन्तर्गत हिंसक जीव भेड़ियों के हमलों से प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर हिंसक जीवों के हमलों में मरने वाले बच्चों के परिजनों से भेंट कर संवेदना व्यक्त की। क्षेत्र भ्रमण के दौरान आयुक्त ने ग्राम पंचायत सिसईया चूड़ामणि के मजरा कुलैला में मुख्य वन संरक्षक रेनू सिंह के नेतृत्व में वन विभाग द्वारा ड्रोन कैमरों की मदद से किये जा रहे निगरानी कार्य का जायज़ा लिया। मुख्य वन संरक्षक ने आयुक्त को बताया कि हिंसक भेड़ियों का सही लोकेशन जानने हेतु गश्ती दलों द्वारा फुट प्रिन्ट खोजने के साथ–साथ आसमानों से भी ड्रोन एवं थर्मल ड्रोन कैमरों के माध्यम से सर्च आपरेशन संचालित किया जा रहा है। प्रभावित/सक्रियता क्षेत्रों में संवेदनशील स्थलों पर 08 ट्रैपिंग कैमरों के साथ–साथ सभी संभावित स्थानों पर पिजड़े भी लगाये गये हैं। वन विभाग की सक्रियता एवं अथक प्रयास के फलस्वरूप 01 माह के अन्दर 04 भेड़ियों को पकड़ा भी जा चुका है। मौके पर मौजूद मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह ने आयुक्त को बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर हिंसक भेड़िया के हमले से प्रभावित/सक्रियता क्षेत्रों में क्रिटिकल गैप योजना अन्तर्गत चिन्हित किये गये 40 स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाईट तथा 10 स्थानों पर सोलर हाईमास्ट लाईट की स्थापना कराई जा रही है। प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को शौच के लिए घर से बाहर न जाना पड़े इसके लिए पंचायती राज विभाग के माध्यम से शौचालय विहीन घरों को स्वच्छ शौचालय योजना से आच्छादित किया जा रहा है। दरवाज़ा विहीन घरों में बहराइच वन प्रभाग के सहयोग से दरवाज़े लगवाये जा रहे हैं। इसके अलावा प्रभावित क्षेत्र के आवासहीन लोगों को आवासीय योजना से भी आच्छादित किया जायेगा।भ्रमण के दौरान आयुक्त ने मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी महसी अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी रूपेन्द्र कुमार गौड़, खण्ड विकास अधिकारी हेमन्त यादव, क्षेत्र में गठित टास्क फोर्स के सदस्यों, वालंटियर्स, ग्रामवासियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए सभी स्टेक होल्डर्स को निर्देश दिया कि प्रभावित क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर सतर्कता बरतते हुए क्षेत्र में गश्त करें तथा आमजन को भी जागरूक करते रहें। आयुक्त ने ग्रामवासियों से अपील की है कि वन्यजीवों के हमलों के दृष्टिगत घर के बाहर न सोये। आयुक्त ने बताया कि सभी सम्बन्धित विभाग टीम भावना के साथ प्रयास कर रहे हैं, उन्हे आशा है कि शीघ्र ही हमलावर वन्य जीव पकड़ लिये जायेंगे। भ्रमण के दौरान वन संरक्षक देवीपाटन मण्डल मनोज सोनकर, प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच अजीत प्रताप सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों के सपनों को पूरा कर रही सरकार : रमाकर पांडेय

- एसकेएस कालेज सबलापुर में 142 छात्र-छात्राओं को बांटे टैबलेट

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़ बहराइच।**



सीतापुर हाईवे मार्ग के सबलापुर स्थित डॉक्टर सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रूप आफ इंस्टीट्यूटशंस में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना अंतर्गत टैबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कालेज चैयरमेन डा. सर्वेश कुमार शुक्ल ने मुख्य अतिथि तेजवापुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय व विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार राजेश श्रीवास्तव को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय ने अंतिम वर्ष के एएनएम,जीएनएम व पैरामेडिकल के 142 छात्र - छात्राओं को टैबलेट वितरण किया। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय ने कहा सरकार की इस योजना से विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से बढ़ावा मिलेगा और तकनीकी रूप से छात्र मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो वादा किया था। उसे पूरा किया जा रहा है। चैयरमेन सर्जन डॉ सर्वेश कुमार शुक्ल ने कहा कि युवा टैबलेट से आनलाइन पढ़ाई के साथ स्किल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ सकते हैं। इस मौके पर नायब तहसीलदार राजेश श्रीवास्तव, निदेशक पल्लवी शुक्ला, प्राचार्य हरीश नागर,मैनेजर आस्था शुक्ला, नीलेश तिवारी, गौरव पांडे, जेपी शुक्ल, महेंद्र शुक्ल, गुरमीत सिंह,आलोक कुमार शुक्ल, कृष्ण गोपाल, फूलचंद्र डावरिया,फरहत खान, आंचल सिंह, सौम्या सिंह, रोशनी सोनी, अशरफ खान समेत अन्य मौजूद रहें।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में सम्पन्न हुई खेल प्रतियोगिता



- एएसपी नगर ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को विद्या मंदिर इंटर कालेज माधवपुरी में संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर रमेश चंद्र पाण्डेय,सह प्रबंधक ओमपाल सिंह,राम शंकर मिश्र प्रधानाचार्य नानपारा,हरिओम वर्मा मिहींपुरवा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वेद प्रकाश मिश्रा एवं राजेंद्र कुमार मिश्रा ने किया। प्रतियोगिता शिशु वर्ग बाल वर्ग किशोर एवं तरुण वर्ग में आयोजित की गई। जिसमें 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 600 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर, 5000 मीटर की दौड़ प्रतियोगिताएं इंदिरा स्टेडियम बहराइच में संपन्न हुई। जबकि गोला फेक, चक्का फेक, भाला फेंक, ऊंची कूद, लंबी कूद आदि प्रतियोगिताएं विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि कुमार शुक्ला ने सभी अतिथि महानुभावों का परिचय कराया व खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रांतीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य ने आगे बताया कि प्रांतीय विज्ञान मेला अक्टूबर माह में सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित है द्य कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के उन्नति एवं विकास की हर क्षण चिंता करने वाले विद्यालय के प्रबंधक कमलेश कुमार अग्रवाल ने सभी मंचासीन अतिथियों कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित अभिभावकों का सहृदय आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर आलोक श्रीवास्तव, राजेंद्र प्रसाद मिश्र,राज कुमार वर्मा, शिव शरण पाण्डेय, करुणानंद, राजेश श्रीवास्तव,नीरज शुक्ल, जितेंद्र बाजपेई, अजय कुमार गांधी, दिनेश त्रिपाठी, संजीव यादव, अभिषेक सिंहानिया, ऋषि शंकर शर्मा, संदीप कनौजिया, सोनम तिवारी, अविनाश सिंह, कौशल त्रिपाठी, प्रीति सिंह,राम चरन शुक्ल, विजय अवस्थी, लक्ष्मी पाण्डेय, योगेश पाठक, अखिलेंद्र बाजपेई, एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# 20 घंटे से मोतीपुर तहसील की बिजली गुल

- उपकेंद्र का केबल ब्लास्ट होने से आई समस्या
- गर्मी से परेशान हुए लोग, जनरेटर का ले रहे सहारा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



> रात में हाई टेंशन लाइन को मिलने वाली आपूर्ति की केबल में ब्लास्ट हो गई थी। जिसका काम जिला मुख्यालय से बुलाई गई टीम द्वारा किया गया है लगभग 85 प्रतिशत काम हो गया है शेष काम पूरा होते ही बिजली आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।
> **मुबीन खान, अवर अभियंता**

नानपारा विद्युत केंद्र हाईवे के पीछे स्थित आपूर्ति केबल शनिवार शाम को बलास्ट कर गया। जिसके चलते रविवार दोपहर में भी बिजली आपूर्ति नहीं मिल सकी। मोतीपुर तहसील 100 से अधिक गांवों में बिजली आपूर्ति ठप है। भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। नानपारा बहराइच मार्ग के किनारे मिहीपुरवा को आपूर्ति देने वाली विद्युत उपकेंद्र स्थित है। इस केंद्र से मोतीपुर तहसील के 100 से अधिक गांवों को बिजली आपूर्ति दी जाती है। शनिवार शाम को चार बजे अचानक बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। लोगों ने रूटीन कटौती समझा, लेकिन देर रात में उपभोक्ताओं को पता चला कि केबल में फाल्ट है। उपकेंद्र के पीछे मुख्य सप्लाई की केबल में ब्लास्ट हो गया। इससे पूरे तहसील क्षेत्र के गांव की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। किसी तरह गर्मी में लोगों ने रात काटी। सुबह बिजली का इंतजार करने लगे। लेकिन बिजली विभाग द्वारा फाल्ट सही नहीं किया जा सका। जिसके चलते पूरे तहसील की दो लाख से अधिक आबादी बिजली और पानी के लिए परेशान दिखीं। कोई जनरेटर तो कोई सौर ऊर्जा का सहारा लेता दिखा।

## आशीष के जिला मुख्यालय पहुंचने पर हुआ स्वागत



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** प्रगतिशील विश्व मौर्य परिषद अखंड भारत सामाजिक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आशीष कुमार मौर्य का जिले में आगमन पर जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार मौर्य के नेतृत्व में मरीमाता पर जोरदार स्वागत किया ।उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष नें बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर पार्क में प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रदेश अध्यक्ष आशीष कुमार मौर्य नें कहा कि वर्तमान समय में मौर्य समाज पर आये दिन हमला व अन्य घटनायें हो रही है। इसलिए आप लोग समाज के बीच में जाकर लोगो के समस्या को सुनकर प्रशासन को अवगत करा कर समाधान कराएं। साथ में सदस्यता अभिभान अभी शुरुआत होने वाला है। उसमे बढ़ चढ़कर भाग ले। इस मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री सन्तोष कुमार मौर्य, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अजय मौर्य, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष मौर्य मधुर, हरिनाम सिंह कुशवाहा,मंडल प्रभारी लोकेश मौर्य,जिला प्रभारी पवन मौर्य, जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार मौर्य,शिवकुमार मौर्य,जीवन लाल मौर्य,संजय कुमार मौर्य,दीपक मौर्य ,अमित कुमार मौर्य,प्रदीप कुमार मौर्य ,सर्वेश कुमार मौर्य,अभय प्रकाश नारायण मौर्य ,मनीष मौर्य विपिन मौर्य प्रधान, अयोध्या प्रसाद मौर्य आदि लोगो के साथ संगठन के अन्य पदाधिकारी व समाज के उपस्थित रहे।

## छह लोगों पर केस दर्ज




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मुर्तिहा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि तीन माह पहले सोनू ने उससे बहला फुसलाकर शादी कर ली और अपने साथ उत्तराखंड लेकर चला गया। जिसमें उसका सहयोग रामलखन, विनोद और प्रमोद ने किया। कुछ दिन सही से रखने के बाद अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसका जबरन शारीरिक शोषण कराने लगा। विरोध जताने पर मारपीट करता था। इसके बाद उत्तराखंड के उधमसिंह जिले के काशीपुर निवासी दो अज्ञात व्यक्तियों के हाथ उसे बेच दिया। किसी तरह उक्त व्यक्तियों को चकमा देकर वह भाग आई और अपने भाई को फोन कर जानकारी देकर घर आ गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद सहित दो अज्ञात पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विधायक की गाड़ी में तोडफ़ोड़ व जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**अर्जुन पासी हत्याकांड**

- भीम युवा संगठन का अध्यक्ष है आरोपी देवेंद्र भीमराज
- 11 अगस्त को दलित युवक की हत्या मामले में विधायक की गाड़ी में हुई थी तोड़ फोड़
- नसीराबाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

*रायबरेली समृद्धि न्यूज़।*




रायबरेली में भाजपा विधायक पर हुए जानलेवा हमला मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी देवेंद्र भीमराज भीम युवा संगठन का अध्यक्ष बताया जा रहा है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में भी छापेमारी कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, यह मामला नसीराबाद थाना इलाके का है, यहां बीती 11 अगस्त को पिछ्वारिया गांव में अर्जुन पासी को घर से बुलाकर उसे गोली मार दी गई थी। इसी मामले में देवेंद्र के नेतृत्व में हत्या के एक दिन बाद सैकड़ों लोगों ने शव रख कर सड़क जाम कर दिया था। उसी दौरान क्षेत्रीय भाजपा विधायक अशोक कोरी मृतक के प्रति सहानुभूति जताने मौके पर पहुंचे थे। जहां विधायक की गाड़ी में तोड़फोड़ हुई थी। विधायक के ड्राइवर ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि जब विधायक गाड़र में मौजूद थे, तभी हमला हुआ था और किसी तरह विधायक जान बचाकर सुरक्षित निकले थे।

**आठ नामजद सहित छह अज्ञात के खिलाफ मुकदमा**

पुलिस ने तहरीर के आधार पर देवेंद्र भीमराज समेत आठ लोगों के खिलाफ नामज़द और तकरीबन साठ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। इसी मामले में नसीराबाद पुलिस ने भारी पुलिस बल के साथ अमेठी ज़िले में फुरसरगंज थाने के खैराना गांव स्थित देवेंद्र के गांव से उसे गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि इस मामले में अभी तक पुलिस का कोई आधिकारिक ब्यान सामने नहीं आया है। वहीं, भीम युवा संगठन के कुछ साथी एसपी ऑफिस पहुंचे, जहां सदर कोतवाल राजेश सिंह ने उनको एसपी ऑफिस गेट से भगाया।

**डीएम-एसपी को दी धमकी... देख लूंगा**



सलोन पुलिस द्वारा सलोन से भाजपा विधायक की गाड़ी पर हुए हमले के आरोप में भीम युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र भीमराज को गिरफ्तार किया गया है। इसके बाद भीम आर्मी के एक कार्यकर्ता द्वारा सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किया गया। इस वीडियो के जरिये युवक डीएम एसपी के लिये आपत्तिजनक बात कहते हुए युवक अंजाम भुगतने की धमकी दे रहा है। वीडियो में शेलेन्द्र कुमार ने कहा कि देवेंद्र भीमराज उसका बड़ा भाई है। जिसे आज उसके भाई की गिरफ्तारी की गई है उसका अंजाम भुगतना पड़ेगा। पूरा रायबरेली झेलेगा। एसपी, डीएम सचेत हो जाएं तुम्हारी हैसियत नही है तुम भैया को गिरफ्तार कर सको। समाज के लोगों को रायबरेली बुलाकर चक्का जाम किया जाए। दिल्ली में सरकार गिरा देंगे। भाजपा विधायक अशोक दल बहादुर कोरी व विशाल सिंह को दलाल कहते हुए युवक ने चेतावनी देते हुए उनके खिलाफ गाली गलौच भी की। जिला प्रशासन को चेतावनी भरे लहजे में अंजाम भुगतने की बात भी शेलेन्द्र कुमार कहता नजर आया।

# शराबी पति ने पत्नी को जिंदा जलाया, हालत गंभीर



- नए थानाध्यक्ष की तैनाती के बाद 24 घंटे में हुई बड़ी घटना
- क्राइम इंस्पेक्टर नहीं संभाल पा रहे क्राइम

**भदोखर रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार लगातार महिला अपराध पर लगाम लगाने के लिए बड़े-बड़े कानून बना रही है। लेकिन स्थानीय पुलिस प्रदेश सरकार के सभी दावों पर पानी फेरती नजर आ रही है और इसी का नतीजा है अपराध पर अंकुश लगाने में नाकामयाब है। अभी हाल ही में एसपी अभिषेक अग्रवाल ने भदोखर में नए थानाध्यक्ष की तैनाती की है। नवागंतुक थानाध्यक्ष की तैनाती के 24 घंटे भी नहीं बीते एक युवक ने बड़ी घटना हो अंजाम दे दिया। शराबी पति ने अपनी पत्नी को जिंदा जला दिया। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस से महिला को जिला अस्पताल पहुँचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

पूरा मामला भदोखर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर कुचरिया का है, जहां पर एक युवक शराब के नशे में अपने घर पहुंचता है तभी पत्नी इसका विरोध करती है। पत्नी के विरोध से आक्रोशित होकर शराबी पति आलोक ने अपनी पत्नी कल्पना को जिंदा जला दिया।

महिला की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने किसी तरह आग को बुझाया और 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मामले की भनक जब पुलिस को लगी तो जांच पड़ताल में जुट गई है। थानाध्यक्ष दयानंद तिवारी ने बताया पति-पत्नी के विवाद में यह घटना हुई है। पत्नी का इलाज जिला अस्पताल में हो रहा है। महिला के भाई की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है। पंजीकृत होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** रविवार की भोर में लगभग 5 :00 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में रमवापुर कला निवासी 70 वर्षीय बेचन लाल पुत्र राम नरायन की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों में कोहराम मच गया है।

घटना उस समय की है जब बेचन लाल सुबह की शुरुआत में पेशाब करने के लिए सड़क पार कर रहे थे। उसी समय एक तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बेचन लाल ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया, और घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग वहां इकट्ठा हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। बेचन लाल की अचानक और दर्दनाक मौत ने पूरे परिवार को सदमे में डाल दिया है। स्थानीय निवासियों और रिश्तेदारों ने भी इस दुखद घटना पर शोक व्यक्त किया है। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश जारी है।

### अनियंत्रित ऑटो रिक्शा ने बाइक को मारी टक्कर, तीन घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** हसनगंज गांव के पास तेज रफ़्तार ऑटो रिक्शा ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही एक मासूम समेत दम्पति सड़क पर गिर गए । जिससे उनको चोटे आ गई । एंबुलेंस से सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। एक की हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।महाराजगंज के रहने वाले रामानंद लगभग 30 वर्ष पुत्र रामपलटू अपनी पत्नी चांदनी उम्र लगभग 28 वर्ष व पुत्री वैशाली 6 वर्ष को मोटरसाइकिल से लेकर बछरावां क्षेत्र के मेडई खेड़ा मजरे इशिया गांव जा रहे थे । तभी लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर हसनगंज गांव के पास एक ऑटो रिक्शा ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी । जिससे सभी सड़क पर ही गिर गए। दुर्घटना में तीनों को गंभीर चोटें आ गई ।सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी को बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। रामनंद की हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टर इंद्र भूषण जायसवाल ने उसे रायबरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। कोतवाल ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि मामले की सूचना मिली है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### महिला का पेड़ से लटकता मिला शव

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जानकी खेड़ा मजरे बन्नावा गांव की रहने वाली सविता पत्नी महेश उम्र लगभग 23 वर्ष का शव कंजे के पेड़ के सहारे साड़ी के फंदे से लटकता हुआ, गांव के पास ही स्थित जंगल में मिला है। शव मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। जब ग्रामीणों ने शव को देखा। तो घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के भाई सुरेश ने बताया कि सविता का पति महेश जम्मू कश्मीर में नौकरी करता है। सविता अपने मायके कुबरहा थाना नगराम जनपद लखनऊ में थी। जब शनिवार को उसका पति वापस आया। तो वह अपनी बहन को लेकर उसकी ससुराल पहुंचा था। जहां देर शाम भोजन करने के बाद वह और महेश दोनों छत पर लेटने चले गए। मृतका के पति महेश ने बताया कि सविता नीचे कमरे में थी । रात को जब तकिया लेने नीचे उतरा। तो देखा सविता गायब थी। काफी देर तलाश करने के बाद जब उसका कुछ पता नहीं चला। तो घटना की सूचना यूपी 112 पुलिस को दी गई रात भर तलाश करने के बाद उसका कुछ पता नहीं चला। तड़के सुबह ग्रामीणों ने जंगल में साड़ी के फंदे से लटकते उसके शव के बारे में जानकारी परिजनों को दी। तो मौके पर पहुंचकर पहचान की गई । थानाध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है । तहरीर के मुताबिक केस दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

### कांवरियों में दिखते हैं महादेव : प्रभात साहू



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** दानेश्वर मंदिर से प्रभात साहू ने रवाना किया महादेव के भक्तों का जत्था। कस्बा स्थित सुप्रसिद्ध दानेश्वर मंदिर से महराजगंज कस्बे के करीब 15 लोगों के जत्थे को अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रभात साहू समाजसेवी पीयूष साहू और शुभम साहू ने प्रसाद वितरण किया तथा कांवरियों को एक–एक अंग वस्त्र भेंट कर महादेव के भक्तों का हौसला बढ़ाया। महराजगंज से बाबा बैजनाथ धाम के लिए जाएगा यह सभी शिव भक्त करीब 110 किमी पैदल यात्रा करते हुए महादेव का जल अभिषेक करेंगे। प्रभात साहू ने कहा हर वर्ष हमारे महराजगंज से शिव भक्तों का जत्था बाबा बैजनाथ धाम के लिए जाता है तथा इन भक्तों की सेवा करने से ही महादेव प्रसन्न हो जाते हैं और ज्यादातर हम सभी को चाहिए कि कांवरियों की सेवा करते रहना चाहिए जहां कहीं भी जाएं इनको किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए क्योंकि कांवरियों में ही शिव दिखते हैं ।इस मौके पर विनीत वैश्य राजकुमार नीरज सहित अन्य लोग मौजू रहे ।

# जिले में है झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार

- झोलाछाप से करवा रही थी गर्भपात, हालत बिगड़ने पर सड़क पर छोड़ा...मौत

**ऊंचाहार रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में गली गली गर्भपात केंद्र चल रहे है। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की आंखे बंद है, जिसका फायदा उठाकर झोलाछाप गरीबों को बहलाकर उनके जीवन से खेल रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण शनिवार की रात सामने आया, जहां गर्भपात करा रही झोलाछाप महिला ने मरीज की हालत बिगड़ने पर उसे अपने पति के साथ भेज दिया। रास्ते में ही उसकी हालत और बिगड़ गई। इससे घबराए पति ने उसे सड़क पर छोड़कर भाग गया। जिससे महिला की मौत हो गई है।

घटना क्षेत्र के बहेरवा चौराहा के पास स्थित क्लीनिक का है। यहां पर अरसे से महिलाओं का गर्भपात कराया जाता रहा है। इसका संचालन एक अकुशल महिला करती है। क्षेत्र के गांव डिडौली निवासी शिवकेश की पत्नी को शनिवार की दोपहर इस केंद्र में भर्ती कराया गया था। बताया जाता है कि उसे सात माह का गर्भ था, जिसका गर्भपात कराने के लिए उसे लाया गया था। गर्भपात की राशि साढ़े छह हजार तय हुई थी। महिला को गर्भपात की दवा दी गई, किंतु भ्रूण काफी बड़ा होने के कारण उसे नष्ट नहीं किया जा सका और शनिवार की रात उसकी हालत काफी खराब हो गई।

**केंद्र संचालिका का पति मरीज को पहुंचाता है केंद्र पर**

केंद्र संचालिका का पति जो खुद ई–रिक्शा चालक है, उसने मरीज को अपनी ई–रिक्शा पर बैठाया और सीएचसी ले जा रहा था। बताते हैं कि महिला की रास्ते में ही मौत हो गई थी, जिसके कारण केंद्र संचालिका का पति सीएचसी गेट पर ही उसे सड़क पर छोड़कर भाग गया। बाद में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतका के भाई शैलेश ने केंद्र संचालिका पर बहुत गंभीर आरोप लगाया है। वहीं, सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल को मामले की जानकारी ही नहीं है। उनका कहना है कि शिकायत मिली तो जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक-साइकिल की टक्कर में बाइक सवार घायल

**खीरों रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** खीरों कस्बे में पंचायत भवन के पास बाइक व साइकिल में आमने–सामने टक्कर हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार व साइकिल सवार को सीएचसी खीरों में भर्ती कराया गया। वही साइकिल सवार को मामूली चोट आई है। खीरों थाना क्षेत्र के बड़ा भगतखेड़ा गांव के मूल निवासी राहुल पुत्र वासदेव 21 वर्ष, विजऊ पुत्र रामेश्वर 35 वर्ष निवासी दुबेनखेड़ा रविवार को सुबह 7 बजे कस्बे के पंचायत भवन के पास बाइक सवार व साइकिल सवार आमने सामने से भिड़त हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार राहुल बाइक लेकर गिरकर घायल हो गया। वही स्थानीय लोग की मदद से तत्काल घायलों को सीएचसी खीरों अस्पताल में भर्ती कराया गया। वही बाइक सवार राहुल की इलाज के दौरान हालात नाजुक होने पर डॉक्टरो द्वारा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वही साइकिल सवार विजऊ को मामूली चोट आई थी डॉक्टरो द्वारा इलाज कर घर भेज दिया गया है।

# फर्जी प्रमाण पत्र मामले में आरोपी से मिले थे डॉक्टर : संतोष पाण्डेय

- प्रशासन करवा ले जांच भूमिका मिलेगी संदिग्ध
- करोड़ों की प्रॉपर्टी के मालिक हैं डॉक्टर शिवकुमार आखिर कहां से आया पैसा : संतोष पांडे

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



रायबरेली के सलोन तहसील के अंतर्गत फर्जी जन्म प्रमाण पत्र का एक बहुत बड़ा मामला सामने आया था जिस पर उत्तर प्रदेश सरकार ने संज्ञान लेते हुए इस पूरे मामले की छानबीन के लिए यूपी एटीएस को लगा दिया था जिस पर कई गिरफ्तारियां भी हुई है वही मामले में नया मोड़ आता दिख रहा है जब रायबरेली के ही भाजपा के कार्यकर्ता संतोष पांडे ने जिला अस्पताल में डॉक्टर शिवकुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजपा कार्यकर्ता संतोष पांडे के अनुसार मैंने एक पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को लिखा था जिसको संज्ञान लेते हुए उन्होंने विशेष सचिव महोदय ने फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले सलोन क्षेत्र के मोहम्मद नब्बन और सुनील कुमार धोबी की जांच के आदेश दिए हैं वही संतोष पांडे ने यह भी आरोप लगाया है कि रायबरेली की जिला जेल में बंद दोनों आरोपियों से रायबरेली के जिला अस्पताल के डॉक्टर शिवकुमार के द्वारा मुलाकात की गई। डॉक्टर शिवकुमार जो ग्राम औना सदरा तहसील सलोन में अपना नाम पता और व्यवसाय छुपा करके करोड़ों की जमीन अपने नाम रजिस्ट्री कराए है। उनकी उसे रजिस्ट्री में फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले सुनील धोबी गवाह है।

**फर्जी प्रमाण पत्र बनाने में शामिल आरोपियों से डॉक्टर के क्या हैं संबंध**

संतोष पांडे ने आरोप लगाया है कि सलोन में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले पकड़े गए हैं इन सब के संबंधों की जांच, इन सभी के मोबाइल की जांच अति आवश्यक है अगर इन सब के मोबाइल तत्काल प्रशासन ने अपने गिरफ्त में ले ले तो एक बड़ा माफियाओं का मकरजाल समाज के सामने आ जाएगा क्योंकि डॉक्टर शिवकुमार द्वारा लिखित में दिया गया है कि वह कोई प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं करते हैं उनके पास आय से अधिक संपत्ति नहीं है फिर उनके पास उनके नौकरों और उनके परिवार के लोगों के पास करोड़ों की अवैध चल चल संपत्ति कहां से आ गई, क्योंकि जांच बड़े लेवल पर होने जा रही है।

**जिला प्रशासन से अपनी जान माल की लगाई गुहार**

संतोष पांडे ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान यह भी बताया कि हमारी जान माल की सुरक्षा तत्काल प्रभाव से की जानी चाहिए नहीं तो यह दबंग लोग हैं इनके पास करोड़ों रुपए है। रुपयों की कोई कमी नहीं है यह कभी भी मेरी हत्या कर सकते हैं या करवा सकते हैं। जिला अधिकारी महोदय द्वारा गंगा राम हॉस्पिटल में बिना डिग्री के नाक कान गले की जांच करने वाले और उसकी रिपोर्ट देने वाले सुमित कुमार के ऊपर कार्रवाई करने के लिए सीएमओ को लिखा है लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किया है अगर सीएमओ महोदय दो–तीन दिन के अंदर गंगाराम हॉस्पिटल को सील करके और फर्जी जांच रिपोर्ट देने वाले सुमित कुमार को गिरफ्तार नहीं करवाते हैं तो सीएमओ के खिलाफ धरना प्रदर्शन चालू हो जाएगा।

# कर्बला के शहीदों की याद में आंखें हुईं नम

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



शनिवार की रात को उतरौला के गांव अमया देवरिया में दरगाह हज़रत अब्बास पर ख़मसा की दूसरी मजलिस का इनइक़ाद हुआ। इस मजलिस का एहतिमाम इशरत हुसैन, अशफाक हुसैन और रईस मेंहदी ने किया। मजलिस को मुजफ्फर नगर से तशरीफ़ लाए मौलाना मोहम्मद हुसैन हुसैनी ने खिताब किया, जबकि निज़ामत के फराइज़ इमरान उतरौलवी ने अंजाम दिए। मजलिस का आग़ाज़ तिलावत-ए-कलाम-ए-पाक से हुआ।

मजलिस से पहले साजिब रिज़्वी, जीशान मेंहदी, मीसम उतरौलवी, सदाकत उतरौलवी, नूर इलाही, और कामिल हाशमी ने अपने-अपने कलाम पेश किए, जिनसे मजलिस का माहौल और भी रूहानी हो गया।

मौलाना मोहम्मद हुसैन हुसैनी ने अपने खिताब में फरमाया कि इमाम हुसैन ने सिर्फ दीन-ए-इस्लाम ही नहीं, बल्कि पूरी आलम-ए-इंसानियत को बचाया। आज अगर दुनिया में इंसानियत सलामत है, तो वो इमाम हुसैन की कुर्बानी की बदौलत है। मौलाना ने यह भी फरमाया कि अरबईन के मौके पर सिर्फ मुसलमान ही नहीं, बल्कि हर मज़हब और फिरके के लोग कर्बला पहुंचते हैं ताकि इमाम हुसैन के पैग़ाम को पूरी दुनिया तक पहुंचा सकें।

मजलिस के आख़िर में मौलाना ने शोहदा-ए-कर्बला का मसाएब बयान किया, जिससे मजलिस में मौजूद तमाम अज़ादारों की आंखें अश्कबार हो गईं। इस मौक़े पर मोजिद हुसैन, फहमीद रज़ा, अली सज्जाद, इजहरुल हसन, हसन मेंहदी, यावर हुसैन, जौन जाफरी, हसनैन, सईदुल साजदीन, मोनिस रिज़्वी, अली जहीर हाशमी, मुस्तफा हैदर, हबीब हैदर, शबाब हैदर, अली, कायम मेंहदी, और नौशाद मेंहदी समेत कई अहलान-ए-दीगर मौजूद रहे।

### मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** नीमटीकर गांव में शनिवार रात एक मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।क्षेत्र के नीमटीकर गांव का रहने वाला बिंदा प्रसाद उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र सुर्जन प्रसाद मजदूरी का काम करता था। शनिवार रात किसी बात से नाराज होकर उसने घर कमरे के अंदर लगे पंखे से लटक कर फांसी लगा ली। परिजनों ने जब कमरे के अंदर देखा तो उसका शव लटकता हुआ पाया। बिंदा की मौत से घर में कोहराम मच गया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। कोतवाली प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि मामले की सूचना मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच की जा रही है ।तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# एक ही रात में दो घरों से लाखों की नकदी व जेवरात चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**गुरबक्शगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

गर्मी के दिनों में चोरियों का बोलबाला रायबरेली पुलिस नहीं लगा पा रही है लगाम मामला स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह व राहुल गांधी की संसदीय क्षेत्र खागीय खेड़ा गांव में चोरों ने घर की दीवार फांदकर सोने चांदी के जेवरात व नगदी समेत करीब 12 लाख रुपए का सामान चोरी कर लिया।

चोरी की घटना को लेकर गुरबक्श गंज पुलिस जांच में जुट गयी है। बेखौफ चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम घर की दीवार फाद कर अलमारी व बक्से का ताला तोड़ते हुए सोने चांदी के जेवरात व नगदी समेत करीब 12 लख रुपए का सामान पार कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है वही गुरबख्शगंज थाना अध्यक्ष प्रवीर गौतम ने बताया कि थाना क्षेत्र के ही खागीय खेड़ा गांव के एक व्यक्ति ने थाने पर उपस्थित होकर चोरी हो जाने का प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस टीम भेज कर घटना की जांच पड़ताल कराई जा रही है। दरअशल गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र के खागीय खेड़ा गांव में बेखौफ चोरों ने रविवार को चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया है। यह एक घर की दीवार फांदकर घर में रखे अलमारी व बक्से का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात व नगदी समेत करीब 12 लाख रुपए का सामान चुरा ले गए। घटना की जानकारी से गाँव में हड़कप मच गया है।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी के छटे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

- श्रद्धालुओं ने किया भगवान श्री कृष्ण का विशेष पूजन

**उतरौला(बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



श्री कृष्ण जन्माष्टमी के छठे दिन नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में भगवान श्री कृष्ण के छठी के पावन अवसर पर भव्य पूजन, महाअभिषेक और भंडारे का आयोजन किया गया। नगर के विभिन्न मंदिरों और पूजा समितियों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने भगवान श्री कृष्ण के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

उतरौला बाजार के प्रमुख मंदिरों जैसे मां ज्वाला महारानी मंदिर, श्री कृष्ण जन्माष्टमी पूजा समिति (गुप्ता टेंट), श्री हनुमान गढ़ी मंदिर, श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर गांधीनगर पुलिस चौकी और श्री दुःख हरणनाथ मंदिर में भगवान श्री कृष्ण की छठी का विशेष आयोजन किया गया। शाम होते ही मंदिर परिसर बच्चे, महिलाएं और पुरुष श्रद्धालुओं से भर गए। रात 9 बजे भगवान श्री कृष्ण की छठी का महाअभिषेक और पूजन संपन्न हुआ, जिसके बाद भक्तों ने आरती में भाग लिया। नगर की विभिन्न श्री कृष्ण जन्माष्टमी पूजा समितियों में देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सभी ने प्रसाद चढ़ाकर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए भगवान से आशीर्वाद मांगा।

इस पावन अवसर पर पंडित गोपाल महाराज और पुजारी पंडित चतुरेश शास्त्री द्वारा पूजन संपन्न हुआ। आयोजन में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप गुप्ता, महेंद्र प्रताप सिंह, संतोष कसौधन, नव युवा सभा कमेटी के प्रमुख सदस्य अमन गुप्ता, अभय कौशल, आशीष कसौधन एडवोकेट, जीतू कौशल, शुभम गुप्ता, राजू गुप्ता, दीपू कौशल, गोलू कसौधन, मोहित गुप्ता, संतोष कौशल, आर्यन कसौधन, और राहुल गुप्ता समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रभारी निरीक्षक संजय दूबे, उपनिरीक्षक स्वतंत्र गुप्ता और अन्य पुलिसकर्मी तैनात थे, जिन्होंने इस बड़े आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के छठे दिन के इस भव्य आयोजन ने नगर में भक्ति और उत्साह का वातावरण बनाया। श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति ने इस अवसर को और भी विशेष बना दिया। भगवान श्री कृष्ण के इस पर्व ने समाज में एकता और सद्भाव का संदेश दिया, और भक्तों ने पूरी श्रद्धा और प्रेम के साथ इस पवित्र दिन का आनंद लिया।

**श्री कृष्ण जन्मोत्सव के समापन पर जगह-जगह हुआ भव्य भंडारे का आयोजन**




श्री कृष्ण जन्मोत्सव के छठे दिन नगर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों और कृष्ण भगवान की प्रतिमा रखे पंडालों में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस पवित्र अवसर पर नव युवा सभा कमेटी गोंडा मोड़ तिराहा द्वारा चौथा विशाल भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया। भव्य भंडारे के आयोजन में क्षेत्र के प्रमुख सामाजिक और राजनीतिक व्यक्तित्वों की भी उपस्थिति देखी गई। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्ता, भाजपा जिला संयोजक महेंद्र प्रताप सिंह, रूपेश गुप्ता, प्रेम प्रकाश गुप्ता, संतोष गुप्ता, और रामप्रकाश गुप्ता जैसे गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। नव युवा सभा कमेटी के सदस्य अमन गुप्ता, अभय कौशल, आशीष कसौधन एडवोकेट, जीतू कौशल, शुभम गुप्ता, राजू गुप्ता, दीपू कौशल, गोलू कसौधन, मोहित गुप्ता, संतोष कौशल, आर्यन कसौधन और राहुल गुप्ता भी आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल रहे। श्री कृष्ण जन्मोत्सव के इस भव्य आयोजन ने नगर में भक्ति और उत्साह का माहौल बना दिया। भंडारे में शामिल सभी श्रद्धालुओं ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का परिचय दिया। इस आयोजन ने समाज में एकता और प्रेम का संदेश फैलाया, जो कृष्ण भगवान के जीवन और उपदेशों का सार है। नव युवा सभा कमेटी द्वारा इस प्रकार के आयोजन ने नगर के युवाओं में धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया है।

# स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, हृदय रोगियों को दिया गया निःशुल्क जांच व परामर्श

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



न्यू बलरामपुर पैथोलॉजी के निकट रविवार को एक स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें हृदय रोगियों के लिए निशुल्क जांच और परामर्श उपलब्ध कराया गया। इस शिविर में लखनऊ के गोयल सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डीएम कार्डियोलॉजी और केजीएमसी के डॉक्टर अजीत सिंह ने 112 मरीजों की निशुल्क ओपीडी देखी और उन्हें परामर्श प्रदान किया।

स्वास्थ्य शिविर में शामिल होने के लिए नगर और आसपास के क्षेत्रों से हृदय संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीज बड़ी संख्या में पहुंचे। डॉक्टर अजीत सिंह ने व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक मरीज की जांच की और उन्हें उनकी स्थिति के अनुसार उपचार और परामर्श दिया। निशुल्क जांच और परामर्श की इस सुविधा ने मरीजों को राहत दी, जो महंगी जांच और इलाज के लिए असमर्थ थे। मरीजों ने शिविर में शामिल होकर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया और निशुल्क जांच व परामर्श पाकर काफी प्रसन्न दिखे। स्वास्थ्य शिविर में हृदय संबंधी विभिन्न समस्याओं जैसे उच्च रक्तचाप, धड़कन की अनियमितता, सीने में दर्द, और अन्य हृदय रोगों के लिए निशुल्क ईसीजी, रक्त परीक्षण, और अन्य आवश्यक जांच की गई। इसके साथ ही, डॉक्टर अजीत सिंह ने प्रत्येक मरीज को उनकी रिपोर्ट के आधार पर उचित दवाएं और जीवनशैली में बदलाव के सुझाव दिए। शिविर का उद्देश्य न केवल तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करना था, बल्कि हृदय रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मरीजों को उनके स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए प्रेरित करना भी था। इस अवसर पर डॉ. अजीत सिंह ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रत्येक माह की पहली तारीख को किया जाएगा, ताकि हृदय रोगियों को निरंतर निशुल्क जांच और परामर्श मिल सके। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य हृदय रोगों से जूझ रहे लोगों को नियमित और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सके। स्वास्थ्य शिविर का यह आयोजन नगर में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, जहां हृदय रोगियों को निशुल्क सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस शिविर ने मरीजों को न केवल चिकित्सा सहायता दी, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया।

## पक्षियों पर भी कहर बरपाती बारिश

वास्तव में अति बारिश जैसी आजकल हो रही है, न केवल पक्षियों के घोसलों को गीला और असुविधाजनक बना देती है, बल्कि उनके लिए भोजन ढूंढ़ना या खुद को गर्म रखना भी मुश्किल कर देती है। लंबे समय तक बारिश के कारण पक्षी हाइपोथर्मिया या भूख से मर जाते हैं। इन दिनों बारिश शुरू होते ही, चाहे वह कितनी ही मूसलाधार और जानलेवा ही क्यों न हो, सोशल मीडिया में कई रोमांच वीर तरह-तरह की भाव-भंगिमाओं वाली सेल्फी शेयर करने लगते हैं। लेकिन जब हम पक्षियों से जंगल और उनके घर यानी पेड़ छीनकर कंक्रीट के बसेरे में बारिश का लुत्फले रहे होते हैं, ठीक उन्हीं पलों में लाखों पक्षी बारिश से बेबस होकर जान दे रहे होते हैं। जी, हां यह कोई काल्पनिक रूदन नहीं है, सैकड़ों वाइल्डलाइफफोटोग्राफरों का भावुक कर देने वाला अनुभव है। वास्तव में अति बारिश जैसी आजकल हो रही है, न केवल पक्षियों के घोसलों को गीला और असुविधाजनक बना देती है, बल्कि उनके लिए भोजन ढूंढ़ना या खुद को गर्म रखना भी मुश्किल कर देती है। लंबे समय तक बारिश के कारण पक्षी हाइपोथर्मिया या भूख से मर जाते हैं। हां, जब उनके घने जंगल थे, जंगलों में पत्तों से भरे पेड़ थे, तब उनके लिए भी बारिश पिकनिक होती थी। लेकिन अब हर गुजरते साल उनके लिए बारिश एक जानलेवा बुरा अनुभव बनती जा रही है। पक्षियों के लिए जानलेवा अति बारिश में उनके जलरोधी पंख वास्तव में शिथिल हो जाते हैं और उनका सिर भीग जाता है। इससे उन्हें ठंड लग जाती है और वे मर जाते हैं। छोटे पक्षी अक्सर भारी बारिश में आश्रय खोजने की कोशिश में परेशान देखे जाते हैं। दरअसल, पक्षी अपने पंखों के नीचे हवा की छोटी-छोटी परतें बनाकर रखते हैं, जो उन्हें गर्म रखती हैं। लेकिन जब बारिश अति में हो रही हो तो वे हार जाते हैं। इस स्थिति में बारिश के संपर्क में आने वाले अमेरिकी केस्ट्रेल अपनी चयापचय दर को बढ़ाते हैं, संभवत: गर्मी के नुकसान की भरपाई के लिए। लेकिन देखा गया है कि पक्षी जितना छोटा होता है, अति बारिश उसके लिए उतनी ही डरावनी होती है। क्योंकि छोटे पक्षियों का सतह-क्षेत्र-से-आयतन अनुपात अधिक होता है, जिसका अर्थ है कि वे अधिक तेजी से गर्मी खो देते हैं, और उनके पास आम तौर पर कम ऊर्जा भंडार होते हैं। यही कारण है कि अक्सर मूसलाधार बारिश के दौरान देखने में आता है कि छोटे पक्षी बदहवासी से आश्रय की तलाश में होते हैं जबकि टर्की गिद्धों का झुंड पेड़ की चोटी पर पंख फैलाकर बारिश में नहाता हुआ देखा जाता है।
वहीं जिन पक्षियों को यह सुविधा होती है, वे बारिश के समय झाड़ियों के झुरमुटों में, नरकटों में, इंसानी घरों के छज्जों के नीचे, अपने घोसले के छिद्रों में छिपने या बचने की कोशिश करते हैं। लेकिन यह पक्षियों को अनिवार्य रूप से हासिल कोई सुनिश्चित सुविधा नहीं है और हो भी तो आखिर पक्षियों को नियमित खाने की भी तो जरूरत होती है। सच में भूख पक्षियों के लिए बारिश का दूसरा खतरा है। आप कुछ मिनटों या घंटों की बारिश में तो छिप सकते हैं, लेकिन एक हफ्ते तक चलने वाली बारिश में क्या करेंगे? दरअसल, जब बारिश शुरू होती है तब तो पक्षी कुछ समय के लिए गायब हो जाते हैं, लेकिन अगर यह कुछ समय तक लगातार होती है, तो पक्षी फ़िर से दिखाई देने लगते हैं। क्योंकि वे भोजन की तलाश बंद नहीं कर सकते हैं, खासकर अगर उनके पास खिलाने के लिए चूजे हों।

# वैश्विक संकेत : अमेरिकी बादशाहत का अंत निकट तो नहीं

– प्रहलाद सबनानी



**वर्ष 1776 में जब पूंजीवाद के जनक कहे जाने वाले एडम स्मिथ ने अपनी कृति ÷द वेल्थ आफ नेशनस÷ नामक किताब जारी की थी उस समय पूंजीवाद अपने शैशावस्था में ही था। उनका महत्वपूर्ण मुख्य सिद्धांत था कि व्यवसायी, जो अपनी लाभप्रदता को अधिकतम करना चाहते हैं, वे अपने व्यवसाय को बहुत ही कुशलता के साथ चलाना चाहते हैं। इस तरह ये व्यवसायी न केवल अपने आप को धनाडय बनाएंगे बल्कि वह देश इन धनाढ्यों के संसाधनों को जोड़कर स्वयं भी एक धनी देश बन जाएगा। पूरी 19वीं शताब्दी एवं 20वीं शताब्दी में अमेरिका इसी सिद्धांत पर कार्य करता रहा है एवं अपने देश में धनाढ्यों की संख्या में अपार वृद्धि करता रहा है। इससे अमेरिकी नागरिकों में व्यक्तिवाद पनपा एवं वे परिवार एवं समाज के भले को भूलकर केवल अपने बारे में ही सोचने लगे एवं अपने व्यापार को पूरे विश्व में फैलाने लगे।**

अमेरिका विश्व के लगभग समस्त देशों पर अपनी चौधराहट सफलतापूर्वक लागू करता रहा है। पूरे विश्व में, एक तरह से लगभग समस्त क्षेत्रों में, विभिन्न प्रकार की नीतियों को प्रभावित करने में अमेरिका सफल रहा है एवं इस प्रकार अपनी प्रसारवादी नीतियों को भी लागू करता रहा है। परंतु, हाल ही के वर्षों में अमेरिका की आंतरिक स्थिति, लगभग समस्त क्षेत्रों यथा आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक आदि में लगातार बिगड़ती जा रही है। अमेरिका सहित विकसित देशों की, आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र में, आंतरिक स्थिति को देखते हुए अब तो पश्चिमी सभ्यता पर ही प्रश्नचिन्ह लगने लगे हैं। अमेरिका सहित अन्य विकसित देशों में आर्थिक विपन्नता एवं परिवार तथा समाज के खंड-खंड होने के बाद पश्चिमी सभ्यता को पतित सभ्यता कहा जाने लगा है और इसे अब अमेरिकी बादशाहत के अंत की शुरुआत भी माना जाने लगा है।

अमेरिका में तो राष्ट्रीय ऋण 35 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है जबकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था का आकार, सकल घरेलू उत्पाद के आधार पर, लगभग 25 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। इसका आशय यह है कि आय की तुलना में ऋण अधिक ले लिया गया है। अमेरिकी वित्त व्यवस्था पर दबाव इतना अधिक बढ़ गया है कि अमेरिकी सरकार को अपने सामान्य खर्चों को चलाने के लिए भी बाजार से और अधिक ऋण लेने की आवश्यकता पड़ती है और इस उद्देश्य से प्रति वर्ष अमेरिकी संसद में स्वीकृति प्राप्त करने हेतु पहुंचना होता है। यह स्थिति है विश्व के सबसे अधिक शक्तिशाली देश अमेरिका की।

वर्ष 1776 में जब पूंजीवाद के जनक कहे जाने वाले एडम स्मिथ ने अपनी कृति ÷द वेल्थ आफ नेशनस÷ नामक किताब जारी की थी उस समय पूंजीवाद अपने शैशावस्था में ही था। उनका महत्वपूर्ण मुख्य सिद्धांत था कि व्यवसायी, जो अपनी लाभप्रदता को अधिकतम करना चाहते हैं, वे अपने व्यवसाय को बहुत ही कुशलता के साथ चलाना चाहते हैं। इस तरह ये व्यवसायी न केवल अपने आप को धनाडय बनाएंगे बल्कि वह देश इन धनाढ्यों के संसाधनों को जोड़कर स्वयं भी एक धनी देश बन जाएगा। पूरी 19वीं शताब्दी एवं 20वीं शताब्दी में अमेरिका इसी सिद्धांत पर कार्य करता रहा है एवं अपने देश में धनाढ्यों की संख्या में अपार वृद्धि करता रहा है। इससे अमेरिकी नागरिकों में व्यक्तिवाद पनपा एवं वे परिवार एवं समाज के भले को भूलकर केवल अपने बारे में ही सोचने लगे एवं अपने व्यापार को पूरे विश्व में फैलाने लगे। इससे अमेरिका में गरीबों की संख्या में लगातार वृद्धि होती रही। अमेरिका की 1940 के दशक में पूरे विश्व के विनिर्माण क्षेत्र में 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी हो गई थी, परंतु अब यह घटकर 17 प्रतिशत से भी कम हो गई है। कई उद्योगों के मामले में उत्पादन का जो एकाधिकार अमेरिका के पास होता था वह एकाधिकार अब अन्य देशों के पास चला गया है। अमेरिकी कम्पनियों ने कुशल कर्मचारियों को आकर्षित करने के उद्देश्य से कर्मचारियों के स्वास्थ्य खर्चे की पूरी लागत स्वयं वहन करना प्रारम्भ किया था।

अमेरिका में श्रम लागत भी बहुत अधिक बढ़ चुकी थी, अन्य देशों में श्रमिक, अमेरिकी श्रम लागत की तुलना में, आधी से भी कम राशि में ही काम करने को तैयार हो रहे थे। इस बीच अमेरिकी सरकार ने आय कर की दरें भी बढ़ाकर 35 प्रतिशत से अधिक कर दी थीं। जबकि अन्य देशों में आय कर की दरें 20/25 प्रतिशत थीं। इससे अमेरिका में विभिन्न उत्पादों की उत्पादन लागत बढ़ने लगी। अतः धीरे-धीरे अमेरिका में विनिर्माण इकाईयां बंद होने लगीं। वर्ष 1979 में अमेरिका में 20 प्रतिशत श्रमिक विनिर्माण इकाईयों में कार्यरत थे अब यह संख्या घटकर 10 प्रतिशत से भी कम हो गई है। अमेरिका में 2 करोड़ कर्मचारी विनिर्माण इकाईयों में कार्य कर रहे थे जो घटकर 1 करोड़ 20 लाख हो गए हैं।

अमेरिका में जब प्रथम राष्ट्रपति ने शपथ ली थी उस समय 10 श्रमिकों में से 9 श्रमिक कृषि क्षेत्र में कार्यरत थे (छोटे कृषक) जबकि आज केवल 2 प्रतिशत श्रमिक ही कृषि क्षेत्र में कार्य करते हैं। इस प्रकार अमेरिका में रोजगार की दृष्टि से कृषि एवं उद्योग क्षेत्र में बहुत अधिक संकुचन हुआ है। 1950 के दशक से लेकर अमेरिका में स्टील उद्योग, कपड़ा उद्योग (वस्त्र, परिधान एवं टेक्सटाइल), उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग लगभग समाप्त से हो गए हैं। वाहन उद्योग के क्षेत्र की बड़ी-बड़ी कम्पनियों ने अपनी विनिर्माण इकाईयां चीन आदि देशों में स्थापित की हैं। साथ ही, जापान की कई कम्पनियों ने वाहन के क्षेत्र में अमेरिका में आकर अपनी विनिर्माण इकाईयों की स्थापना की है। इस प्रकार, कुल मिलाकर उक्त उद्योगों में अमेरिकी मूल के नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर बहुत कम हो गए हैं अथवा बिलकुल ही समाप्त हो गए हैं। अमेरिका में उपयोग हो रहे स्मार्ट सेल फोन के 50 प्रतिशत से अधिक उपकरण आयात किए जा रहे हैं एवं इनका उत्पादन अमेरिका में नहीं हो रहा है। ब्यूरो ऑफ लेबर स्टेटिस्टिक्स- मासिक लेबर रिव्यू दिसम्बर 2016 के अनुसार, अमेरिका में प्रति घंटा वास्तविक मजदूरी दर-वर्ष 1947 में 5.35 अमेरिकी डॉलर थी जो वर्ष 1973 में बढ़ कर 9.26 अमेरिकी डॉलर हो गई। परंतु, उसके बाद से लगभग उसी स्तर पर बनी हुई है जो वर्ष 2015 में 9.07 अमेरिकी डॉलर थी। वर्ष 1947 से 1973 के बीच प्रति घंटा वास्तविक मजदूरी दर 73 प्रतिशत से बढ़ी थी जबकि इसी दौरान उत्पादकता में 95 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। वहीं, वर्ष 1973 से 2015 के बीच प्रति घंटा वास्तविक मजदूरी दर 3 प्रतिशत कम हुई है और उत्पादकता 109 प्रतिशत बढ़ी है। इस बीच रोजगार के नए अधिकतम अवसर उच्च मजदूरी वाले क्षेत्रों से घटकर कम मजदूरी वाले क्षेत्रों में बढ़े हैं।

जैसे विनिर्माण इकाईयों के बंद होने से भारी संख्या में श्रमिक वर्ग को सेवा क्षेत्र में कम मजदूरी के रोजगार स्वीकार करने पड़े है। वर्ष 1979 के बाद से 40 प्रतिशत से अधिक रोजगार के अवसर विनिर्माण क्षेत्र में कम हुए हैं। साथ ही, तकनीकी विकास ने भी उत्पादकता तो बढ़ाई है परंतु मजदूरी की दरें नहीं बढ़ पाई हैं। अमेरिका में समय के साथ-साथ विनिर्माण इकाईयां बंद होती गईं एवं उच्च तकनीकी, सूचना आधारित सेवा क्षेत्र में, सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्र में, रोजगार के अधिक अवसर उभरते गए।

**विचार**

# पूर्वोत्तर में बढ़ती रेल दुर्घटनाएं केवल लापरवाही है या आतंकी षड्यंत्र ?

रमेश शर्मा



भारत के पूर्वोत्तर में होने वाली रेल दुर्घटनाओं में अचानक वृद्धि देखी गई। इन दुर्घटनाओं ने यह प्रश्न भी खड़ा किया कि दुर्घटनाओं की यह वृद्धि केवल मेन्टेनेन्स का अभाव है या कोई आतंकवादी षड्यंत्र। जून, जुलाई और अगस्त के तीन माह में बंगाल, झारखंड, उड़ीसा और असम रेलवे परिक्षेत्र में छह बड़ी रेल दुर्घटनाएँ हुईं। और दो होते-होते बचीं। इनमें चार दुर्घटनाओं में रेलगाड़ियाँ पटरी से उतरीं और दो रेलगाड़ियाँ गलत पटरी पर चलीं गईं और दूसरी रेलगाड़ी से टकरा गईं।

जो दो रेलगाड़ियाँ दुर्घटना से बच गई, इन दोनों की रेल पटरी पर लकड़ी रखी पाई गई थी। यदि चालक गाड़ी नहीं रोकता तो दुर्घटना अवश्य होती। दोनों में लकड़ी रखे होने का तरीका एक-सा था। यही बात चौंकाने वाली थी। क्या एक ही तरह से दो पटरियों पर लकड़ी का मिलना सामान्य संयोग ही था या किसी षड्यंत्र का हिस्सा? एक ही तरीके से दो रेल पटरियों पर लकड़ी मिलने की घटना से ही सबका ध्यान दुर्घटनाओं की ओर ध्यान आकर्षित हुआ और जांच एजेन्सियों ने सभी ऐंगल पर सोचना शुरू किया। जो छह बड़ी रेल दुर्घटनाएँ हुईं, उनमें एक दुर्घटना पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अंतर्गत एक मालगाड़ी और कंचनजंगा एक्सप्रेस के बीच हुई । इस घटना में मालगाड़ी सिंग्नल की त्रुटि से गलत ट्रेक पर चली गई थी और अगरतला से सियालदह, कोलकाता जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। एक दुर्घटना झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले के बीच हुई। इसमें मुंबई-हावड़ा मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हुई और 20 लोग घायल हुये। एक रेल दुर्घटना झुलाही रेलवे स्टेशन के समीप हुई। यह रेल डिब्रूगढ़ जा रही थी। इस ट्रेन के 21 डिब्बों में से पांच डब्बे पटरी से उतर गये। पटरी से उतरने वाले पाँचों डिब्बे एसी थे। इस ट्रेन के लोको पायलट ने टक्कर से ठीक पहले जोरदार धमाका सुनने का दावा किया है। केंद्र सरकार ने घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। एक अन्य रेल दुर्घटना पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना के खरदाह रेलवे स्टेशन पर 14 जुलाई की रात हुई। इसमें एक यात्री ट्रेन दो डिब्बों से टकरा गई। यह हज़ारदुआरी एक्सप्रेस रेलवे की लाइन नंबर चार पर खरदाह स्टेशन के पास पहुँच रही थी। तभी पटरियों पर फंस गईं और बड़ी दुर्घटना होते होते बच गई।

एक अन्य रेल दुर्घटना असम के अमीनगांव में हुई। झारसुगुड़ा (ओडिशा) जाने वाली गाड़ी मालगाड़ी से टकरा गई। इसमें लोको पायलट और एक्सप्रेस ट्रेन के ट्रेन मैनेजर सहित कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और लगभग 50 अन्य घायल हो गए। यह दार्जिलिंग जिले के सिलीगुड़ी सबडिवीजन का मामला है। रेल के पटरी से उतरने की एक दुर्घटना ओडिशा प्राँत के भुवनेश्वर में हुई। ट्रेन के पटरी से उतरने के बाद किसी प्रकार कोई जनहानि या संपत्ति की क्षति नहीं हुई। केवल दो रेलगाड़ियां रद्द कीं गईं और छह रेलगाड़ियों के समय में परिवर्तन किया गया । और कुछ गाड़ियों को रोका गया । एक रेल दुर्घटना उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में मोतीगंज और झुलाही रेलवे स्टेशनों के बीच हुई । इसमें रेलगाड़ी के कई डिब्बे पटरी से उतर गए, जिसमें कम से कम चार लोगों की मौत हुई और 30 लोग घायल हुये। एक दुर्घटना फतेहगढ़ साहिब के सरहिंद रेलवे स्टेशन पर हुई इसमें एक खड़ी मालगाड़ी को पीछे से एक अन्य ट्रेन ने टक्कर मार दी, जिससे दो लोको पायलट घायल हो गए। इस टक्कर का कारण इंजन का दूसरी पटरी पर चला जाना था जो सिग्नल की त्रुटि से हुआ। सभी दुर्घटनाओं में दो ही कारण रहे। एक रेलगाड़ियों का पटरी से उतरना और दूसरा सिंग्नल की त्रुटि से इंजन का दूसरी पटरी पर चले जाना। गाड़ियों का पटरी से उतरने की घटनाओं में अचानक हुई वृद्धि आश्चर्यजनक है उसी प्रकार सिग्नल त्रुटि भी।

पहली तीन रेल दुर्घटनाओं को लापरवाही ही माना गया था लेकिन एक लोको पायलट द्वारा धमाके की आवाज सुनने का दावा करना और दो रेल पटरियों पर एक ही तरीके से लकड़ी के मिलने से इन बढ़ती रेल दुर्घटनाओं ने गंभीरता को बढ़ा दिया है। इसके साथ पर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें एक किशोरवय लड़का रेल पटरी की फिश प्लेट ढीली करता हुआ दिखाई दे रहा है। जाँच एजेन्सियाँ इस वीडियो की सच्चाई पता लगा रहीं हैं।

इन बढ़ती रेल दुर्घटनाओं में आतंकवादी ऐंगल होने का संदेह निराधार भी नहीं हैं। इस पूरे क्षेत्र में बांग्लादेशी नागरिकों की घुसपैठ बढ़ रही है। जिसे असम, बंगाल, झारखंड आदि प्रांतों आबादी के बढ़ते स्वरूप से समझा जा सकता है। भारत की सीमा से लगे बांग्लादेश के गाँव में बांग्लादेश की कट्टरपंथी संस्था जमात-ए-इस्लामी का प्रभाव क्षेत्र है। पिछले दिनों बांग्लादेश के सत्ता परिवर्तन के लिये हुये छात्र आँदोलन के पीछे इसी संस्था की योजना मानी गई है। बांग्लादेश में उग्र हुये छात्र आँदोलन के साथ ही भारत में रेल दुर्घटनाओं को बढ़ने के पीछे भारत में इसी संस्था के स्लीपर सेल की सक्रियता मानी जा रही है। ये स्लीपर सेल लंबे समय से पूरे पूर्वोत्तर में सक्रिय होकर अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार कर रहे हैं। इसकी झलक हाल ही असम के मुख्यमंत्री हेमन्त बिस्वा के बयानों से मिली। यदि इन दुर्घटनाओं के पीछे बांग्लादेश के इन स्लीपर सेल का हाथ न हो तब भी बांग्लादेश की घटनाओं से वहाँ के कट्टरपंथियों की बढ़ती गतिविधियाँ और नई सरकार के निर्णयों से भारत सरकार और समाज को अतिरिक्त सावधान रहने की आवश्यकता है।

## अरबपति दानवीर भी बन जाएं तो कुछ बात बने

आर.के. सिन्हा

अभी कुछ दिन पहले एक खबर मीडिया की सुर्खियों में थी कि भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई अब एशिया की अरबपतियों की राजधानी बन गई है। हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2024 के अनुसार, मुंबई में चीन के राजधानी शहर बीजिंग से भी ज़्यादा अरबपति व्यक्ति रहने लगे हैं। भारत में मुंबई के बाद सबसे ज़्यादा अरबपति अब दो और महानगरों नई दिल्ली और हैदराबाद में रहते हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि देश में अरबपतियों की तादाद देश में विकास की रफ़्तार के साथ बढ़ती ही रहेगी। अरबपति छोटे शहरों और कस्बों में भी बने। पर भारत को फिलहाल सैकड़ों-हजारों दानवीर भी चाहिए।

भारत, अपने युवा और विविध जनसंख्या के बावजूद , दुनिया की सबसे तेजी से विकसित होने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। हालांकि, फ़िलहाल इसकी समृद्धि असमान रूप से वितरित है। लाखों लोग गरीबी, भुखमरी, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक की पहुँच से वंचित हैं। इस असमानता को कम करने और भारत को एक समृद्ध और न्यायपूर्ण राष्ट्र बनाने के लिए अधिक से अधिक दानवीरों की आवश्यकता है। हमें इस तरह के दानवीर चाहिए जो हर साल बड़ी राशि स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों में खर्च करें। यह संतोष का विषय है कि बिल गेट्स ने अपनी समृद्धि का उपयोग मानवता की सेवा में किया है। उनके द्वारा स्थापित बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने वैश्विक स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया है। भारत में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में बड़ी चुनौतियाँ हैं, जिसमें गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच सीमित है। बेशक, दानवीर स्वास्थ्य सेवा में निवेश करके, नई तकनीकों और दवाओं को विकसित करने में मदद कर सकते हैं। वे गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवा की पहुँच को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पतालों और क्लिनिकों का निर्माण कर सकते हैं।

भारत में शिक्षा प्रणाली में भी सुधार की बड़ी आवश्यकता है। इस क्षेत्र में बहुत सारे दानवीरों को निवेश करना चाहिए। वे शिक्षा के क्षेत्र में निवेश करके, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। समृद्ध दानवीर शिक्षकों के प्रशिक्षण, स्कूलों का आधुनिकीकरण और नए शिक्षण उपकरणों का विकास जैसे क्षेत्रों में निवेश कर सकते हैं। यह कोई नहीं कह रहा है कि हमारे यहां दानवीर शिक्षा या हेल्थ सेक्टर में निवेश नहीं करते। पर इन दोनों क्षेत्रों में शत प्रतिशत सरकार के भरोसे भी तो नहीं रहा जा सकता। सरकार की भी अपनी सीमाएं हैं। इसके साथ ही भारत में गरीबी और असमानता को दूर करने के लिए बड़े पैमाने पर चहुँमुखी सामाजिक विकास की आवश्यकता है। दानवीर गरीबों को रोजगार के अवसर प्रदान करने और उनकी आय बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। वे ग्रामीण विकास, कृषि, स्वरोजगार और महिलाओं के सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में निवेश कर सकते हैं। भारत जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहा है। इस स्थिति का सामना करने के लिए हमारे दानवीर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को विकसित करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए नवाचारों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वे जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जल संरक्षण और ज़्यादा पानी अवशोषित करने वाले गेहूँ, धान और गन्ना के उत्पादन छोड़ कर या कम करके परंपरागत मोटे और छोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देने का अभियान चला सकते हैं। एक किलो धान के उत्पादन में जहाँ 8000 लीटर , एक किलो गेहूँ उत्पादन में 10,000 लीटर पानी और एक किलो चीनी के उत्पादन में 28,000 लीटर पानी का व्यय होता है, वहीं एक किलो छोटे अनाज कोदो, कँगनी, कुटकी , साँवा और हरा सावाँ के उत्पादन में मात्र 100 से लेकर 300 तक ही पानी की आवश्यकता पड़ती है। इसी प्रकार, हर तरह के दूरगामी और टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने के लिए भी दानवीर अरबपति पर्यावरणीय संगठनों को समर्थन दे सकते हैं।



## राशिफल

**मेषः-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं।

**बृषभ :-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

**मिथुन :-** भावनाओं पर नियंतण्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**कर्क :-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव।

**सिंह :-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी।

**कन्याः-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा।

**तुलाः-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**वृश्चिकः-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**धनुः-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं।

**मकरः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मीनः-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा।

# बॉलीवुड के अनकहे किस्से : एफटीआईआई और नसीरुद्दीन शाह

संजीव पाश

**शिवपुरी जी ने बाद में उन्हें बतलाया कि उनके चयन के दौरान यह संकट था कि जब उन्होंने एक संस्थान से अभिनय का प्रशिक्षण ले लिया है तो दूसरे से फिर क्यों? इससे अच्छा यह हो कि किसी दूसरे को मौका दिया जाए। लेकिन उनके इसरार पर उन्हें चुन लिया गया। उन्होंने मुंबई में ऑडिशन दिया तो उनके साथी जसपाल ने दिल्ली में। क्योंकि दोनों ने सोचा था कि एक ही सेंटर से शायद एनएसडी के दो छात्रों को न लिया जाए। चयन के बाद 600 रुपए की जरूरत हुई, जिसमें हॉस्टल का दो महीने का किराया और एडमिशन तथा ट्यूशन फी शामिल थी। यह रकम उनके भाइयों से नहीं मिल सकती थी तो उन्होंने अपने पिता (बाबा) को तार भेजा। वह इस बात से गुस्सा हो गए कि अभिनय के लिए एक और कोर्स का क्या मतलब है?**



अजय कुमार शर्मा नसीरुद्दीन शाह हिंदी सिनेमा के सबसे समर्थ अभिनेताओं में से एक हैं। अभिनय के साथ वह अपनी बेबाकी और साफगोई के लिए भी जाने जाते हैं। उन्होंने अपनी आत्मकथा भी इसी तर्ज़ पर बड़ी बेबाकी से लिखी है। इसमें एफटीआईआई में पढ़ाई के दौरान अपने अनुभवों को उन्होंने पूरी ईमानदारी से साझा किया है। दरअसल, एनएसडी के अंतिम वर्ष में एक दिन कनॉट प्लेस के रीगल थियेटर में क्पिया का घर फिल्म देखते समय निर्णय लिया कि अब वह एफटीआईआई में अभिनय का प्रशिक्षण लेंगे। यह विचार उनके दिमाग में इसलिए भी आया क्योंकि तब तक एनएसडी को नाटकों के लिए अभिनेताओं को प्रशिक्षित करने का सबसे बड़ा संस्थान माना जाता था तो एफटीआईआई को सिनेमा में जाने के लिए अभिनेताओं को प्रशिक्षित करने के लिए सबसे बड़ा माध्यम माना जाता था।

वहां से निकली जया भादुड़ी अपनी पहली फिल्म से ही स्टार बन चुकी थीं। एफटीआईआई में एडमिशन लेने की बात पर उनके एनएसडी के गुरु इब्राहिम अलकाजी ने बहुत गुस्सा किया लेकिन उसकी परवाह किए बिना उन्होंने और उनके अभिन्न मित्र जसपाल सिंह ने किसी तरह 25 रुपए खर्च करके तीन फोटो (क्लोजअप, तीन चौथाई चेहरा और पूरा शरीर) खिंचवाकर एफटीआईआई भेज दिए। हालांकि अपने फोटो देखकर वह काफी निराश हुए थे लेकिन फिर यह सोचते हुए कि भगवान दादा, शेख मुख्तार, शम्मी कपूर जैसे जब सितारे बन सकते हैं तो उनकी जैसी शक्ल और सूरत वाले के लिए भी मौका निकल सकता है। ऑडिशन के लिए बुलावा आ गया और इसके लिए मुंबई जाने और महीने भर के खर्च के लिए उनके मित्र जसदेव सिंह ने 400 रुपये दिए जो उस समय काफी बड़ी रकम थी। इस पर उन्होंने लिखा है कि आज तक यह रकम उन्होंने लौटाई नहीं है। ऑडिशन तब वहां अभिनय के इंचार्ज रोशन तनेजा की देखरेख में हुआ। चयन समिति में जया भादुड़ी थीं और ओम शिवपुरी भी जो एनएसडी के ही पासआउट थे और सिनेमा तथा छात्रों के बीच सबसे लोकप्रिय थे।

शिवपुरी जी ने बाद में उन्हें बतलाया कि उनके चयन के दौरान यह संकट था कि जब उन्होंने एक संस्थान से अभिनय का प्रशिक्षण ले लिया है तो दूसरे से फिर क्यों? इससे अच्छा यह हो कि किसी दूसरे को मौका दिया जाए। लेकिन उनके इसरार पर उन्हें चुन लिया गया। उन्होंने मुंबई में ऑडिशन दिया तो उनके साथी जसपाल ने दिल्ली में। क्योंकि दोनों ने सोचा था कि एक ही सेंटर से शायद एनएसडी के दो छात्रों को न लिया जाए। चयन के बाद 600 रुपए की जरूरत हुई, जिसमें हॉस्टल का दो महीने का किराया और एडमिशन तथा ट्यूशन फी शामिल थी। यह रकम उनके भाइयों से नहीं मिल सकती थी तो उन्होंने अपने पिता (बाबा) को तार भेजा। वह इस बात से गुस्सा हो गए कि अभिनय के लिए एक और कोर्स का क्या मतलब है? विरोध के बावजूद उन्होंने पैसों का मनीऑर्डर भेज दिया। बाद में मासिक खर्च के लिए उनके दोनों भाई 100 रुपए महीने उनको भेजते रहे। एफटीआईआई में जसपाल और उनको एक ही कमरे में रखा गया। वहां दोनों की रैगिंग भी हुई। सीनियर कलाकारों ने ... एक्टर बनोगे? थोबड़ा देखा है अपना... भिखारी का रोल तो मिल ही जाएगा...जैसे जुमलों से खूब खिंचाई की। स्क्रीन टेस्ट देखते हुए नसीर बिल्कुल हक्के-बक्के रह गए क्योंकि शम्मी कपूर, शेख मुख्तार तो छोड़िए वे तो मोहन चोटी से भी गए गुजरे लग रहे थे। उनके बैच में अमूमन खाते-पीते घरों के लड़के थे और लड़कियां तकरीबन सभी स्कूल से निकली 16 - 17 बरस की थीं। जसपाल और वह तब 24-25 साल के थे यानी क्लास में सबसे बुजुर्ग।

पहले दिन क्लास में जब प्रोफेसर रोशन तनेजा ने उनसे क्लास से बाहर जाकर थोड़ी देर बाद उसी दरवाजे से अंदर आने के लिए कहा तो उन्हें लगा कि वह उनकी कुछ अभिनय क्षमता देखना चाहते हैं। उन्होंने एक पूरी ड्रैमेटिक एंट्री मारी जिसमें दहलीज पर जानबूझकर ठोकर खाकर लड़खड़ाना भी शामिल था और एक काल्पनिक आदमी को लताड़ते हुए गरियाना भी। लेकिन अभी वह अंदर दाखिल ही हुए थे कि प्रोफेसर साहब ने कहा, रुक जाओ शाह, तुम इसके लिए सही नहीं हो... तब उन्हें लगा कि यहां की पढ़ाई एनएसडी से बिल्कुल अलग होगी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# विहिप नेताओं ने हिन्दू समाज को बांटने वाले राजनैतिक दलों को दी चेतावनी

एट (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**रविवार को** डकोर प्रखंड के नगर एट में विश्व हिन्दू परिषद के 60 वें स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया गया। जिसका मुख्य मकसद हिन्दू समाज को एकता के सूत्र में पिरौने के लिये अनेकों वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये।

स्थापना दिवस समारोह में मुख्य रूप से विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष महंत गुरु प्रसाद शर्मा ने कहा कि आज विश्व में जो स्थितियां उत्पन्न हो रही है वह वास्तव में चिंता का विषय है। लेकिन सब कुछ होने के बाद भी हमारे देश में शांति का माहौल बना हुआ है क्योंकि यहां सनातन परंपरा को मानने वालों की संख्या अधिक है। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा का अनुसरण वाले कभी भी किसी का बुरा नहीं सोचते और न ही किसी को बेवजह नुकसान पहुंचाने का प्रयास करते हैं। यही सनातन परंपरा की विशेषता है। उन्होंने राजनैतिक दलों को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि वह हिन्दू समाज को बांटने से बाज आये। डकोर प्रखंड अध्यखं संजीव राठौर ने कहा कि आज जिस तरह से देश के राजनैतिक दल हिन्दू समाज को जातियों में बांटने का कुचक्र रच रहे है उसके पीछे उनकी मुख्य मंशा देश को कमजोर करने की है। यदि देश का बहुसंख्यक हिन्दू समाज जातियों में बंट जायेगा तो दूसरी समाज के लोग उनका शोषण कर उन पर अपने अधिकार जमाने में पीछे नहीं रहेंगे। उन्होंने हिन्दू समाज का आवाहन किया कि वह राजनैतिक




दलों के कुचक्र में कतई न फंसे और समूचे हिन्दू जनमानस को एकता के सूत्र में पिरौने का काम करें। जिला मंत्री आचार्य तेजस ने कहा कि हिन्दू समाज ने कभी किसी दूसरे समाज का बुरा नहीं किया बल्कि उनका संरक्षण करने का काम किया। लेकिन आज देश के राजनैतिक दल अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिये हिन्दू समाज को बांटने का षड़यंत्र रच रहे है जो कभी सफल नहीं होगा। इस दौरान जिला कार्याध्यक्ष गिरीश पालीवाल, जिला उपाध्यक्ष साकेत शांडिल्य, जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर महाराज, जिला सह मंत्री आशीष, विश्व समन्वय प्रमुख अभिषेक, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि लालजी प्रधान, डकोर प्रखंड अध्यक्ष संजीव राठौर, मंत्री दयाशंकर पांचाल, संयोजक वैभव समाधिया, उपाध्यक्ष अभिषेक पटेल, गौ रक्षा प्रमुख विहिप गोविंद राजपूत, गौ रक्षा प्रमुख अंकुर ठाकुर, कार्तिक त्रिपाठी, आदित्य मिश्रा, राजा बाबू, कार्यकर्ता गण एवं सनातनी माताएं-बहने, भाई बंधु आदि उपस्थित रहे।

# कृषि आयुक्त ने देखा केले की प्रगतिशील किसानी



बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

**कृषि उत्पादन** आयुक्त उत्तर प्रदेश शासन, श्रीमती मोनिका एस गर्ग बाराबंकी के दौलतपुर गांव पहुँचीं। जहाँ पर उन्होंने प्रगतिशील कृषक पद्म राम सरन वर्मा से मुलाकात की और श्री वर्मा जी द्वारा की जा रही प्रगतिशील खेती केले की फसल को देखा, खेती की नवाचारी विधियों की जानकारी ली, तथा प्रगतिशील किसान रामसरन वर्मा जी की तारीफ करते हुए किसानों को श्री वर्मा जी से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने गांव के किसानों से भी बातचीत की। सहकारी समिति पर अधिकारियों को भेजकर खाद की उपलब्धता का स्थलीय सत्यापन करने के निर्देश भी दिए। इसके बाद कृषि उत्पादन आयुक्त ने याकूतगंज पहुँचकर वहाँ के किसान द्वारा धान की फसल की सिंचाई के लिये खेत में लगाई गई ड्रिप सिंचाई विधि का बारीकी से अवलोकन किया और किसान से बातचीत की। इसके बाद उन्होंने बेरिया स्थित कृषक की पॉलीहाउस में की जा रही (फ्लोरी कल्चर) फूलों की खेती को देखा। इस मौके पर डिप्टी डायरेक्टर उद्यान मुख्यालय लखनऊ पंकज शुक्ला , डिप्टी डायरेक्टर उद्यान अयोध्या मंडल श्रीमती गीता त्रिवेदी, डिप्टी डायरेक्टर एग्रीकल्चर, मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन, एसडीएम सदर, रल्ला पल्ली जगत साई, प्रशिक्षु आईएएस काव्या सी, डिप्टी डायरेक्टर एग्रीकल्चर श्रवण कुमार, जिला उद्यान अधिकारी महेश कुमार श्रीवास्तव,आदि सहित सम्बंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### स्टाफ नर्स व उसके तलाकशुदा पति पर महिला ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप, आरोपी हिरासत में

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सुबेहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार के लिए गई महिला ने स्टाफ नर्स के सहयोग से तलाक शुदा पति पर बिना सहमति के छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए स्थानीय पुलिस से मामले की शिकायत की है । महिला के शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। सुबेहा थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बा निवासनी एक महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी कस्बा हसनपुर निवासी तजम्मुल पुत्र फरीद के साथ हुई थी ।बीते 28 जनवरी को उसका तलाक हो चुका है। बीते 31 अगस्त को सी एच सी सुबेहा पर दवा लेने गई थी। यहां पर तैनात स्टाफ नर्स गीता यादव अस्पताल के दूसरे तल पर लेकर पहुंची और मुझे एक कमरे में बैठाकर बाहर से दरवाजा की कुंडी लगा ली कमरे में पहले से मौजूद तलाक शुदा पति ने मेरी शमत के बिना मुझसे छेडछाड़ करना शुरू कर दिया चीखने चिल्लाने व शोर मचाने पर स्टाफ नर्स द्वारा दरवाजा खोला गया तो किसी तरह भागकर वापस घर आई ।महिला ने पति और स्टाफ नर्स गीता यादव के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की माग की है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेने के बाद मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार की हुई दर्दनाक मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कस्बा में लखनऊ-सुल्तानपुर हाइवे पर रविवार की शाम ट्रक की चपेट में आकर एक बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। अमेठी जनपद के थाना शिवरतनगंज अंतर्गत दिलावलगढ़ मजरे आजादपुर निवासी अरशद पुत्र मान खां 24 वर्ष बाइक से हैदरगढ़ चौराहे की ओर जा रहा था ।इसी समय लखनऊ की ओर ही जा रहे ट्रक को ओवरटेक करने लगा ।ओवरटेक करते समय ट्रक को क्रास करते ही बाइक अनियंत्रित हो गई ।इसके चलते युवक अपनी बाइक से गिरकर पीछे आ रहे ट्रक के नीचे आ गया। चालक जब तक अपना ट्रक रोकता तब तक उसका अगला पहिया युवक को पार कर गया। दुर्घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस राहगीरों के सहयोग से ट्रक के नीचे से निकालकर घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी हैदरगढ़ लेकर गई ।यहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### नही थम रही चोरियां, लाखों का सामान नकदी जेवर हुए चोरी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सुबेहा थाना क्षेत्र में चोरी होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।बेखौफ चोर आए दिन किसी न किसी गांव में घर को अपना निशाना बनाते हुए पुलिस को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं।ताजा मामला थाना क्षेत्र के फकीर शाह पुरवा गांव का है। उक्त गांव निवासी बली ने बताया की रोज की तरह शनिवार की रात भी खा पीकर परिजन सो रहे थे। इसी बीच मौके का फायदा उठाते हुए छत के रास्ते घर में घुसे अज्ञात चोरों ने बक्से का ताला तोकड़कर लाखों रुपए कीमत सोने चांदी के जेवरात सहित कपड़े चोरी कर ले गए । सुबह घटना की जानकारी होने पर डायल 112 पुलिस को सूचित कर स्थानीय पुलिस को तहरीर दी है।

### बिजली करंट से मासूम की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कस्बा के भटखेरा वार्ड में शनिवार की देर रात करेंट की चपेट में आकर एक वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। वार्ड निवासी सोमनाथ पटवा व उनका परिवार रात दस बजे खाना खा रहा था।इसी समय उनका एक वर्ष का बेटा रितिक जमीन में लगे पंखे के तार के ज्वाइंट में प्रवाहित हो रहे करेंट की चपेट में आ गया।परिजन बच्चे को आनन-फानन में लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां उपचार के दौरान मासूम ने दम तोड़ दिया।बच्चे की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### गाजे बाजे के साथ धूमधाम से निकाला गया श्रीकृष्ण डोल

**रामनगर बाराबंकी।** नगर पंचायत रामनगर में श्री कृष्ण डोल की भव्य यात्रा गाजे बाजे के साथ बड़े ही धूमधाम से निकाली गयी।रविवार को विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद पालकी में कंधा लगाकर श्री कृष्णा डोल की यात्रा का राम जानकी मंदिर से शुभारम्भ किया गया।जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी के उद्घोषों के साथ भारी गाजे बाजे व भजन कीर्तन के मध्य यह यात्रा पूरे कस्बे का भ्रमण करते हुये मौहल्लों की गली से निकली।इस दौरान भारी संख्या में लोगों ने कृष्ण डोल पर पुष्प वर्षा कर आरती कर यात्रा का स्वागत किया।यात्रा के साथ चल रहे घोड़े लोगों के आकर्षण का केंद्र बिंदु बने रहे।यात्रा पूरे कस्बे का भ्रमण करते हुए देर शाम थाना मुख्यालय पर पहुंची इसके बाद पुनः मंदिर जाकर समाप्त हो गई।सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय उप निरीक्षक धर्मेंद्र राठौर सत्रोहन लाल कमेटी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं सहित आरक्षी सुमित कुमार पुनीत सुनील यादव सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

### आपसी विवाद में दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

**जालौन (उरई)।** आपसी विवाद में दो पक्षों के युवकों के बीच विवाद हो गया। जिसमें दोनों पक्षों के बीच गाली, गलौज व मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद दोनों पक्षों के चार युवकों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा निवासी अनिल वर्मा ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर पर काम कर रहे थे। इसी दौरान बात करने के बहाने गांव के उदय ने उसे फोन करके गांव के बाहर बुला लिया। वहां पहुंचते ही पहले से ही मौजूद उदय, हिमांशु व ईशु ने गाली, गलौज शुरू कर दी। मना करने पर वह लाठी, डंडों से मारपीट करने लगे। जिससे उसके चोटें आई हैं। वहीं, दूसरे पक्ष के युवकों ने बताया कि अनिल पहले से ही उनसे रंजिश मानता है। जिसके चलते वह गाली, गलौज कर रहा था। मना करने पर उसने भी मारपीट की। दोनों पक्षों के युवकों के खिलाफ हुए झगड़े को लेकर कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों के चार युवकों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### तालाब घूमने गये युवक की बाइक चोरी

**जालौन (उरई)।** मुरलीमनोहर तालाब पर घूमने गए युवक की बाइक को अज्ञात बाइक चोरों ने उड़ाया। पीड़ित ने बाइक चोरी की सूचना कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नारोभास्कर निवासी सुनील कुमार गुप्ता शनिवार की शाम करीब साढ़े सात बजे अपनी बाइक से मुरलीमनोहर तालाब पर घूमने गए थे। तालाब का गेट बंद होने के कारण वह बाइक गेट के बाहर खड़ी करके अंदर टहलने चले गए। लगभग 20 मिनट टहलने के बाद जब वह बाहर निकला तो बाइक गायब थी। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कहीं पता नहीं चला। पीड़ित ने बाइक चोरी की सूचना कोतवाली पुलिस को दी है। कोतवाल वीरेंद्र पटेल ने बताया कि शिकायत मिली है जांच की जा रही है।

# ढोल नगाड़े की धुनों पर थिरके श्रद्धालुओं दो दर्जन प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

जिले में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम और श्रद्धा के चरमोत्कर्ष के साथ संपन्न हो गया।श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूजा समितियों द्वारा भव्य विशाल विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई जिसमें मनोहारी झांकियों के प्रदर्शन के साथ भगवान श्री राधा कृष्ण की प्रतिमाएं शामिल रही।

केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि लगभग दो दर्जन प्रतिमाओं का विसर्जन ढोल नगाड़े के साथ भक्ति की धुन में नाचते हुए भगवान के भक्त बालक बालिकाओं,वृद्धजन और महिलाओं ने चौक,रिकाबगंज, नियांवा और कैंट के रास्ते गुप्तार घाट पहुंच कर प्रतिमाओं का विसर्जन किया।शोभा यात्रा में शामिल रहे भक्तों का पूरे नगर में जगह जगह भव्य स्वागत किया गया।केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला



समन्वय समिति द्वारा सुभाष नगर कार्यालय पर शोभा यात्रा का समिति के अध्यक्ष श्री जायसवाल के नेतृत्व में भव्य स्वागत और प्रसाद वितरण किया गया स्वागत करने वालों में समिति के प्रमुख पदाधिकारियों में गगन जायसवाल, प्रेमनाथ राय, जेएन चतुर्वेदी, केशव बिगुलर, रोहित अग्रवाल, सुप्रीत कपूर, विवेक साहू, अतुल सिंह, राजेश गौड़, बजरंगी साहू, संजय श्रीवास्तव, रंजीत शर्मा, आलोक शंकर, रोहिताश चंद्र राजू, चंदन गुप्ता, अखिलेश पाठक, पवन निषाद, अखिलेश वैश्य, अंकुश गुप्ता, अजय विश्वकर्मा, प्रमोद जायसवाल, विशाल गुप्ता, मुन्ना यादव, रविकांत आर्य, अंजनी पांडे, इंद्र प्रताप तिवारी, तरुण गुप्ता डंपी आदि शामिल रहे।

# पेड़ से लटककर युवती ने की आत्म हत्या



**मसौली बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम टेरासानी मे एक 22 वर्षीय युवती ने घर से करीब 4 सौ मीटर की दूरी पर स्थित एक आम की बाग़ मे फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली मृतका थाना क्षेत्र के ग्राम सहाबपुर मे एक निजी नर्सिंग होम मे काम करती थी जो बीते तीन दिनों से काम पर नही जा रही थी। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । थाना क्षेत्र के ग्राम टेरासानी निवासी देशराज रावत की 22 वर्षीय पुत्री विनीता रविवार की सुबह गांव से करीब 4 सौ मीटर की दूरी पर स्थित नूर मोहम्मद की आम की बांग में दुपट्टे से फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर क्षेत्राधिकारी रामनगर आलोक पाठक, प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका सहाबपुर स्थित एक निजी नर्सिंग होम मे नर्स का काम करती थी वह बीते तीन दिन से काम पर नही जा रही थी।

# यूपी एमपी सीमा पर स्थापित चंबल पुल एक बार फिर हुआ क्षतिग्रस्त



इटावा। समृद्धि न्यूज

**चंबल पुल** की 6 नंबर की एक बीयरिंग के टूटने से हुआ है क्षतिग्रस्त खनन से जुड़े हुए ओवरलोड वाहनों के गुजरने से चंबल पुल के क्षतिग्रस्त होने की जताई जा रही है आशंकाइसी साल 27 जून इटावा के डीएम अवनीश राय की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने विभिन्न स्तरीय जांच के बाद पीएनसी कंपनी के साथ अनुबंध करके चंबल पुल से आवागमन चालू कराया था शर्तों के अनुसार कि इस चंबल पुल से भारी वाहनों का आवागमन नहीं होगा लेकिन इसके बावजूद भी ऐसी आशंका है कि भारी वालों के आवागमन होने के चलते चंबल पुल क्षतिग्रस्त हुआ है पीएनसी कंपनी के इंजीनियरों की टीम टूटी हुई बेयरिंग की जांच करने में जुट गई हैचंबल पुल से भारी वाहनों के आवागमन को रोका जाए या नहीं यह इंजीनियरों की रिपोर्ट के बाद कहा जा सकेगा।

# साथी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

**पुलिस महानिरीक्षक** अयोध्या परिक्षेत्र कार्यालय में नियुक्त उपनिरीक्षक सोमनाथ चतुर्वेदी व मुख्य आरक्षी चालक लालता प्रसाद वर्मा की सेवानिवृत्ति पर पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र प्रवीण कुमार द्वारा उपनिरीक्षक श्री चतुर्वेदी तथा मुख्य आरक्षी चालक श्री वर्मा को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्रम भेंटकर सम्मानित किया गया और उनके अच्छे स्वास्थ्य व दीर्घायु होने की कामना करते हुए कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की गयी।इसी क्रम में परिक्षेत्रीय कार्यालय में नियुक्त सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने उपनिरीक्षक श्री चतुर्वेदी तथा मुख्य आरक्षी चालक श्री वर्मा को



माल्यार्पण कर उन्हें उपहार भेंट किया गया तथा बधाई दी गई।इस विदाई समारोह कार्यक्रम का संचालन करते हुए उपनिरीक्षक रणजीत यादव ने अंगवस्त्र भेंटकर शुभकामनाएं दिया।गोण्डा जिले के मूल निवासी उपनिरीक्षक श्री चतुर्वेदी के तीन सुपुत्रों में श्यामजी चतुर्वेदी,सत्यदेव तथा देवीशरण एडवोकेट हैं जबकि मुख्य आरक्षी चालक श्री वर्मा के दो सुपुत्रों में आलोक वर्मा अभियंता तथा देवेश कुमार वर्मा जीआईसी भीटी अंबेडकेंगर में लिपिक पद पर कार्यरत हैं।विदाई कार्यक्रम में निरीक्षक अरविन्द सिंह,गोपनीय सहायक नवीन सिंह,वाचक श्रीप्रकाश पाण्डेय, उपनिरीक्षक रणजीत यादव,उप निरीक्षक राकेश कुमार मिश्र, सहायक लिपिक शुभम चंद्रवंशी, मुख्य आरक्षी सत्यप्रकाश पाण्डेय,प्रशांत सिंह,सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### महादेवा मठ की जमीन भवन को जालसाजी से रजिस्ट्री कराने का मुद्दा पकड़ रहा तूल

**रामनगर बाराबंकी।** लोधेश्वर महादेवा में चार सौ बीस कर मठ की जमीन और भवन को रजिस्ट्री कर करोड़ों रुपये हड़पने का मामला धीरे धीरे तूल पकड़ रहा है।मठ रिसीवर की ओर से पुलिस कोतवाल को तहरीर दिये जाने के साथ उचित कार्यवाही की मांग शिवभक्तों की ओर से भी उठने लगी है।क्षेत्र के जागरुक जनों ने प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी जी से इस अहम मुद्दे पर विशेष गौर फरमाएं जाने की मांग की है।मालूम हो कि प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की चाहत के अनुरुप भूत भावन भोलेनाथ के नगर को पर्यटन स्थल के रुप में विकसित करने का मामला अब कारिडोर के रुप मे परवान पर चढ़ रहा है।जिसके मद्देनजर जमीन भवन का मूल्यांकन कर रजिस्ट्री प्रक्रिया का कार्य अब अन्तिम चरण में है।अब आम लोगों के मकान जमीन दुकान का मूल्याकंन करने का कार्य जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी कर रहे हैं।यहां अहम बात तो यह है कि भूत भावन भोलेनाथ शंकर भी भारी व्यवस्था के खेल से बच पाने को स्वंय सक्षम साबित नहीं हो पा रहे हैं।माननीय उच्च न्यायालय की ओर से नियुक्त मठ रिशीवर हरि प्रसाद द्विवेदी और शिवभक्तों ने भोलेनाथ की सम्पत्ति सुरक्षा में आर पार की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है।जिसे लेकर मठ रिशीबर ने पुलिस कोतवाल को पत्र देकर फ्राड का मामला दर्ज करने की मांग की है।उन्होंने कोतवाल रत्नेश पांडे को सौंपे गये पत्र में कहा है कि मठ में ही मौजूद संस्कृत विद्यालय के प्रबंधक श्री प्रकाश पुत्र शीतला प्रसाद तथा प्रधानाचार्य शिवप्रसाद एवं उनके अन्य सहयोगियों ने छल कपट व धोखाधड़ी करके एक कूट रचना की जिसमें दूसरी कार्यकारिणी तैयार करके ठाकुर जी महाराज विराजमान मंदिर की संपत्ति उपरोक्त लोगों ने साठ गाठ करके 23 8 2024 को राजेंद्र प्रसाद निवासी अयोध्या मंडल के नाम गलत ढंग से बैनामा कर दिया।जिसमें विमलेश पुत्र कोमल प्रसाद व संदीप कुमार दीक्षित पुत्र गणेश शंकर भी गवाह के रुप मे शामिल हैं।जिन लोगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करना न्याय हित में है।

# बुढ़वा मंगल को होगा पंडित महेश प्रसाद अवस्थी की स्मृति में अखिल भारतीय दंगल

- 17-18 सितंबर को घटिया वाले महावीर पाठकपुर मैदान में आयोजन
- कई प्रदेश और देश के जाने-माने पहलवान होंगे शामिल

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**स्वर्गीय पंडित** महेश प्रसाद अवस्थी की स्मृति में बुढ़वा मंगल के पर्व की पहचान बना विशाल दंगल इस बार 17 और 18 सितंबर को श्री घटिया वाले महावीर जी पाठक पूरा मैदान में आयोजित कराया जा रहा है जिसमें देश और प्रदेश की कई जानी-मानी पहलवान हस्तियां शामिल रहेंगी इस आयोजन में प्रदेश सरकार के पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे ।

रविवार को घटिया वाले महावीर जी पाठक पूरा उरई मैदान में दंगल के




आयोजन को लेकर बुलाई गई प्रेस वार्ता में आयोजन मंडल के पदाधिकारी सुशील अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री घटिया वाले महावीर जी पाठकपुर में पिछले 60 वर्षों से अखिल भारतीय स्तर का विशाल दंगल का आयोजन होता आ रहा है इस बार यह दंगल आगामी 17 और 18 सितंबर 2024 को बुढ़वा मंगल के दिन आयोजित किया जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय प्रांतीय तथा जिला स्तर के प्रख्यात पहलवान हिस्सा लेंगे। समिति के संस्थापक सुधीर अवस्थी, उप प्रबंधक दीपेंद्र सिंह सेंगर संजय पाठक, गिरीश अवस्थी, नीरज पाठक, शैलेंद्र सोनी, जितेंद्र त्रिपाठी एवं मैच के रेफरी मोहम्मद इस्लाम ने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि इस विशाल दंगल के आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा को आमंत्रित किया गया है।

### दिग्गज पहलवानों के दावपेच रहेंगे आकर्षण

उरई। विशाल दंगल में इस बार देश और प्रदेश के दिग्गज पहलवानों के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा आयोजन समिति के पदाधिकारी की माने तो इस दंगल में प्रदेश केसरी अभिषेक, अंकुर, रिंकू काढ़ा हरियाणा, स्वदेश पाल महाराष्ट्र, गौरव शर्मा चंबल केसरी, जीतू ग्वालियर, श्याम जी झांसी बुंदेलखंड केसरी, शकीरा नूर सहित अनेकों दिग्गज पहलवान अपने-अपने दाव पेंच दिखलाएंगे। इस विशाल दंगल का एक मुख्य आकर्षण यह भी है कि इस बार दंगल प्रतियोगिता में पुरुष पहलवान के अलावा महिला पहलवान भी दावपेंच दिखलाने के लिए अपनी सहभागिता करने जा रही हैं।

### दंगल स्थल को सजाने संवारने और सुविधा युक्त बनाने की मुहिम तेज

उरई। अखिल भारतीय विशाल दंगल के आयोजन को भव्य बनाने के लिए सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने कुश्ती मैदान चबूतरे और दर्शकों को बैठने के लिए स्टेडियम के समान पत्थरों व्यवस्था तैयार कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है इस बार कुश्ती प्रतियोगिता को देखने आने वाले लोगों को पक्के सीढ़ी नुमा स्थान पर बैठने की व्यवस्था बनाई जा रही है जिसका निर्माण कार्य तेजी के साथ कराया जा रहा है बताया जाता है कि इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए आयोजन समिति के अलावा सदर विधायक भी पूरे मनोयोग से जुट गए हैं ताकि दंगल स्थल को बेहतर ढंग से सजाया संवारा जा सके और यहां दंगल प्रतियोगिता का आनंद लेने वाले दर्शकों को सुविधा युक्त तरीके से बिठाने की भी व्यवस्था स्टेडियम की तरह बनाई गई है।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो मजदूरों की मौत

- मकनपुर-ठठिया मार्ग पर रविवार की दोपहर हुआ हादसा
- हादसे में घायल राजमिस्त्री का मेडिकल कॉलेज में चल रहा उपचार



फाइल फोटो मृतक श्रीकृष्ण




मेडिकल कॉलेज में घायल से हालचाल पूछते पूर्व प्रधान बंगाली — समृद्धि न्यूज

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

अपनी रिश्तेदारी से वापस आ रहे बाइक सवार तीन लोगों को सामने से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में दो बाइक सवारों की मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां उसका उपचार किया जा रहा है। ठठिया थाना क्षेत्र के सिगरजापुर गांव निवासी आदेश कुमार (40) पुत्र सुमेर राजमिस्त्री का काम करते थे। रविवार को किसी काम से गांव के श्रीकृष्ण (40) पुत्र राजाराम व बबलू (30) पुत्र संतराम के साथ बाइक पर सवार होकर मकनपुर गए थे। दोपहर 02 बजे के करीब जब वह तीनों बाइक पर सवार होकर वापस आ रहे थे। तभी मकनपुर-ठठिया मार्ग पर खंडैचा गांव के सामने उनकी बाइक में सामने से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। जिससे उस पर बैठे तीनो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये सूचना पर पहुची मकनपुर पुलिस ने बब्लू पुत्र सन्तराम को सीएससी मकनपुर में पहुँचाया, इलाज से पहले से उसकी मौत हो गयी वही उसी ओर घायल श्रीकृष्ण पुत्र राजाराम एवं आदेश कुमार पुत्र सुमेर को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहाँ इलाज से पहले श्रीकृष्ण ने दम तोड़ दिया राजमिस्त्री आदेश कुमार पुत्र सुमेर की हालत गम्भीर बनी हुई है। श्रीकृष्ण पुत्र राजाराम का शव मेडिकल कॉलेज के मोरचरी हाउस में रखवा दिया गया है, वही बब्लू पुत्र सन्तराम का शव सीएससी मकनपुर में रखा हुआ है दोनो के शवों को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा जा रहा है, घटना की सूचना पाकर परिजनो में कोहराम मच गया, गॉव के पूर्व प्रधान प्रदीप सिंह उर्फ बंगाली ने मेडिकल कॉलेज पहुचकर परिजनों को ढाढस बधाया।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में मरीजों को मिला इलाज

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**



पीएचसी जसपुरापुर में मौजूद डॉ अनिल व स्टाफ़

**रविवार को** समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित करने के निर्देश दिए गए है। जिसमें निशुल्क जांच के साथ दवाई वितरित करने के निर्देश है। इसके तहत जलालाबाद ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित किया गया। पीएचसी जसपुरापुर सरैया में डॉ अनिल यादव ने 33, जलालाबाद में डॉ इफराक हुसैन ने 34, अनौगी में डॉ माजिद अली ने 29 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई। इसी क्रम में गुगरापुर ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चियासर में डॉ देवदत्त राजपूत ने 19, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कीरतपुर में डॉ विकास कनौजिया ने 21 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई। चिकित्सों ने मरीजों को बदलते मौसम में सचेत रहने की सलाह दी। इस दौरान फार्मासिस्ट ओमकार, नवीन सचान, सीमा सचान, वार्ड बॉय रवि कुमार सहित समस्त स्टाफ रहा।

# चिकित्सा संबंधी शिकायत का 24 घंटे में करें निस्तारण: डीएम

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक
- बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाने पर दिया जोर




बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**चिकित्सालयों** में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को लाभ मिलना चाहिए। जिससे अधिक से अधिक लाभार्थियों का उपचार योजनान्तर्गत किया जा सके। इस कार्य में नामित एजेंसी के जो कर्मचारी कार्य में लापरवाही कर रहे हैं। उनका एक सप्ताह का वेतन रोका जाए। यह बात जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला शिकायत निवारण समिति की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि चिकित्सा संबंधी कोई शिकायत आती है। तो 24 घंटे के अंदर निस्तारण किया जाए। उन्होंने सीएचसी में बायोमेट्रिक, एआरवी ई-वाऊचर, एआरवी रजिस्टर प्रॉपर डॉक्यूमेंट के अंतर्गत 99 रिजेक्ट केस पाए जाने पर निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्य गंभीरता के साथ किया जाए। अस्पताल में जो भी पेशेंट आए और जाए उसका बायोमेट्रिक शत प्रतिशत किया जाए। डॉक्यूमेंट रजिस्टर को प्रॉपर तैयार किया जाए। प्रत्येक दिन रिब्यू किया जाए, किसी भी दशा में केश रिजेक्ट नहीं होना चाहिए। जिन पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड नहीं बने हैं उनके कार्ड बनाए जाएं। जिसको जो कार्य सौंपे गए हैं। लगनशील होकर गंभीरता से करें। समय का विशेष ध्यान रखें। कार्य छोटा हो या बड़ा किसी भी अधिकारी व कर्मचारी की लापरवाही नहीं दिखनी चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद कुमार सहित संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# मांड़री गौशाला में दो दिनों से दो गौवंश मृत अवस्था में पड़े

जालौन (उरई)। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मांड़री स्थित गोशाला में दो दिन से दो गोवंश मृत अवस्था में पड़े हुए हैं। बारिश के मौसम में मृत गोवंश से दुर्गंध आने लगी है। मृत गोवंश का अंतिम संस्कार न होने से ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने मृत गोवंश को सम्मान के साथ दफ्न कराने की मांग बीडीओ से की है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मांडरी में गोशाला दुर्दशा का शिकार है। गोशाला में दो दिनों से एक मृत गाय पड़ी हुई है। दो दिन गाय मृत होने के बाद भी न तो प्रधान ने और न ही सचिव ने कोई सुध ली है। दो दिन से गोशाला के अंदर गाय मृत पडी होने से गाय से दुर्गंध आने लगी है। बारिश के मौसम में गोशाला के अंदर कीचड़ पसरा होने और गायों की कोई सुध न लिए जाने से ग्रामीण भी परेशान हैं। गांव के रामऔतार, दीन दयाल, राम किशन, प्रेम कुमार, सतीश चंद्र, हरिनारायण, ओम प्रकाश आदि ने बताया कि गाय को मृत हुए दो दिन हो चुके हैं। इसकी जानकारी जिम्मेदारों को भी दी गई है। लेकिन अब तक गाय को गोशाला से हटाकर उसका अंतिम संस्कार नहीं किया गया है। गोशाला में कीचड़ पसरा पड़ा है जिससे गोशाला में गोवंश की दुर्दशा हो रही है। इसके बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। कई बार गोशाला में व्यवस्थाओं को दुरूस्त कराने की मांग की जा चुकी है। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मृत गोवंश से दुर्गंध भी आने लगी है ऐसे में रोग फैलने का भी डर है। मृत गाय को देखकर ग्रामीणों में रोष पनप रहा है। इसके बाद भी जिम्मेदार कोई सुध नहीं ले रहे है। ग्रामीणों ने बीडीओ से मांग करते हुए कहा कि गोशाला में मृत पड़े गोवंश को हटाया जाए और उसका सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कराया जाए। इसको लेकर बीडीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है।

## खबरें चलते-चलते

### सौ शैय्या अस्पताल को मिले नेत्र ईएनटी डॉक्टर

**छिबरामऊ।** दीलू नगला स्थित सौ शौर्य अस्पताल मैं पिछले काफी समय से चिकित्सकों की कमी चल रही थी। इसको लेकर अस्पताल प्रशासन कई बार शासन को पत्र भेज चिकित्सकों की मांग कर चुका है शासन से जारी सूची में दो चिकित्सकों को सौसैया अस्पताल के लिए भेजे गए हैं। जिसमें इतने एक नेत्र रोग और दूसरा ईएनटी चिकित्सक है इन चिकित्सकों के मिलने से क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी। सौ शैय्या अस्पताल पिछले का काफी समय से चिकित्सकों की कमी का दर्द था। जिसके चलते मरीजों को काफी अशुद्धों का सामना भी करना पड़ता था ऐसे में मरीजों को इलाज के लिए गैर जनपदों की दौड़ भी लगानी पड़ जाती थी ऐसे मरीजों को इलाज के लिए डॉक्टर रेफर करने पर मजबूर हो जाते थे। शाशन द्वारा जारी सूची में सौ शैय्या अस्पताल के लिए दो चिकित्सकों के भी नाम शामिल है इसमें एंट चिकित्सा अधिकारी डॉ धीरेन्द्र प्रताप अहिरवार हुआ नेत्र रोग चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अविनाश गुप्ता है यदि में चिकित्साअधिकारियों द्वारा अस्पताल ज्वाइन कर लिया जाता है तो नेत्र के मरीज को काफी रात मिलेगी इसी के साथ-साथ जनपद के क्षेत्र से बाहर जाने वाले मरीजों को इलाज मिल सकेगा। इस संबंध में सीएमएस डॉक्टर सुनील कुमार सिंह नाम बताया कि यदि अस्पताल को और चिकित्सक मिलते हैं तो लोगों को सुविधा मिल सकती हैं।

### सरकारी नौकरी के नाम पर तीन लोगों से 21 लाख ठगे

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मी राम नगला के दो और रामपुर खोजपुर के एक युवक से सीआईएफ विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर साथ-साथ लख रुपए की ठगी का मामला प्रकाश में आया है युवकों ने एसपी अमित कुमार आनंद को पत्र भेज ठगी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रुपए वापस दिलाने की गुहार लगाई है। नौकरी के नाम पर ठगी का शिकार हुए लक्षीराम नगला गांव निवासी नितेश कुमार, अंश कुमार वह रामपुर खोजपुर निवासी अजीत शाक्य ने बताया कि उनको सीआईएसफ में नौकरी दिलवाने के नाम पर दो लोग के द्वारा साथ-साथ लाख रुपए की ठगी की गई है। धोखा धड़ी कर उन लोगों से तीनों के फर्जी का कागजात बनवाकर उन्हें ज्वाइन भी करवा दिया गया था। जब विभाग द्वारा उनके कागजात की जांच कराई गई। कागजात फर्जी पाये गए। इस पर उन्हें अगस्त के महीने में नौकरी से बाहर भी निकाल दिया गया है। विभाग द्वारा उन्हें चेतावनी दी गई कि ऐसी हरकत की तो उन्हें जेल भी जाना पड़ जाएगा।पीड़ित युवकों और उनके परिजनों के होश उड़ गए।

### ई-रिक्शा चोरी करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**छिबरामऊ कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के पर्यवेक्षण मे थाना सौरिख पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान ई-रिक्शा चोरी करने वाले 03 नफर अभि0गण को गिरफ्तार कर जेल गया। ई-रिक्शा कस्बे से चोरी हुआ था उसे चोरी करने वाले चोर ई-रिक्शा को लेकर राजापुर बम्बे पर खडे हुये है तथा कही ले जाने की फिराक मे है । उक्त सूचना पर राजापुर बम्बा पर पहुचे तो तीन व्यक्ति लाल व हरे रंग का ई-रिक्शा को लेकर जा रहे है ,उपरोक्त ई-रिक्शा व अभि0गण को घेर कर पकड़ लिया । उनसे नाम पता पूछा गया तो उन्होने अपना नाम 1.रमाकान्त पुत्र प्रभुदयाल उम्र करीब 36 वर्ष निवासी ग्राम कायमपुर थाना सौरिख जनपद कन्नौज 2.हरगोविन्द पुत्र श्री शेरबहादुर सिंह उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ग्राम आरिफपुर थाना सकरावा जनपद कन्नौज 3.राजकुमार पुत्र सुभाषचन्द्र उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम कायमपुर थाना सौरिख बताया जो कि अभि0गण को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए जेल भेजा गया।

# धर्म और संस्कृति की रक्षा में विहिप का महत्वपूर्ण योगदान रहा: रामश्याम




कालपी (जालौन)। रविवार को नगर में विश्व हिंदू परिषद का 60 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान लोगों ने संगठन के विकास से लेकर सुधार पर चर्चा की। नगर स्थित राधे गार्डन में आयोजित स्थापना दिवस के दौरान वक्ताओं ने कहा कि देश में धर्म और संस्कृति की रक्षा में विश्व हिंदू परिषद का अहम योगदान हैं जिसमें कई लोगों को हिन्दुत्व की रक्षा में जान भी देनी पड़ी है तब जाकर हिन्दू देश के सपने देखना शुरू किया गया है अन्यथा की स्थित में देश में हिन्दुओं और सनातन की स्थिति ठीक नहीं थी। इस दौरान आचार्य रामश्याम ने कहा कि अभी हिन्दू जातियों में बटे है राजनैतिक दलों ने वोट के चक्कर में बांट रखा है और वह आपस में ही लड रहे हैं इसलिए जाति से पहले हम सब हिन्दू हैं और उसकी रक्षा करना सब का धर्म है। उन्होंने कहा 60 साल में संगठन ने कई उपलब्धिया हासिल की है जिनमें राम मंदिर एक प्रमुख उदाहरण हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी ने हिन्दू धर्म की रक्षा का संकल्प लेकर संगठन को मजबूत करने पर भी बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता रमेश तिवारी ने की तो इस मौके पर जिला के कार्यवाहक अध्यक्ष ग्रीश पालीवाल, जिला सहमन्त्री सौरभ, आचार्य तेजस्वी, आशीष सेठ, दीपक शर्मा ,शिव सिंह राठौर, करन सिंह बब्बन ठाकुर, रजनी पाल, हर्ष विश्नोई, उज्जवल गुप्ता समेत बड़ी संख्या में हिन्दू वादी लोग मौजूद रहे।

# कान्हा की छटी में आयोजित भंडारे में उमड़ी भीड़

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**



श्रद्धालुओं को परसाद वितरित करते व्यापारी नेता व श्रद्धालु — समृद्धि न्यूज

**भगवान** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में नगर के पशुपति नाथ मंदिर में छटी कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। जिसमें मंदिर सेवा समिति द्वारा विधि विधान से पूजन करनें के उपरान्त विशाल कढ़ी-चावल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकडों लोगों ने भंडारे में पहुंचकर परसाद ग्रहण किया।

भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की छटी पर चकोर रोड स्थित पशुपति नाथ मंदिर में महंत द्वारा विधि विधान से पूजन करवानें के उपरान्त समाजसेवी देवेन्द्र गुप्ता के साथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों नें कान्हा को भोग लगानें के बाद कन्याओं को फ्ल, मिष्ठान, दक्षिणा आदि प्रदान कर एवं साधु-संतो को अंगवस्त्र भेंट कर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकडों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष अतुल गुप्ता, मयंक गुप्ता, सीमंस वर्मा, शिवा गुप्ता, प्रेमचन्द, अशु, हिमांशु, अनन्त, रजत, राजीव, निहाल, राहुल, अमित कटियार, चन्दन गुप्ता सहित सैकडों महिला व पुरूष भक्तगण मौजूद रहे।

# टीएसआई ने वाहनों पर रिफलेक्टर टेप लगाकर जागरूक किया



**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**शाम के** समय सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ऐसे वाहनों में जिसमे पीछे की तरफ कोई लाइट व्यवस्था न होने पर रात में एक्सीडेंट होनी की संभावना अधिक रहती है। उन वाहनों में टीएसआई अरशद अली द्वारा रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए। टीएसआई अरशद अली द्वारा नगर के चौराहा, तिराहा पर अभियान चलाते हुये ट्रैक्टर ट्राली में सवारी बैठाकर चलने वाले चालकों को कडी हिदायत दी गई कि आगे से कभी ट्राली में सवारी बैठाकर न चलें। वाहन चालकों को हिदायत की गई कि ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य बनवा लें। यदि चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं पाया जाएगा तो चालक के साथ-साथ वाहन मालिक पर भी जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

**मांग** — मोहल्लेवासियों ने जल निगम से गड्ढा बंद करने की मांग की

# बरसाती मौसम में पाइप लाइन बिछाने के लिये खोदे गए रास्ते में भरा पानी

- राहगीरों के आवागमन का रास्ता भी हुआ बंद

**जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज**



बारिश के मौसम में जल निगम द्वारा बिछाई जा रही पाइप लाइन को बिछाने के लिए जेसीबी मशीन से रास्ते को खोद दिया गया। बारिश होने पर जहां गड्ढों में पानी भर गया। वहीं, आवागमन के लिए रास्ता भी बंद हो गया। मोहल्ले के लोगों ने बारिश के मौसम में काम न कराए जाने एवं खोदे गए गड्ढों को बंद कराने की मांग की है। नगर क्षेत्र के मोहल्ला गणेशजी में जल निगम द्वारा पानी की पाइप लाइन बिछाए जाने का कार्य किया जाना है। रविवार की दोपहर जेसीबी मशीन के साथ कर्मचारी गड्ढे खोदने के लिए पहुंच गए। जब जेसीबी मशीन वहां पहुंची तो मोहल्ले के लोगों ने बताया कि बारिश का मौसम चल रहा है। पानी बरसने से एक ओर जहां जलभराव हो जाता है तो दूसरी ओर निकलने के लिए भी रास्ता नहीं बचेगी। इसके बाद भी कर्मचारी नहीं माने और उन्होंने सड़क खोदने का कार्य शुरू कर दिया। मोहल्ले में रमेश मिश्रा के मकान से कालिंद्री टाकीज तक सड़क खोद दी गई। इसी दौरान अचानक पानी बरसने लगा और खोदे गए गड्ढों में पानी भर गया। साथ ही सड़क खोदने से निकले मलवे को सड़क के दोनों ओर एकत्रित कर दिया गया। जिससे इस सड़क से होकर आवागमन बंद हो गया है। वहीं जेसीबी से हुई खुदाई से सड़क से निकली लोगों की पाइप लाइनें भी टूट गई। जिससे पानी की किल्लत हो गई। मोहल्ले के निवासी राजीव मोहन मिश्रा, अमित तिवारी, छुटंके, अतुल कुमार आदि ने बताया कि बारिश के मौसम में कर्मचारियों को सड़क खोदने के लिए मना किया गया था। इसके बाद भी कर्मचारी नहीं माने। सड़क खोदने से जहां जलभराव हुआ है तो दूसरी ओर सडक के दोनों ओर मलवा होने से घरों के बाहर भी नहीं निकल पा रहे हैं। इसके अलावा जेसीबी मशीन से लोगों के घरों में पेयजल आपूर्ति के लिए निकली पाइप लाइनें भी टूट गई हैं। जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने जल निगम के उच्चाधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि खोदी गई सड़क को पाइप लाइन बिछाकर जल्द दुरूस्त कराया जाए और बाकी का कार्य बारिश बंद होने के बाद किया जाए। इस बाबत जल निगम के जेई अनमोल कुमार ने बताया कि पाइप लाइन खोदी गई है इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। वह पता कर रहे हैं यदि घरों की पाइप लाइन टूटी हैं तो उन्हें भी ठीक कराया जाएगा।





# कटान के चलते अपने ही हाथों अपना आशियाना उजाड़ रहे ग्रामीण

- करीब एक दर्जन ग्रामीणों की तीन सौ बीघा जमीन गंगा में समा चुकी

**कंपिल, समृद्धि न्यूज**

**पिछले एक** पखवारे से कम वर्षा होने और बैराजों से कम पानी छोड़े जाने से बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों की हालत में थोड़ा बहुत सुधार होना शुरू हुआ था, लेकिन कटान शुरू होने से गाँवों में फिर संकट के बादल घिर आए है। कटान और बीमारी झेल रहे ग्रामीण एक बार फिर पानी बढ़ने से मकान तोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करने लगे हैं।

रविवार की सुबह नदी का डिस्चार्ज 38740 हजार क्यूसेक रहा। गंगा नदी का घटता जलस्तर तलवार की धार की तरह कटान को अंजाम देता है। अपने इसी प्रकृति के मुताबिक गंगा नदी बांध के अंतिम किनारों पर बसे



कटान के चलते मकान तोड़ रहे ग्रामीण — समृद्धि न्यूज

पथरामई, जटा, पुन्थर देहामाफी को अपने निशाने पर लिए हुए है। सर्वाधिक खतरा पथरामई पर मंडरा रहा है। नदी के कटान की गति को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह गांव इस मानसून सत्र में इतिहास की विषय वस्तु बन जाएंगे। नदी का रौद्र रुप देख सहमे उक्त गांवों के ग्रामीण अपने ही हाथों अपना आशियाना उजाड़ दूर बसने के लिए पलायित हो रहे हैं, जबकि पक्के मकान भी तोड़ रहे हैं। प्रशासन द्वारा सुधि न लिए जाने से पलायित हो रहे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। गंगा की धार से पथरामई गांव के अधिकांश ग्रामीण बेघर हो गए हैं। ग्रामीणों ने खेतों में पॉलीथिन व झोपड़ियां डालकर आशियाना बना लिया है। गंगा की धार के करीब पहुंचते ही पथरामाई निवासी उधम सिंह, देव सिंह, म्यान सिंह, टीकाराम, सुखराम, दूधेराम ने मकान तोड़ लिया है, लेकिन घरेलू सामान रखने के लिए भूमि न होने से उन्होंने बल्लियों के सहारे छप्पर रखकर घरेलू सामान उस पर रख दिया है। बेघर ग्रामीण सड़कों पर झोपड़ियों व पॉलीथिन के सहारे गुजारा कर रहे हैं। करीब एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों की तीन सौ बीघा जमीन गंगा की धार में समा चुकी है।

### रोग फैलने से मरने लगे पशु

पथरामई गांव में बाढ़ का पानी कम होने से बीमारियों ने अपने पांव पसार लिए है। पशुओं में खुरपका, मुंहपका, गला घोंटू रोग फैलने लगे हैं। पथरामई निवासी जयसिंह, डॉ0 रामऔतार और ओमप्रकाश की करीब एक दर्जन बकरियों की बीमारी की चपेट में आने से मौत हो गयी। लगभग दो दर्जन मवेशी खुरपका, मुंहपका आदि बीमारियों से ग्रस्त हैं। ग्रामीणों ने मवेशियों का टीकाकरण न होने का आरोप लगाया है।

# चिकन पॉक्स बीमारी ने पसारे पैर, स्वास्थ्य विभाग मौन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बे में बड़ी बीमारी चिकन पॉक्स ने अपने पैर पसारने शुरु कर दिये हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग कोई सुधि नहीं ले रहा है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज के मोहम्मदाबाद रोड पर कई घरों में चिकन पॉक्स की बीमारी ने अपनी दस्तक दे दी है। जिससे लोगों में बीमारी की वजह से दहशत का माहौल बना हुआ है। कुछ लोगों ने इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को भी दी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बताते चलें कि कस्बा नवाबगंज के मोहम्मदाबाद रोड निवासी भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अरविंद शाक्य के पुत्र संगम शाक्य को भी चिकन पॉक्स की बीमारी हो गई है। अरविंद शाक्य के बताये अनुसार उनके पुत्र संगम शाक्य



चिकन पॉक्स की बीमारी से पीड़ित युवक — समृद्धि न्यूज

के अलावा के अलावा उनके ही पड़ोस के शिक्षक बदन सिंह पाल के पुत्र नितिन पाल तथा वहीं पड़ोस के रहने वाले दिनेश यादव जो कि शिक्षक है उनके पुत्र अमन यादव सहित कस्बे में कई लोगों को चिकन पॉक्स की बीमारी हो गई है। किसान नेता ने बताया स्वास्थ्य विभाग इतनी बड़ी बीमारी होने के बाद भी नहीं चेत रहा है, तो वह नवाबगंज के स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध धरना प्रदर्शन करने के लिए भी बाध्य होंगे। वही जब इस संबंध में चिकित्सा अधीक्षक लोकेश शर्मा से फोन पर बात करनी चाही, तो उनका फोन नॉट रीचेबल जा रहा था। जिससे कि चिकित्सा अधीक्षक लोकेश शर्मा से इस बाबत कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

## खबरें चलते-चलते

### जम्फर टूटने से दो सौ गांवों के लोग गर्मी से हुए बेहाल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विद्युत लाइन का जम्फर टूटने से 200 गांव की विद्युत आपूर्ति कई घंटे ठप रही। जिससे लोग भीषण उमस से परेशान हो गये। 33 केवी ब्रेकडाउन होने के चलते नवाबगंज और हजियांपुर विद्युत उपकेंद्र के इलाके के हजारों उपभोक्ता विद्युत सप्लाई आए दिन खराब होने के चलते बेहद परेशान हैं। अगस्त महीने में लगातार तीन बार 33 केवी ब्रेकडाउन हुई और दो दिन पूर्व नवाबगंज विद्युत उपकेंद्र में 11000 लाइन का बक्सा फट जाने से पूरे दिन लगभग 20 गांव के उपभोक्ताओं को विद्युत नसीब नहीं हुई। रविवार सुबह 8.30 बजे लाइन टू फेस हो जाने के चलते विद्युत उपकेंद्र नवाबगंज और हजियांपुर ठप हो गए। नवाबगंज 33 केवी पर मौजूद एसएसओ गजेंद्र सिंह द्वारा विभागीय अधिकारियों को डेढ़ घंटे बाद सूचना दी गयी। इसके बाद अवर अभियंता जावेद अहमद खान ने नोडल अधिकारी अवध प्रताप को फोन किया। इसके बाद लगभग 10.00 बजे विद्युत उपकेंद्र से लाइनमैन अनिल कुमार, राहुल कुमार, हुकुम सिंह पेट्रोलिंग करते हुए नीम करोली अंडरपास के पास उन्हें जम्फर टूटा मिला। तीन लाइनमैन की टीम व एक सहयोगी स्टाफ द्वारा लाइन को ठीक करने का प्रयास किया गया। स्टाफ कम होने के चलते लाइन सही होने में समय लग रहा है। लाइनमैन अनिल कुमार ने बताया स्टाफ उनके साथ पूरा न होने की वजह से लाइन सही होने में दिक्कत हो रही है। समाचार भेजने तक 33 केवी पर काम जारी है। इसके चलते नवाबगंज और हाजियांपुर के लगभग 200 से ऊपर गांव बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं।



जम्फर जोड़ रहा लाइनमैन



नवाबगंज स्थित ३३ केवी विद्युत उपकेंद्र

### जिले में दस थानाध्यक्षों की तैनाती में फेरबदल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने थानाध्यक्षों की तैनाती में बड़ा फेरबदल किया है। पुलिस अधीक्षक ने बीती रात थाना नवाबगंज के प्रभारी निरीक्षक आमोद कुमार सिंह को कोतवाल फतेहगढ़ की जिम्मेदारी दी है। प्रभारी जनशिकायत प्रकोष्ठ निरीक्षक राजीव पाण्डेय को शहर कोतवाल बनाया है। थाना जहानगंज के प्रभारी निरीक्षक भोलेंद्र चतुर्वेदी को थानाध्यक्ष मऊदरवाजा, थानाध्यक्ष शमसाबाद बलराज भाटी को थानाध्यक्ष नवाबगंज, प्रभारी निरीक्षक फतेहगढ़ हरिश्याम सिंह को थानाध्यक्ष जहानगंज, प्रभारी निरीक्षक मऊदरवाजा अमित गंगवार को प्रभारी निरीक्षक शमसाबाद, थाना कायमगंज की चौकी कुआंखेड़ा प्रभारी विश्वनाथ आर्य को थानाध्यक्ष कम्पिल, अपराध निरीक्षक नवाबगंज कामता प्रसाद को अपराध निरीक्षक जहानगंज, प्रभारी निरीक्षक मेरापुर नवीन सिंह को प्रभारी जनशिकायत प्रकोष्ठ, थानाध्यक्ष कम्पिल उपनिरीक्षक जितेन्द्र चौधरी को थानाध्यक्ष मेरापुर बनाया गया है।



पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी

# फर्जीवाड़े में फंस गईं पूर्व नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**माफिया रज्जू** उर्फ खालिद के होटल को गिरवाने के आदेश को तबादले के बाद वापस लेने के मामले में तत्कालीन नगर मजिस्टेट दीपाली भार्गव फंस गई हैं। कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला सिविल लाइन मड़ैया निवासी सुधीर दिवाकर ने तत्कालीन नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव के आदेश के विरुद्ध हाईकोर्ट में रिट का दायर की है। रिट में जिलाधिकारी एवं नगर मजिस्ट्रेट को पक्षकार बनाया गया है। न्यायालय द्वारा नोटिस जारी किए जाने पर प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।

सुधीर दिवाकर ने सिटी मजिस्ट्रेट एवं लिपिक विदुर पाल के फर्जीवाड़े के मामले में जिलाधिकारी से शिकायत की थी। उन्होंने जिलाधिकारी को अवगत कराया था कि वाद संख्या-1074/2022



पूर्व नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव

सरकार बनाम खालिद उर्फ रज्जू धारा-10 उ0प्र0आर0बी0ओ0 एक्ट स्थल गाड़ीखाना फतेहगढ़ में रज्जू उर्फ खालिद पुत्र इरशाद अली निवासी सिविल लाईन निकट अख्तर मसीह कोठी फतेहगढ़ द्वारा ब्लू हैवन होटल का निर्माण अवैधानिक रुप से उ0प्र0आर0बी0ओ0 एक्ट का उल्लंघन कर कराया गया था। जिसके संबंध में उपरोक्त वाद दर्ज कर रज्जू उर्फ खालिद का ब्लू हैवेन होटल गिराने का आदेश तत्कालीन नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव द्वारा दिनांक 01.06.2023 को किया था। उक्त आदेश पारित होने के उक्त रज्जू उर्फ खालिद के विरुद्ध मु0अ0सं0 280/2023 धारा 364, 386, 504, 120बी भा0द0सं0 थाना कोतवाली फतेहगढ़ में 9 जून 23 को दर्ज हुई तथा दूसरा मु0अ0सं0 309/2023 धारा 420, 467, 468, 471, 504, 506 आई0पी0सी0 व 3 (1)द, ध एस0सी0/एस0टी0 एक्ट थाना मऊदरवाजा में दर्ज हुई। तब से रज्जू उर्फ खालिद फरार है। ब्लू हैवेन होटल गिराये जाने का आदेश दिनांक 01.06.2023 को पूर्व नगर मजिस्ट्रेट द्वारा किया गया बाद में उनका स्थानान्तरण हो गया तथा उक्त आदेश की खबर अखवारों में 27 जून 23 को प्रकाशित हुई थी। तब नगरवासियों द्वारा 28 जून में रज्जू उर्फखालिद को सूचना दी गई। उसके अधिवक्ता द्वारा पत्रावली का मुआयना किया जाना व 28 जून को आदेश की जानकारी होना प्रार्थना पत्र में अंकित किया गया। जबकि प्रार्थना पत्र में पिछली तारीख 20.06.2023 डालकर नियत प्राधिकारी के लिपिक विदुर पाल पूर्व नगर मजिस्ट्रेट से बैक डेट 26 जून 23 में कानपुर उनके घर रुपये देकर करा लाया। जबकि उक्त नगर मजिस्ट्रेट चार्ज छोड़कर चली गयीं थीं। बताते हैं कि लिपिक विदुरपाल सिंह ने रज्जू उर्फ खालिद से मोटी रकम लेकर आदेश पिछली तारीख 26 में कराकर भ्रष्टाचार किया है। उक्त विदुरपाल सिंह ने आय से अधिक अकूत सम्पत्ति भ्रष्टाचार से पैदा की है।

# धूमधाम से मना भगवान श्रीकृष्ण का छठी उत्सव



प्रसाद ग्रहण करते भक्तगण — समृद्धि न्यूज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** श्री कोतवालेश्वर हनुमान जी मंदिर पर भगवान श्रीकृष्ण की छठी उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान मंदिर को काफी भव्यता से सजाया गया। महिलाओं द्वारा सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कढ़ी व चावल का प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भक्तों ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद का वितरण देर शाम तक चलता रहा। इसके अलावा अन्य कई मंदिरों व घरों में भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण की छठी पूरे श्रद्धाभाव के साथ मनायी। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष जितेंद्र रस्तोगी, मन्दिर महंत संगम शाक्य, कन्हैयालाल, बबलू राठौर, विपिन कोहली, राजन कोहली, अशोक गंगवार समेत कई भक्तगण मौजूद रहे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फैजबाग में हुआ आरोग्य मेले का आयोजन

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** रविवार को उप स्वास्थ्य केंद्र फैजबाग में आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें डाक्टर कल्पना कटियार द्वारा मरीजों को देखा गया और मरीजों को परामर्श दिया गया। डाक्टर कल्पना कटियार द्वारा मरीजों को बरसात के मौसम में होने वाली बीमारी तथा उनसे बचने के उपाय के बारे में जानकारी दी गई।

फार्मासिस्ट वीरेंद्र सिंह राजपूत ने मरीजों को दवाइयां दीं और इंजेक्शन देकर दवाइयों के सेवन करने के बारे में जानकारी दी। एएनएम नीलम, एएनएम भावना द्वारा महिला लाभार्थियों को परिवार नियोजन के बारे में भलीभांति जानकारी दी गई। एलटी अलका द्वारा मरीजों का टेस्ट किया गया। मरीजों की मानें तो उप स्वाथ्य केंद्र फैजबाग में मरीजों को दवाइयां, बीमारी के हिसाब से पूछताछ



आरोग्य मेले में मौजूद डाक्टर व दवा लेते मरीज — समृद्धि न्यूज

व टेस्ट कर दी जाती हैं। डॉक्टर कल्पना कटियार ने बताया कि हमारा प्रयास रहता है कि हमारे यहां आने वाले सभी मरीजों को हमारी टीम अच्छी से अच्छी सुविधा दे। यहां आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मरीजों को बरसात के मौसम के चलते होने वाली बीमारियों प्रति जागरुक किया गया और उनसे बचने के उपाय भी बताए गये। मेले में आने वाले मरीजों की संख्या 39 रही। जिसमें 12 की जांच की गई। जिसमें 10 डायबिटीज, 02 मलेरिया निगेटिव निकले। बाकी खांसी, जुखाम, बुखार, दाद खाज खुजली के देखे गए और दवाइयां दी गई। इस मौके पर डाक्टर कल्पना कटियार, फार्मासिस्ट वीरेंद्र सिंह राजपूत, एएनएम नीलम, एएनएम भावना, एलटी अलका, राजेश कुमार वार्डवाय मौजूद रहे।

# शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को राष्ट्र प्रेमी बनाना मेरा उद्देश्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** देश के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का सपना था, कि देश का हर व्यक्ति शिक्षित हो। उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लोगों को प्रेरित किया और अपने जन्मदिन को शिक्षकों के लिए समर्पित करते हुए शिक्षक दिवस रखा, तब से अब तक हर 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। समृद्धि न्यूज के विशेष विश्लेषण समाचार के अंक में शिक्षा की प्रहरी बनी उच्च

## शिक्षा के प्रहरी

प्राथमिक विद्यालय महमदपुर गढ़िया राजेपुर की सहायक अध्यापिका हिमलेश शाक्य ने बताया कि बचपन से ही पढ़ने-लिखने के साथ-साथ

नाम- हिमलेश शाक्य
पद- सहायक अध्यापिका
उच्च प्राथमिक विद्यालय
महमदपुर गढ़िया, राजेपुर
पति- डा0 मिथलेश शाक्य
जन्मतिथि- 06.10.1963
योग्यता-बीएससी, बीएड, एमए, एमएड, विशिष्ठ बीटीसी
प्रेरणा स्रोत- मां दयावती
आदर्श- पिता जी टीकम सिंह सेवानिवृत्त आर्मी
हॉवी- पढ़ाना व सिलाई, कढ़ाई
पहली तैनाती- प्राथमिक विद्यालय नगला गुलाल 2005
सम्मान- उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान, नवाचार शिक्षक सम्मान, ब्लाक गाइड कैप्टन सम्मान, अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान आदि



**हिमलेश शाक्य**
सहायक अध्यापिका
उच्च प्राथमिक विद्यालय
महमदपुर गढ़िया, राजेपुर



भारतीय पाठशाला में आयोजित स्काउट गाइड प्रशिक्षण में मौजूद हिमलेश शाक्य व अन्य

सिलाई-कढ़ाई का शौक था। जिसे मैं आज भी समय रहते करती रहती हूं

## हॉवी- पढ़ाना व सिलाई कढ़ाई आदि

और साथ ही गरीब बालिकाओं को सिलाई, कढ़ाई सिखाकर उन्हें स्वावलंबी बना रही हूं। मेरे पिता टीकम सिंह आर्मी में वायरलेस इंस्पेक्टर थे। मां दयावती गृहणी है। हाईस्कूल 1980 में रतनमुनि जैन इंटर कालेज आगरा से किया। इंटर की पढ़ाई मुरारी लाल खत्री इंटर कालेज आगरा से पूर्ण की। बीएससी आगरा यूनिवर्सिटी से किया। बीएड डीम्ड यूनिवर्सिटी से आगरा से किया। इसी ही विद्यालय से एमएड उत्तीर्ण किया। साथ ही विशिष्ठ बीटीसी की। 1988 में शादी हुई। 2005 में शिक्षिका बनी और पहली तैनाती प्राथमिक विद्यालय नगला गुलाल बढ़पुर में हुई। 2011 में प्रमोशन हुआ और उच्च प्राथमिक विद्यालय महमदपुर गढ़िया राजेपुर में तैनाती हुई, तब से अभी तक वहीं पर अध्यापन कार्य कर रही हूं। मेरे ही विद्यालय के चार बच्चे छात्रवृत्ति परीक्षा 2022 में चयनित हुए। जिन्हे प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये सरकार द्वारा छात्रवृत्ति मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को मेहनत से पढ़ाना व खेल-खेल में उन्हे शिक्षित करना मेरा उद्देश्य है। जिससे उनका स्वयं का विकास हो और वह आगे चलकर देशहित के लिए कार्य करें। 2022 में नवाचार में भाग लिया और वहां पर विभिन्न गतिविधियों को प्राप्त कर बच्चों को शिक्षित किया। 2021 में स्काउट गाइड से जुड़ी और 2023 में गाइड कैप्टन बनी। साथ ही जीजीआईसी में ट्रेनिंग पूर्ण कर अनुशासन सीखा। स्काउट गाइड में सहयोग की भावना को जागरुक करते हुए बच्चों को सिखाया। जुलाई 2024 में हाथरस में आयोजित कैम्प में ट्रेनर बनकर बच्चों का टेस्ट लिया। स्काउट गाइड की आजीवन सदस्य हूं। परिवारिक पृष्ठभूमि खेती के साथ-साथ चिकित्सीय व राजनैतिक रही है। मेरे प्रिय नेता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ है। मेरा उद्देश्य है कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मेरे द्वारा पढ़ाये हुए बच्चे शिक्षित होकर तन, मन, धन से राष्ट्र के प्रति समर्पित हो। पर्यावरण के लिए बच्चों को जागरुक किया और एक पेड़ मां के नाम के संदेश देते हुए लगवाया। मेरा पुत्र हिमांशु शाक्य वह डॉक्टर है।

शिक्षक दिवस के पूर्व समृद्धि न्यूज समाचार पत्र में शिक्षकों का निःशुल्क शिक्षा के प्रहरी साक्षात्कार विशेषांक प्रकाशित किया जा रहा है।

**रिपोर्ट** — अपचारी व लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

# राजकीय सम्प्रेक्षण गृह से अपचारी दीवार फांदकर फरार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिला प्रोबेशन** अधिकारी ने जेल से भागने वाले किशोर व लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चंद्रा ने दर्ज करायी गयी रिपोर्ट में कहा है कि किशोर न्याय अधिनियम के अन्तर्गत विधि का उल्लंघन करने वाले अपचारी किशोरों को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) जखा याकूतगंज में निरूद्ध किया जाता है। जिसमें चार जनपद फर्रुखाबाद, औरैया, मैनपुरी तथा कन्नौज के अपचारी निरूद्ध किये जाते हैं। वर्तमान में संस्था में निरूद्ध अपचारी किशोरों की संख्या 58 हैं। जिसमें अपचारी किशोर बंटी उर्फ सुमित पुत्र अजमेर सिंह निवासी मोहल्ला सराय भटेला कस्बा थाना करहल जनपद मैनपुरी अ0सं0 257/24 धारा 103 (1), 109, 307, 317 (2) दिनांक 07.07.2024 को निरुद्ध किया गया था। जो 31.08.2024 को सायं लगभग 05.40 बजे संस्था की बाहरी दीवार को फांदकर पलायन कर गया है। घटना सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट दिखाई दे रही है। घटना के सम्बन्ध में प्रभारी अधीक्षक द्वारा जानकारी होने पर तत्काल अधोहस्ताक्षरी को दूरभाष पर अवगत कराया गया। संस्था में ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों द्वारा सायं 4 बजे सभी अपचारी किशोरों को नाश्ता एवं तत्पश्चात् खेलकूद हेतु कमरे से बाहर निकाला गया था। घटना के समय संस्था में विजय सिंह तथा अश्वनी कुमार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आउट सोर्सिंग एवं राजकुमार केयर टेकर ड्यूटी पर तैनात थे। जिन पर किशोर अपचारियों की देखरेख एवं सुरक्षा का सम्पूर्ण दायित्व होता है। घटना के सम्बन्ध में 31 अगस्त को सायं घटना के समय ड्यूटी पर तैनात विजय सिंह तथा अश्वनी कुमार कर्मचारी आउट सोर्सिंग एवं राजकुमार केयर टेकर द्वारा अपनी ड्यूटी के प्रति बरती गई घोर लापरवाही के कारण ही अपचारी किशोर बंटी उर्फ सुमित संस्था से पलायन कर गया।




राजकीय सम्प्रेक्षण गृह जखा याकूतगंज — समृद्धि न्यूज

### ग्रामीण को मारपीट कर किया घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दबंगों ने ग्रामीण को मारपीट कर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के ग्राम रेहा निवासी शशीकांत दबंगों ने पीटकर घायल कर दिया। उन्होंने हमलावरों के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि पिछले दिनो मेरे खेत की मेड़ को ग्राम मदनापुर थाना मोहम्मदाबाद निवासी शीशराम यादव, हंसराम यादव पुत्रगण लक्ष्मण यादव, अजीत यादव पुत्र कल्लू यादव, सुरजीत यादव पुत्र हंसराम यादव ने मेरे खेत की मेड़ को जोतकर उसमें धान की फसल लगा दी। मैंने इस सम्बन्ध में दिनांक 24 अगस्त को थाना दिवस में शिकायत की थी। मेरी शिकायत पर आज 1 सितंबर को लेखपाल व कानूनगो मौके पर नाप कर हदा लगवा रहे थे, तभी लगभग 2.10 बजे उपरोक्त सभी आरोपी खेत पर आ गये तथा गाली-गलौज करने लगे। मैंने गाली देने से मना किया तो मुझे लात-घूसों व लाठी-डन्डों से मारापीटा। जिससे काफी चोटें आयी हैं। उपरोक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी है।

# सामान्य विज्ञान प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को कारागार मंत्री ने किया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**सरस्वती विद्या** मन्दिर इण्टर कालेज श्याम नगर में विज्ञान भारती के तत्वावधान में प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर आयोजित हुई सामान्य विज्ञान प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में जनपद के 31 विद्यालयों व कोचिंग संस्थानों के कक्षा-6 से कक्षा-12 तक के 2816 छात्र-छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया था। मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही एवं विशिष्ट अतिथि सुनील मिश्रा, कौस्तुभ ओमर, डॉ0 दिनेश कुमार, संदीप राठौर, संघ के विभाग सह प्रचारक अमित ने लगभग 170 छात्र-छात्राओं को मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। संस्था के सचिव मनोज चतुर्वेदी ने सभी 31 विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों का प्रतियोगिता में सहयोग देने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया व जिला समन्वयक महेश उपाध्याय ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता के विषय मे जानकारी दी। कार्यक्रम में टटड की पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। पुरस्कृत होने वाले विद्यालय के छात्र सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज फतेहगढ़, सरस्वती विद्या मन्दिर श्यामनगर, सरस्वती शिशु मन्दिर सेनापति स्ट्रीट, सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर सेनापति, एस0के0 इ0 कॉलेज मंझना, सरनाम सिंह इ0 कॉलेज मंझना, मदन मोहन कानोडिया बालिका इ0 कॉलेज, नारायण आर्य कन्या पाठशाला इण्टर कालेज, सिटी मिशन इण्टर कालेज, महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इण्टर कालेज फतेहगढ़, स्वामी रामानन्द इण्टर कालेज, स्वामी रामानन्द बालिका इण्टर कालेज, हृदयेश कुमारी योगेन्द्र कुमार इण्टर कालेज चित्रकोट, के0आर0 रस्तोगी इण्टर कालेज, कर्नल ब्रह्मानंद इण्टर कालेज, ज्ञानफोर्ट पब्लिक स्कूल, राजपूताना पब्लिक स्कूल, सीपी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, सिटी मान्टेसरी स्कूल, मॉर्डन पब्लिक स्कूल, डीएसबीडी स्कूल, दयानंद इण्टर कालेज, यूपीएस सलेमपुरए रानी अवंतिकाबाई इण्टर कालेज रमापुर जसु आदि के छात्र सम्मानित हुए। संस्था के कोषाध्यक्ष धीरेन्द्र वर्मा, मीडिया प्रभारी हिमांशु शुक्ला, पूनम शुक्ला, अमिता पाठक, आशीष द्विवेदी, नीलम सोमवंशी, अश्विनी गुप्ता, वीरेंद्र कुमार, पवन मिश्र, संगम शाक्य, विजित, चन्द्रकिशोर कटियार, सच्चिदानंद गंगवार, विमल राठौर, संतोष राजपूत, योगेंद्र सिंह, अशोक गंगवार, सन्दीप सिंह, जितेन्द्र सिंह, रीता दुबे, प्रदीप अवस्थी, धर्मवीर सिंह, रामकृष्ण बाजपेयी, वीरेश कुमार, आलोक सक्सेना, रवि श्रीवास्तव, शिखा अग्निहोत्री, नितिन राठौर, ओम प्रकाश शुक्ल, रागिनी मिश्रा, नवीन, अखिलेश, विभोर सोमवंशी, दुष्यंत पाल, कुश दुबे, हरगोविन्द, अजीत वर्मा आदि उपस्थित रहे।


विज्ञान भारती कार्यक्रम में सम्मानित होते छात्र-छात्रायें — समृद्धि न्यूज

## सुरक्षा को लेकर अस्पताल प्रबंधन अब तीमारदारों को भी प्रवेश पर्ची जारी करेगा

**कालपी (जालौन)।** अब बिना काम के सरकारी अस्पताल जा रहे हो तो सावधान हो जाए क्योंकि सुरक्षा को ध्यान में रख अस्पताल प्रबंधन अब तीमारदारों को भी प्रवेश पर्ची जारी करेगा। कोलकाता काण्ड के बाद शासन अब अस्पतालों की व्यवस्था में कोई कसर नही छोड़ना चाह रहा है। स्वास्थ्य कर्मियों और डाक्टर की हड़ताल के बाद अस्पताल परिसर की सुरक्षा के लिए नये दिशा निर्देश जारी हुए हैं। सीएचसी के अधीक्षक डा. दिनेश गुप्ता के अनुसार विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने पत्र के माध्यम से कहा है कि देखा जा रहा है कि कई लोग बगैर किसी काम के अस्पताल परिसर में आकर समय गुजारते है।

# वाणी विनायक संस्था की ओर से गणेश महोत्सव की तैयारी बैठक सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**वाणी विनायक** संस्था की ओर से चतुर्थ गणेश महोत्सव की तैयारी बैठक आवास विकास स्थित एक रस्टोरेंट पर सम्पन्न हुई। संस्था की ओर से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी धार्मिक आयोजन के अन्तर्गत गणेश महोत्सव का आयोजन राधा गोपाल मंदिर घुमना चौराहा पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। संस्था प्रमुख राजगौरव पाण्डेय इस बार गणपति का आयोजन व दिन 7 सितम्बर से 15 सितम्बर तक किया जायेगा। प्रतिदिन आरती व मुख्य रुप से राकेश शुक्ला व भानू गुप्ता एवं सरिता पाण्डेय व्यवस्था देखेंगी। गणेश स्थापना 7 सितम्बर को मुख्य यजमान राजगौरव पाण्डेय व संध्या पाण्डेय की देखरेख में होगी। प्रसाद प्रतिदिन वितरित होगा। प्रसाद की व्यवस्था राकेश शुक्ला देखेंगे। गणेश भगवान की महिमा का विस्तार के साथ पूजन होगा। बैठक में रामजी राजपूत, गौरव राठौर, रितुल वर्मा, देव पटेल, धीरज मौर्या, अंकित गुप्ता, यश पाण्डेय, अर्चना पाण्डेय, शैलेन्द्र सक्सेना, राजदीपक पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।


गणेश महोत्सव की तैयारी बैठक में मौजूद वाणी विनायक संस्था के लोग — समृद्धि न्यूज

# भाकियू जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों को वितरित किये प्रमाण पत्र

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारतीय किसान** यूनियन बलराज के जिला कार्यालय पर बैठक का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह पवन व महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला की अध्यक्षता में नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर पदभार ग्रहण कराया गया। जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने समस्याओं को लेकर चर्चा की और प्रशासन से निष्पक्ष किसानों की समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की। साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये और उन्हें दायित्व ग्रहण कराया गया। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी एनए खान, दिलीप कुमार, अनुराग शाक्य, धीरेश यादव, पंकज यादव, उज्जवल, संकेत राजपूत, नदीम उल्ला खान, रईस खान, डा0 प्रदीप, दीपक कुमार, मोहित कुमार, मनीषा, जितेंद्र, सिद्धार्थ आदि लोग मौजूद रहे।


मनोनयन पत्र के साथ मौजूद भाकियू पदाधिकारी

## खबरें एक नजर में

### मोहम्मद अरहान ने केवल 13 साल की उम्र में पूरा किया कुरान-ए-पाक


दुआ कार्यक्रम में माता पिता व रिश्तेदारों के साथ बालक मोहम्मद अरहान

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** 13 साल की उम्र में कमालगंज के मोहम्मद अरहान ने कुरान-ए-पाक का पाठ मुकम्मल कर लिया। कुरान के सभी तीस पारों (अध्याय) को उच्चारण सहित पूरा कराने में उनके उस्ताद हाफिज मोहम्मद जाविर का सहयोग रहा। कुरान पाठ पूरा करने पर कमालगंज आजाद नगर सराय मोहल्ले में दुआ का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें अरहान को बुजुर्गों और परिजनों ने दुआओं से नवाजा। वहीं बच्चे ने कुरान की सूरह फातिहा पढ़कर सुनाया। अरहान के पिता फखरुद्दीन ने बताया कि यह उनके और उनकी पत्नी और खानदान व रिश्तेदारों के लिए खुशी का मौका है। कुरान को किरत के साथ मुकम्मल कराने में हाफिज मोहम्मद जाबिर का भी सहयोग रहा। फखरुद्दीन ने कहा अपने बेटे को दीनी और दुनियावी दोनों तालीम दिलाएंगे। अरहान के उस्ताद हाफिज मोहम्मद जाबिर ने बताया कि कुरान की तालीम हर मुसलमान के लिए जरूरी है, क्योंकि कुरान एक किताब नहीं बल्कि दुनिया में जीने का तरीका है। अल्लाहताला ने अपनी उम्मत को कुरान को उठाने की वह ताकत दी है। जो बड़े-बड़े पहाड़ों को भी नहीं मिली। जब कुरान नाजिल हुआ था तो पहाड़ भी लरज गए थे।

### प्रख्यात हिंदी गजलकार दुष्यंत कुमार की जयंती पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन


संगोष्ठी में मौजूद लोग — समृद्धि न्यूज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** साहित्यिक संस्था साधना निकुंज एवं अनुगूंज के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी गजल के बेताज बादशाह दुष्यंत कुमार की जयंती पर कृष्णा प्रेस परिसर कायमगंज में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता फतेहगढ़ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार ने की। मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के महासचिव नरेश सिंह यादव रहे। संचालन आर्य प्रतिनिधि सभा मुन्ना यादव ने किया। वक्ता प्रो0 रामबाबू मिश्र रत्नेश ने कहा कि दुष्यंत ने कविता को हुस्न और इश्क के दायरे से निकालकर आम आदमी के सरोकारों से जोड़ा। गीतकार पवन बाथम ने दुष्यंत कुमार की बेहद लोकप्रिय गजलें सुनाई। जवाहर सिंह गंगवार ने कहा कि दुष्यंत ने दबी कुचली मूक जनता की वेदना को शब्द दिए, बगावत के तेवर दिखाये। बिलासी साहित्यकारों को आइना दिखाया। गोष्ठी में शायर बहार और राशिद अली राशिद ने दिलकश अंदाज में गजलें प्रस्तुत कीं। संयोजक परम मिश्रा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### पुलिस उपाधीक्षक प्रदीप सिंह तबादला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शासन से क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह का तबादला कर दिया गया है। उन्हें सहायक पुलिस आयुक्त (एल.आई.यू.) कमिश्नरेट गाजियाबाद बनाया गया है। शासन की ओर से नौ पुलिस उपाधीक्षकों का तबादला किया गया है। जिसमें फर्रुखाबाद के क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह का भी नाम शामिल हैं।

# परिजन गये थे काम पर तभी घर से युवक हुआ लापता

जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज



**चार दिन** पूर्व घर पर अकेला युवक घर से ही अचानक लापता हो गया। शाम को परिजन जब घर पहुंचे तो युवक गायब था। पीड़ित मां ने बेटे के लापता होने की सूचना कोतवाली में दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खटीकान निवासी बेबी बेवा वशी खटीक ने पुलिस को बताया कि बीती 27 अगस्त को परिवार के सभी सदस्य काम पर गए थे। घर पर 22 वर्षीय बेटा सुदीप अकेला था। शाम को जब घर के सभी सदस्य वापस आए तो घर के दरवाजे खुले हुए थे। जब सुदीप को आवाज दी तो कोई आवाज नहीं मिली। जिसके बाद उसकी तलाश शुरू की। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद मोहल्ले और रिश्तेदारी में उसे खोजने का प्रयास किया गया। लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। बताया कि बेटा सफेद बनियान, हल्की नीली जींस पेंट, पैरों में सादा स्लीपर चप्पल और हाथों में राखी व कलावा बांधे हुए है। मां की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

# राठौर साहू समाज के अधिवेशन में मेधावी छात्र-छात्रायें हुई सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**राठौर साहू** समाज द्वारा ठंडी सड़क स्थित नवभारत सभा भवन में अधिवेशन एवं मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता फतेहचन्द्र राठौर ने की। संचालन मनोज राठौर ने किया। 195 मेधावियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कनिष्ठ राठौर सेवा में चयनित होने वाले न्यायाधीश व सुंदरम राठौर सहायक संख्यिकी शोध अधिकारी को मुख्यअतिथि अशोक राठौर व उमेश बाबू राठौर ने प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि अशोक राठौर ने कहा कि कठिन परिश्रम करके जो भाई आईएएस व पीसीएस तथा न्यायाधीश एवं डाक्टर, इंजीनियर बनते है उन्हे समाज द्वारा सम्मानित होना बहुत जरुरी है। जिससे उनका मनोबल बढ़ता है। जिलाध्यक्ष रामसिंह राठौर ने मेधावियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हर खर्च को कम से कम करों, लेकिन पढ़ाई जरुर करों, और उच्च शिक्षा प्राप्त कर उन्नति करों तथा समाज को संगठित रहने पर बल दिया। कार्यक्रम अध्यक्ष फतेहचन्द्र राठौर ने मेधावियों को संस्कारित बनाने पर बल दिया। इस मौके पर अनिल राठौर, रामऔतार राठौर, रामनरेश राठौर, अमित राठौर, इन्द्रा राठौर, कंचन राठौर, श्रीमंगल सिंह आदि ने सम्बोधित किया। इस दौरान अमर सिंह राठौर, उमेश बाबू राठौर, नंद किशोर राठौर, सुधीर राठौर, पंकज राठौर, रमेश राठौर, महेश राठौर, तान्या राठौर, रामप्रकाश राठौर, सुरेश चन्द्र राठौर, राजकिशोर राठौर, डा0 राजाराम राठौर, अशोक राठौर, रमेश राठौर, सुनील राठौर, विवेक राठौर आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।


कार्यक्रम में सम्मानित होते मेधावी छात्र-छात्रायें — समृद्धि न्यूज

# लूट के मामले में वांछित 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**लूट के** मामले में वांछित 25 हजार के वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 30 अगस्त 2022 को थाना मऊदरवाजा के मोहल्ला सरदार खां निवासी मनोज कुमार गंगवार पुत्र स्व0 बृजभूषण सिंह ने दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया था कि मेरी मां व पुत्री घर पर अकेली थी, तभी एक व्यक्ति घर के अंदर आकर बोला कि पीतल व तांबे के बर्तन साफ करवा लीजिए। जिसके बाद मां ने पूजा करने वाला तांबे का लोटा साफ करने के लिए दिया। जिस पर आरोपी ने लोटा को चमका दिया और आवाज देकर अपने अन्य साथियों को बुला लिया था। इस दौरान आरोपियों ने तमंचा दिखाकर मां से सोने की चूड़ियां उतरवा ली और पुत्री के साथ मारपीट कर सोने की चैन लूटकर फरार हो गये थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी थी। पुलिस की जांच में संजय शाह पुत्र सिकंदर शाह निवासी लक्ष्मीपुर थाना बरारी जिला कटिहार बिहार, गौतम शाह, दिलीप कुमार शाह पुत्र सरजुक शाह , विजेन्द्र शाह पुत्र प्रदीप शाह निवासी उपरोक्त के नाम सामने आये थे। पुलिस संजय शाह, गौतम शाह, दिलीप को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम भी रखा गया था। मऊदरवाजा प्रभारी निरीक्षक अमित गंगवार ने अपनी टीम के साथ आरोपी विजेन्द्र शाह पुत्र प्रदीप शाह निवासी लक्ष्मीपुर थाना बरारी जिला कटिहार बिहार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।


पुलिस हिरासत में आरोपी — समृद्धि न्यूज

# बिजली घर में केबिल बदलने से आठ घंटे बंद रहेगी विद्युतापूर्ति

**जालौन (उरई)।** टाउन बिजली घर के आसपास की केबिलों में आए दिन स्पार्किंग और फॉल्ट होते रहते हैं। जिसके चलते दुर्घटना की आशंका बनी रहती है और बिजली आपूर्ति की व्यवस्था प्रभावित होती है। बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए सोमवार को छोटे बिजली घर की केबिल बदलने का काम होगा। केबिल बदलने के कारण आधा दर्जन मोहल्लों की बिजली आपूर्ति लगभग आठ घंटे तक ठप रहेगी। बिजली विभाग में तैनात अवर अभियंता नवीन कंजोरिया ने बताया कि नगर के मध्य में स्थित टाउन बिजलीघर में 400-400 केवी के दो ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। इन ट्रांसफार्मरों से बाजार सब्जी मंडी के साथ ही आसपास के साथ मोहल्ला जोशियाना, चौधरयाना, काशीनाथ, फर्दनवीस, गोविंदेश्वर, चुर्खीबाल आदि मोहल्लों में बिजली आपूर्ति होती है। टाउन बिजली घर से निकली कबिलों में आई खराबी के चलते आए दिन चिंगारी निकलती रहती है और फॉल्ट हो जाते हैं। चिंगारी के चलते आसपास के दुकानदारों को दिक्कत होती है। इसके अलावा दुर्घटना होने का भी खतरा बना रहता है। आए दिन की परेशानी व किसी तरह की संभावित दुर्घटना को रोकने के लिए यहां केबिल बदलने का निर्णय लिया गया है। जिसके चलते दो सितम्बर दिन सोमवार को केबिल बदलने का कार्य कराया जाएगा।

# कर्मचारियों ने एक स्वर में पुरानी पेंशन बहाली की उठायी मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**राज्य कर्मचारी** महासंघ के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विकास भवन सभागार में एक सभा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में शिक्षकों की समस्याओं पर विचार किया गया। समस्त कर्मचारियों ने एक स्वर में पुरानी पेंशन बहाली स्कीम को लागू किये जाने की मांग की। सफाई कर्मचारियों की लंबित मांगों पर भी विचार विमर्श हुआ। उनकी समस्याओं का समाधान किये जाने के लिए डीपीआरओ से मुलाकात कर समस्याओं का निस्तारण कराया जायेगा। मानव संपदा पर प्रापर्टी फीड कर्मचारियों की करायी जाये, यह अच्छा है, परन्तु साथ में विधायक व सांसद एवं जनप्रतिनिधियों पर भी लागू होना चाहिए। सफाई कर्मचारियों की व्यवस्था लागू की जा रही है। जो कि बिना प्रशिक्षण कराये कर्मचारियों से गलतियां होने संभावना रहेगी। पहले प्रशिक्षण कराकर ई-फाइल व्यवस्था लागू की जाये। बैठक में मुख्य रुप से संरक्षक राकेश सारस्वत, अध्यक्ष दीपिका त्रिपाठी, महामंत्री प्रमोद कुमार दीक्षित, मजहर मोहम्मद खान, देवेश पटेल, लक्ष्मण सिंह, भुवनेश पाण्डेय, मारुत सिंह, अशोक कुमार, राममोहन भल्ला, आशीष शुक्ला, रवीश कुमार गौतम, प्रदीप, सुरेन्द्र पाल सिंह, शिवकुमार, राहुल यादव, नरेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह, उर्वेश कुमार, शिव मंगल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।


कार्यक्रम को सम्बोधित करते प्रमोद दीक्षित मौजूद अन्य

# सेलिब्रिटी मीट अप कार्यक्रम में प्रतिभाशाली युवाओं को किया गया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**वाई** जे के वी एस क्लब द्वारा सेलिब्रिटी मीट अप-सीजन-2 का आयोजन उत्सव गेस्ट हाउस बढ़पुर में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव व विशिष्ठ अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश गुप्ता व अतिथि प्रशांत श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव, संस्था सचिव मूलचन्द्र बाथम व सौरभ वर्मा ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। आयोजक संजीव बाथम ने संस्था का परिचय दिया। कार्यक्रम की शुरुआत यशस्वी दीक्षित ने कथक नृत्य से की। लाखों सब्सक्राइबर्स के साथ राज शार्ट के नाम से यू-ट्यूब चैनल चलाने वाले सुरजीत व इंस्टाग्राम चलाने वाले शिवम मिश्रा के फालोवरों के द्वारा उनकी जिंदगी बदल दी। अपनी प्रतिभा से एक दूसरे को परिचित कराया। अपनी-अपनी प्रतिभा दिखाते हुए लोहा मनवाया। कला, साहित्य, रंगमंच, सोशल मीडिया, यू-ट्यूब, इंस्टाग्राम, स्केच आर्ट, मॉडलिंग, खेलकूद, लेखन, काव्य, गीत, संगीत आदि के द्वारा उत्कृष्ट योगदान दे रहे लोगों को सम्मानित किया गया। मोनिका गुप्ता, वर्षा गुप्ता, श्रीकांत, प्रभात राजपूत, प्रिया यादव, आराध्या, अमित राजपूत, विशाल बाथम, आयुष दीक्षित, आयुषी मिश्रा, गंभीर सिंह, सनी कश्यप, शिवा तिवारी, सलोनी राजपूत, अंजना श्रीवास्तव, पवन कश्यप, आरवी गुप्ता, दिव्यांशी, रिया सिन्हा, अमित सक्सेना, दिलीप कश्यप, सूर्या कुमारी, निर्दोष शुक्ला, रीतिका वर्मा, कोरियोग्राफर पुष्पा नागर आदि को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। योगेश कुमार, विनायक दुबे ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। युवा कलाकारों की सराहना की गयी। पूर्व मिस इंडिया वर्ल्ड वाइड फाइनेलिस्ट नेहा श्रीवास्तव ने संबोधित किया। इस अवसर पर अंकुर गुप्ता, राजीव वर्मा, गौरव गुप्ता, रोहित तिवारी, अमित सक्सेना, लकी गुप्ता, अजीत वर्मा मौजूद रहे। शांतनु कटियार की किताब का विमोचन किया गया। संचालन सचिन सिंह ने किया। इस दौरान शिवम मिश्रा, अनुराग कनौजिया, गौरव कश्यप, विशाल कश्यप, शिवम दीक्षित, प्रशांत यादव, आतिश साध, रिषव राजपूत, लकी कनौजिया, काव्य साध, आशीष श्रीवास्तव, नेहा जिंदल, मुस्कान वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।


कार्यक्रम में सम्मानित होते युवा — समृद्धि न्यूज

# भारत की यूपीआई ने दुनिया में मचाई धूम

**इस वर्ष अप्रैल से जुलाई की अवधि में यूपीआई से 81 लाख करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ**
**यूपीआई से प्रति सेकंड हो रहे 3,729.1 लेनदेन, डिजिटल लेन-देन में विश्व में भारत शीर्ष**

एजेंसी



**शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने भारत में डिजिटल व कैशलेस लेनदेन को बढ़ावा देने, पेमेंट्स के तरीक़े को सुगम बनाने व फिनटेक क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार के शुरू किए गए भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) को डिजिटल लेन-देन में दुनिया का सबसे बड़ा व सुगम माध्यम बताया है। जिससे जन-जन के लिए बैंकिंग आसान हुई है।

आंकड़ों के अनुसार यूपीआई से हर सेकेंड 3729 ट्रांजैक्शन होते हैं और अप्रैल-जुलाई के बीच 81 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है।अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि भारत के वित्तीय तकनीक परिदृश्य में हो रहे बदलाव वास्तव में सामाजिक प्रभाव भी डाल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फिनटेक को बढ़ाया देने की नीति के चलते आज यह अनौपचारिक अर्थव्यवस्था तक पहुंच रहा है और ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच वित्तीय सेवाओं में अंतर को पाटने में मदद कर रहा है। आज भारत का यूपीआई के रूप में डिजिटल लेन-देन में दुनिया का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बना है। मोदी सरकार में साल 2016 में शुरू की गई यूपीआई ने भारत में डिजिटल लेनदेन को अत्यंत सुगम बनाया दिया है। लेन-देन समेत बैंकिंग सेवाओं को डिजिटल बनाने के मामले में भारत ने उल्लेखनीय तरक्की की है और प्राप्त आंकड़ों के अनुसार यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) से इस वर्ष अप्रैल से जुलाई की अवधि में 81 लाख करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन हुआ है। इसमें सालाना आधार पर 37 फीसदी की बढ़त देखने को मिली है। डेटा के अनुसार यूपीआई से प्रति सेकंड 3,729.1 लेनदेन हो रहे हैं। वर्ष 2022 में यह आंकड़ा 2,348 लेनदेन प्रति सेकंड था। इस दौरान यूपीआई से लेनदेन में 58 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। भारत का विकसित यह मंच आज दुनिया के लिए मॉडल बन रहे हैं। यूपीआई ने पूरी दुनिया के लिए वित्तीय समावेशन प्लेटफॉर्म के रूप में अपनी सशक्त पहचान बनाई है।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री ठाकुर में कहा कि कांग्रेस नेता एक समय यूपीआई और डिजिटल इंडिया का मजाक उड़ाते थे। आज अब वही डिजिटल इंडिया आम आदमी की ताकत बन चुकी है। आज फल व सब्ज़ी विक्रेता तक यूपीआइ से लेनदेन कर रहे हैं। कांग्रेस भारत की जनता की क्षमता पर संदेह करती थी, उनका मजाक उड़ाते थे। खुलेआम कहा जाता था कि गरीब लोग डिजिटल का मतलब भी नहीं समझ पाएंगे, लेकिन मोदी सरकार का देश के सामान्य मानविकी समझ पर भरोसा था। मोदी सरकार ने खुद आगे बढ़कर डिजिटल पेमेंट्स का रास्ता आसान बनाया हैं। भाजपा सांसद ने कहा कि दुनिया में डिजिटल लेनदेन के मामले में भारत शीर्ष पर है। यहां 40 फीसदी के करीब लेनदेन डिजिटल तौर पर किए जाते है। डिजिटल भुगतान करने के लिए लोग सबसे ज्यादा यूपीआई का इस्तेमाल कर रहे हैं। भारत सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मर्चेंट्स द्वारा यूपीआई क्यूआर कोड के जरिए भुगतान स्वीकार करने और क्रॉस बॉर्डर भुगतान के लिए यूपीआई को अन्य देशों के तेज भुगतान प्रणाली से जोड़ने के लिए कार्यरत है।

## इंफाल पश्चिम में ताजा हिंसा, महिला की मौत

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले के अंतर्गत कांगचुप क्षेत्र के कावतरु गांव में गोलाबारी की घटना ने राज्य में एक बार फिर तनाव पैदा कर दिया है। रविवार की दोपहर कुकी उग्रवादियों की गोलीबारी में दो पुलिस कर्मियों समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक महिला की मौत हो गई। राज्य पुलिस मुख्यालय के एक अधिकारी के मुताबिक आज रविवार को दोपहर करीब दो बजे संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने इंफाल पश्चिम जिले के कांगचुप इलाके के कावतरू गांव में गोलीबारी की। एक महिला सुरबाला नगांगबाम (31), उसके 12 वर्षीय बच्चे और एक अन्य व्यक्ति को गोली लगी। जब इन लोगों को लैंगफेल के रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में ले जाया गया, तो डॉक्टरों ने सुरबाला नगंगबाम को मृत घोषित कर दिया। बाकी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

# तेलंगाना में भारी बारिश से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त, आज के लिए रेड अलर्ट जारी

एजेंसी



**हैदराबाद।** दक्षिण बंगाल की खाड़ी में दबाव के कारण तेलंगाना में शनिवार से हो रही भारी बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है तथा मौसम विभाग ने रविवार और सोमवार को भी बहुत भारी वर्षा का अनुमान जताते हुए 'रेड अलर्ट' जारी कर दिया है।

राज्य के विभिन्न कस्बों और गांवों के साथ ही राजधानी हैदराबाद की सड़कों पर पानी भर गया है, जिससे निचले इलाकों में बड़े पैमाने पर बाढ़ आ गई है। सड़कें, घर और कृषि क्षेत्र जलमग्न हो गए हैं, जिससे निवासियों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। सूर्यापेट जिले में सबसे अधिक बारिश हुजूरनगर में 29.3 सेंटीमीटर और चिलकुर में 28.2 सेंटीमीटर दर्ज की गई। भारी बारिश के कारण बुनियादी ढांचे को गंभीर नुकसान हुआ है, कई इलाकों में यातायात रुक गया है और पुरानी इमारतें ढह गई हैं। सिंगरेनी जिले में कोयला उत्पादन पर भी काफी असर पड़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भारी वर्षा से धान, कपास, मक्का और ज्वार के खेतों में पानी भर गया है। तेलंगाना के खम्मम जिले में, एरु धारा के उफान के कारण बाढ़ के पानी में फंसे तीन लोगों को बचाया गया विकाराबाद और कामारेड्डी सहित कई अन्य जिलों में यातायात बाधित होने और बाढ़ संबंधी घटनाओं की सूचना मिली है। हैदराबाद मौसम विज्ञान केंद्र ने रविवार और सोमवार को आदिलाबाद, निज़ामाबाद और महबूबनगर समेत कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने के अनुमान के साथ ही तेलंगाना के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। अन्य जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है और तीन सितंबर तक येलो अलर्ट पहले से जारी है। हैदराबाद में शैक्षणिक संस्थानों के लिए छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं, जिलाधिकारियों को स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर छुट्टियों की घोषणा का अधिकार दिया गया है।

# सरकार गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा कवर देने के तरीके तलाश रही : मांडविया

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए घोषणा की कि भारत सरकार गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उल्लेखनीय है कि गिग वर्कर वे लोग होते हैं जो अस्थायी या घंटेवार काम करते हैं। प्लेटफ़ॉर्म वर्कर वे गिग वर्कर होते हैं जो ग्राहकों से जुड़ने के लिए ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म या ऐप का इस्तेमाल करते हैं जैसे, ज़ोमैटो या ब्लिंकिट। केंद्रीय मंत्री डॉ. मांडविया ने भारत में गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इसमें उन्होंने कहा कि हम उन्हें वह सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक व्यापक रणनीति पर काम कर रहे हैं, जिसके वे हकदार हैं। सामाजिक सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने के लिए डॉ. मांडविया ने बताया कि श्रमिकों का पंजीकरण ई-श्रम पोर्टल पर किया जाएगा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने सामाजिक सुरक्षा संहिता के महत्व को भी रेखांकित किया, जो पहली बार भारत में गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को परिभाषित करती है। बैठक में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सचिव तथा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## बम से उड़ाने की धमकी के बाद जबलपुर-हैदराबाद फ्लाइट की नागपुर में आपात लैंडिंग

**नागपुर/जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर से हैदराबाद जा रही इंडिगो के विमान की रविवार को नागपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद यह कदम उठाना पड़ा। इंडिगो एयरलाइंस की ओर से जारी बयान के अनुसार हैदराबाद जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6ई 7308) ने रविवार सुबह 8 बजे जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट से उड़ान भरी। इसी बीच विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके चलते फ्लाइट को डायवर्ट कर सुबह 9.25 बजे नागपुर एयरपोर्ट पर उतारा गया। लैंडिंग के समय विमान में 69 यात्री सवार थे। नागपुर में लैंडिंग के बाद सभी यात्रियों को विमान से उतार दिया गया और सघन सुरक्षा जांच शुरू की गई। फ्लाइट में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद यह विमान हैदराबाद के लिए रवाना हुआ।

# भारत को नंबर वन बनाने के लिए भाजपा चाहती है सत्ता : बिपल्व

एजेंसी

**जींद।** त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरियाणा के चुनाव सह प्रभारी और सांसद बिपल्व देव ने कहा कि पड़ोसी राज्य पंजाब में इंडिया गठबंधन के मुख्यमंत्री हैं। जब पड़ोसी देश बंगलादेश में हिंदुओं पर आक्रमण होता है, 13 साल की बेटी को जला देते हैं तो पंजाब के मुख्यमंत्री बोलते हैं कि भारत में भी ऐसा ही करना चाहिए। वो पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं।

आज हरियाणवासियों को तय करना होगा कि उन्हें सत्ता किस लिए चाहिए। क्या सत्ता पाकिस्तान को सौंपने के लिए चाहिए या फिर भारत को टुकड़े होने से बचाना है। उन्होंने कहा कि बंगाल में ममता बैनर्जी की सरकार है। वहां एक महिला चिकित्सक को बलात्कार कर मार दिया लेकिन इसके बारे में केजरीवाल, अखिलेश यादव कुछ नही बोलते हैं। क्यों वो बेटी नही है। यह सब लोग बस सत्ता चाहते हैं, केवल और केवल लोगों का शोषण करने के लिए। भाजपा सत्ता इसीलिए चाहती है कि भारत को नंबर वन बनाना है।

यह लोग लोस में संविधान की बात करते हैं लेकिन संविधान को बचाने का काम भाजपा ने किया है। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री, चुनाव सह प्रभारी और सांसद विपल्व देव रविवार को एकलव्य स्टेडियम में आयोजित जन आशीर्वाद रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के मुंह में संविधान शोभा नही देता है। जिनके पिता ने तीन तलाक बोल कर महिला को घर से निकाला लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने तीन तलाक को खत्म करने काम किया और महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने का काम किया।

## भ्रामक दावों का विज्ञापन करने के लिए शंकर आईएएस अकादमी पर 5 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2022 के परिणाम के संबंध में भ्रामक दावों का विज्ञापन करने के लिए शंकर आईएएस अकादमी पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह जानकारी सीसीपीए ने आज जारी अपनी विज्ञप्ति में दी। सीसीपीए की अध्यक्षता मुख्य आयुक्त निधि खरे और आयुक्त अनुपम मिश्रा करते हैं। सीसीपीए ने शंकर आईएएस अकादमी के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश जारी किया है। इसमें बताया गया कि शंकर आईएएस अकादमी ने अखिल भारतीय स्तर पर 933 में से 336 चयनित, शीर्ष 100 में 40 उम्मीदवार卐, तमिलनाडु से 42 उम्मीदवार सफल हुए हैं, जिनमें से 37 शंकर आईएएस अकादमी से पढ़े हैं, भारत में सर्वश्रेष्ठ आईएएस अकादमी卐 जैसे भ्रामक दावे किए थे। शंकर आईएएस ने यह नहीं बताया कि इन छात्रों ने कौन से कोर्सेज किए हैं।

# नौवीं अनुसूची में आरक्षण शामिल करने पर रुख स्पष्ट करे जदयू

एजेंसी



**पटना।** देशभर में जाति जनगणना और बिहार में 65 प्रतिशत आरक्षण वृद्धि को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने रविवार को राज्यव्यापी एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। राजद नेता एवं प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने पटना के बीरचंद पटेल पथ स्थित पार्टी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए तेजस्वी यादव ने कहा, जब हम 17 महीने सत्ता में थे तब आरक्षण की सीमा बढ़ाई गई थी? उनके (एनडीए) कार्यकाल में ऐसा क्यों नहीं हुआ? वे नाटक कर रहे हैं। आरक्षण को नौवीं अनुसूची में क्यों नहीं शामिल किया जा रहा है? आज जो लोग बयान दे रहे हैं। वही लोग मेरे साथ बैठकर आरक्षण की घोषणा कर रहे थे। बिहार के सत्ताधारी दलों पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकाल में पांच लाख नौकरियां दी गईं। इसी दौरान खेल नीति और शिक्षा नीति लागू हुई। ये लोग (एनडीए) नकारात्मक हैं।

यदि आप कुछ सकारात्मक कहते हैं, तो उन्हें चोट लगनी तय है। तेजस्वी यादव ने जदयू नेताओं को नौवीं अनुसूची में आरक्षण शामिल करने पर अपना रुख स्पष्ट करने की चुनौती दी और कहा कि यदि वे सत्ता में हैं, तो यह उनकी जिम्मेदारी है। बिहार के विशेष राज्य के दर्जे की बात तो छोड़ ही दीजिए। बिहार के विशेष दर्जे पर भी सवाल उठाया और जेडीयू नेताओं पर आरोप लगाया कि जब बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया गया, तो वे ताली बजा रहे थे।

## बैंक में चोरी के आरोप में तीन महिलाओं सहित चार गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर ग्रामीण पुलिस ने पंजाब नेशनल बैंक की मेहतपुर शाखा में 40,000 रुपये की चोरी के मामले में तीन महिलाओं सहित चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान मध्य प्रदेश की सुरौरी वीरू की बेटी अनन्या, मध्य प्रदेश की प्रदीप की पत्नी सलोनी, राजस्थान के नंदकिशोर की बेटी भावना के रूप में की गयी है। उनके साथ लुधियाना जिले के भागशाल शर्मा के बेटे देविंदर शर्मा को भी गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हरकमल प्रीत सिंह खख ने रविवार को बताया कि जालंधर ग्रामीण के सभी सब-डिवीजनों में राजपत्रित रैंक के अधिकारियों की निगरानी में विशेष पुलिस टीमों को तैनात किया गया है ताकि सड़क अपराध से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। ये गिरफ्तारियां 27 अगस्त को एक बुजुर्ग महिला जसबीर कौर द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद की गईं, जिन्होंने बताया कि बैंक परिसर में एक अज्ञात महिला ने उनसे 40,000 रुपये चुरा लिए। इसके बाद संदिग्ध एक ऑटो-रिक्शा में भाग गयी।

# हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य को पूरी तरह बर्बाद किया : शिवराज सिंह

एजेंसी



**रांची।** केंद्रीय मंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव के भाजपा प्रभारी शिवराज सिंह चौहान रविवार को रांची से मध्य प्रदेश के विदिशा लोकसभा क्षेत्र के लिए रवाना हो गये। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि लोग इस बार भाजपा को वोट देने जा रहे हैं। साथ ही कहा कि यह चुनाव राज्य को बचाने का चुनाव है। मौजूदा गवर्नमेंट ने स्टेट को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है।

शिवराज ने कहा कि हम झारखंड में अच्छा कर रहे हैं। स्थानीय लेवल पर भी टीम शानदार काम कर रही हैं। मौजूदा सरकार ने राज्य को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। यह स्टेट को बचाने का चुनाव है। आये दिन यहां से नगदी बरामद की जाती है। आदिवासियों की जमीन छीनी जा रही है। उन्होंने दावा किया कि मतदाता इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा को वोट करने जा रहे हैं। विदिशा जाने के बाबत उन्होंने कहा कि हमारा निर्वाचन क्षेत्र मेरे लिए एक परिवार की तरह है। कई सालों से लोगों का रिश्ता कायम है। आज वहां जाकर दीदियों से भी मुलाकात करूंगा।

हमलोग बस प्रधानमंत्री मोदी की इच्छा को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को रांची में भाजपा की सदस्यता दिलवाई। इस दौरान उन्होंने झामुमो पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अब ये पार्टी परिवारवाद से हटकर पति-पत्नी की पार्टी बनकर रह गयी है। इससे पहले उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक कर आगामी चुनाव पर चर्चा की।

## पेरिस पैरालंपिक : क्वार्टर फाइनल में हारीं मनदीप कौर और पलक कोहली

**पेरिस।** भारत के लिए पेरिस पैरालंपिक 2024 में रविवार चौथे दिन की शुरुआत अच्छी नहीं हुई है। भारतीय पैरा शटलर मनदीप कौर एवं पलक कोहली अपना-अपना क्वार्टर फाइनल मैच हार गई हैं। इसकी के साथ दोनों खिलाड़ियों का पेरिस पैरालंपिक में सफर समाप्त हो गया है। रविवार को मनदीप कौर महिला एकल एसएल3 वर्ग के क्वार्टरफाइनल मैच में नाइजीरिया की खिलाड़ी मरियम बोलाजी से हार गई। मैच में मनदीप शुरुआत से लय में नहीं दिखीं। नाइजीरिया की मरियम बोलाजी ने आसानी से पहला गेम 21-8 से अपने नाम किया। इसके बाद दूसरे गेम में भी मनदीप वापसी नहीं कर सकीं और नाइजीरियाई खिलाड़ी ने यह गेम भी 21-9 से जीत लिया। इस तरह नाइजीरियाई खिलाड़ी ने मनदीप को 21-8, 21-9 से सीधे सेटों में आसानी से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मनदीप के बाद पैरा शटलर पलक कोहली भी महिला एकल एसएल4 वर्ग के क्वार्टर फाइनल मैच में हार गईं।

# खटीमा गोलीकांड की बरसी पर धामी ने शहीदों को याद किया

समृद्धि न्यूज



**उधमसिंह नगर (रुद्रपुर)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा गोलीकांड की 30वीं बरसी पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उत्तराखंड के राज्य आंदोलनकारियों के सपनों का उत्तराखंड बनाने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने खटीमा के मुख्य चौराहे पर स्थित शहीद स्थल पर शहीदों की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और शहीदों के परिजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम उत्तराखंड की नींव रखने वाले उन महान आंदोलनकारी व शहीदों को याद कर रहे हैं. जिन्होंने राज्य निर्माण के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। शहीद आंदोलनकारियों ने बहनों की राखियों, मां की ममता को छोड़कर राज्य निर्माण में सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि हमारे बेहतर भविष्य के लिये इन महान आतात्माओं ने अपना वर्तमान और भविष्य दोनों कुर्बान कर दिए, उत्तराखण्ड की जनता इन वीरों की आजन्म ऋणी रहेगी , जिनकी शहादत के परिणाम स्वरुप हमारे इस राज्य का गठन हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह याद करने की आवश्यकता है कि आखिर क्यों इन महान लोगों ने राज्य निर्माण के लिए स्वयं का बलिदान दिया। इन महान लोगों ने स्वयं का बलिदान इसीलिए दिया कि उन्हें लगता था कि उत्तराखंड अलग राज्य बनकर ही सच्चे अर्थो में उनके सपनों को पूरा कर सकता है। उन्होंने कहा कि स्वयं एक आंदोलनकारी होने के नाते आंदोलनकारियों के परिवार की पीड़ा समझ सकता हूं। खटीमा गोलीकांड को याद कर आज भी खटीमा वासियों सहित पूरे उत्तरखण्ड के लोगों का दिल सहम जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य निर्माण के लिए सबसे पहली शहादत खटीमा की धरती पर दी गई थी और इस शहादत के फलस्वरूप हम पृथक राज्य के रूप में अपनी अलग पहचान बना पाएं हैं, जो खटीमावासियों के लिए गर्व की बात है।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में नई कार्य संस्कृति को लागू किया है। कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह राणा, शिव अरोड़ा, भुवन कापड़ी,भाजपा जिलाध्क्ष कमल जिन्दल, उत्तराखंड मंडी अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, राजपाल सिंह, पूर्व सांसद महेंद्र सिंह पाल, मण्डी अध्यक्ष नन्दन सिंह खड़ायत, काशी सिंह ऐरी, दान सिंह रावत, रमेश जोशी उर्फ रामू भाई, संतोष अग्रवाल, विवेक सक्सेना, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी मन्जूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, पंकज उपाध्याय, उप जिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह बिष्ट, सहित क्षेत्रीय जनता आदि उपस्थित थी।

### तीन वर्ष में अब तक 16 हजार युवाओं को नौकरियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे आप सभी को यह बताते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा है कि मोदी जी द्वारा जल्द ही ऊधमसिंह नगर के खुरपिया में एक इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी स्थापित की जाएगी जिससे इस क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 3 वर्ष में अब तक 16 हजार युवाओं को नौकरियां दी है। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ की धनराशि आपदा प्रभावितों की साहयता हेतु जनपद को जारी की जा चुकी है, जिसमे 12 करोड़ 68 लाख रूपये की धनराशि आपदा प्रभावितों को वितरित की जा चुकी है। उन्होंने आपदा निर्माण मानकों के कार्यों में शिथिलीकरण व धनराशि बढ़ाये जाने के लिए प्रधानमंत्री व ग्रहमंत्री का आभार व्यक्त किया।

### आज दिन मेरे लिए भावुक क्षण

श्री धामी ने कहा कि एक उत्तराखंड वासी होने के साथ-साथ एक खटीमा वासी होने के कारण आज का दिन मेरे लिए एक भावुक क्षण है, इसलिए ऐसे अवसर पर खटीमा गोली कांड के सभी शहीदों को नमन करते हुए मैं, यही कहूंगा कि जब तक हम आंदोलनकारियों के सपनों का उत्तराखंड नही बना लेते, तब तक चैन से नहीं बैठेंगे और 卐विकल्प रहित संकल्प卐 के अपने मूल मंत्र के साथ प्रदेश की उन्नति के लिए कार्य करते रहेंगे।

## हॉकी इंडिया बेरोजगार खिलाडियों को देगी दो लाख रुपए

**लखनऊ।** हॉकी इंडिया ने कहा है कि जिन खिलाड़ियों को अभी तक सरकारी विभागों या सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (पीएसयू) में नौकरी नहीं मिली है ऐसे पुरुष और महिला कोर समूह के सदस्यों को दो लाख रुपये का अनुदान दिया जायेगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, ÷अधिकतर हॉकी खिलाड़ियों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में उनके प्रदर्शन के लिए पीएसयू और सरकारी विभागों द्वारा नौकरी दी जाती है, लेकिन हमारे ध्यान में लाया गया है कि सीनियर कोर ग्रुप में शामिल कुछ नए खिलाड़ी, खासकर महिलाओं वर्ग बेरोजगार हैं। बेरोजगार खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी ताकि उन्हें या उनके परिवारों को गुजर बसर करने के लिए संघर्ष न करना पड़े। हॉकी इंडिया के कार्यकारी बोर्ड ने लखनऊ में एजीएम के ऐसे खिलाड़ियों को प्रत्येक दो लाख रुपये का अनुदान देने का फैसला किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### 370 निरस्त करने से विकास व शांति के नए युग की शुरुआत

**श्रीनगर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ ने रविवार को कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने से जम्मू-कश्मीर में विकास और शांति के एक नए युग की शुरुआत हुई है। श्री चुघ ने यहां पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के बाद मीडिया से कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने से भ्रष्टाचार की दुकानें बंद हो गयी हैं और वे कभी दोबारा नहीं खुलेंगी। उन्होंने दावा किया कि पांच अगस्त, 2019 से इस क्षेत्र में प्रगति और सद्भाव के एक नये अध्याय की शुरुआत हुई। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गले लगाया और अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी-नेहरू परिवारों को खारिज कर दिया, जो अपने अहंकार और भ्रष्टाचार के कारण इस क्षेत्र का दोहन करते रहे हैं। श्री चुघ ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला की आलोचना करते हुए उन्हें अनुच्छेद 370 के बारे में भ्रम उत्पन्न करने वाला और जनता को गुमराह करने वाला एक भ्रमित व्यक्ति कहा। उन्होंने कहा कि श्री अब्दुल्ला 'दुनिया का सबसे भ्रमित व्यक्ति पुरस्कार' के पात्र हैं। भाजपा महासचिव ने बल देकर कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर के लोग खुशी, शांति, विकास और विश्वास का अनुभव कर रहे हैं।

### शेयरों के उच्च मूल्यांकन से सतर्क रहेगा बाजार

**मुंबई।** अमेरिकी फेड रिजर्व के सितंबर में ब्याज दर में कटौती शुरू करने की उम्मीद के बीच स्थानीय स्तर पर घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) का निवेश प्रवाह मजबूत रहने से बीते सप्ताह डेढ़ प्रतिशत से अधिक चढ़कर सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंचा बाजार अगले सप्ताह शेयरों के ऊंचे भाव पर मुनाफावसूली होने की आशंका को लेकर सतर्क रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1279.56 अंक अर्थात 1.6 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस पर 82365.77 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 412.75 अंक यानी 1.7 प्रतिशत उछलकर 25235.90 अंक के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 743.44 अंक अर्थात 1.54 प्रतिशत मजबूत होकर सप्ताहांत पर 49065.36 अंक और स्मॉलकैप 339.66 अंक यानी 0.61 प्रतिशत की तेजी के साथ 56021.55 अंक पर रहा।

### सोनीपत : व्यापारी से 3.60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

**सोनीपत।** खरखौदा उपमंडल के गांव महीपुर के पवन कुमार ने एसीपी खरखौदा को शिकायत दी है, विशाल ट्रेडिंग कम्पनी के तहत धान की खरीद-बिक्री का व्यवसाय करने में उसके साथ 3 करोड़ 60 लाख रुपये कली धोखाधड़ी हुई है। 2023 में धान की फसल के समय किसान राईस मिल के प्रो अखिलेश कुमार ने उनसे धान खरीदने की बात कही थी। पवन कुमार ने खरखौदा मंडी से धान खरीदकर करीब 9.25 करोड़ रुपये की धान किसान राईस मिल को दी। इसमें से 5.64 करोड़ रुपये की रकम का भुगतान हुआ, जबकि 3.60 करोड़ रुपये का बकाया रह गया। पवन कुमार के अनुसार, अखिलेश कुमार ने बार-बार रकम लौटाने का आश्वासन दिया। 12 जनवरी को पंचायत में अखिलेश कुमार ने लिखित में बकाया लौटाने की बात कही और गारंटी के रूप में 7 चेक दिए, जो केनरा बैंक के थे। पवन कुमार ने इनमें से एक चेक बैंक में लगाया, जो बाउंस हो गया। जब उन्होंने अखिलेश कुमार से फिर संपर्क किया, तो उसने भुगतान से इनकार कर दिया और उनके साथी ने धमकी दी कि यदि पैसे मांगने आए तो जान से हाथ धो बैठोगे। बाद में पता चला कि अखिलेश कुमार की राईस मिल किराए पर थी और उसने मिल खाली कर भाग गया।

### पूर्व राज्यसभा सांसद रिपुन बोरा ने टीएमसी से दिया इस्तीफा

**गुवाहाटी।** राज्यसभा के पूर्व सदस्य रिपुन बोरा ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा, असम के लोग ऐसी पार्टी को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं, जिसे वे दूसरे राज्य का मानते हैं। इन चुनौतियों और पर्याप्त समाधान की कमी के मद्देनजर मैं एक कठिन निर्णय लेने के लिए खुद को बाध्य महसूस करता हूं और मैंने खुद को टीएमसी से अलग करने का फैसला किया है। पार्टी प्रमुख को अपना त्यागपत्र भेजते हुए रिपुन बोरा ने कहा, अप्रैल 2022 में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल होने के बाद से मैंने और मेरी टीम ने असम में पार्टी के विकास के लिए अथक प्रयास किया है। पार्टी को भाजपा का मुकाबला करने के लिए एक विकल्प के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया। टीएमसी में शामिल होने का मेरा फैसला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और आपके नेतृत्व के प्रति मेरी प्रशंसा से प्रेरित था और मैंने इस मिशन के लिए पूरे दिल से प्रतिबद्धता जताई। बोरा ने कहा, असम टीएमसी में काफी संभावनाएं हैं लेकिन कई बार-बार आने वाले मुद्दों ने हमारी प्रगति में बाधा डाली है, जिसमें पश्चिम बंगाल की क्षेत्रीय पार्टी के रूप में टीएमसी की धारणा भी शामिल है।

### बंगाल की खाड़ी में 5.1 तीव्रता का भूकंप

**कोलकाता।** बंगाल की खाड़ी में रविवार सुबह 09 बजकर 12 मिनट पर भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.1 मापी गई। हालांकि अभी तक किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र बंगाल की खाड़ी में 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। सुनामी को लेकर कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। अमेरिका के यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार भूकंप का केंद्र केंद्रशासित प्रदेश अंडमान निकोबार द्वीप समूह के परका गांव से 135 किमी दूर समुद्र तल से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। हालांकि, ये पहला मौका नहीं है जब बंगाल की खाड़ी में भूकंप के झटके महूसस किए गए हैं। इस साल अप्रैल महीने में भी यहां 4.2 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

### के सी त्यागी ने जदयू के प्रवक्ता के पद से दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** जनता दल (यूनाइटेड) जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता के सी त्यागी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। जदयू के महासचिव आफाक अहमद खान ने एक विज्ञप्ति में बताया कि श्री त्यागी ने निजी कारण से पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है। विज्ञप्ति के अनुसार जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री राजीव रंजन प्रसाद को राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया है। सूत्रों के अनुसार श्री त्यागी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राजनीतिक सलाहकार बने रहेंगे

### क्वार्टर फाइनल में हारीं मनदीप कौर और पलक कोहली

**पेरिस।** भारत के लिए पेरिस पैरालंपिक 2024 में रविवार चौथे दिन की शुरुआत अच्छी नहीं हुई है। भारतीय पैरा शटलर मनदीप कौर एवं पलक कोहली अपना-अपना क्वार्टर फाइनल मैच हार गई हैं। इसकी के साथ दोनों खिलाड़ियों का पेरिस पैरालंपिक में सफर समाप्त हो गया है। रविवार को मनदीप कौर महिला एकल एसएल3 वर्ग के क्वार्टरफाइनल मैच में नाइजीरिया की खिलाड़ी मरियम बोलाजी से हार गई। मैच में मनदीप शुरुआत से लय में नहीं दिखीं। नाइजीरिया की मरियम बोलाजी ने आसानी से पहला गेम 21-8 से अपने नाम किया। इसके बाद दूसरे गेम में भी मनदीप वापसी नहीं कर सकीं और नाइजीरियाई खिलाड़ी ने यह गेम भी 21-9 से जीत लिया। इस तरह नाइजीरियाई खिलाड़ी ने मनदीप को 21-8, 21-9 से सीधे सेटों में आसानी से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मनदीप के बाद पैरा शटलर पलक कोहली भी महिला एकल एसएल4 वर्ग के क्वार्टर फाइनल मैच में हार गईं।